Page 11



हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश




**टी20 वर्ल्ड विश्वकप 2024 : अमेरिका ने पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को हराया**

**सिकरी में मायावती की बढ़ रही मुश्किल, बसपा को तीन बूथों पर एक भी वोट नहीं**


शुक्ल पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शनिवार • 08 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 178 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73,750 | ₹96,000 |



## आज का इतिहास

- **1936 : भारत के सरकारी रेडियो नेटवर्क इंडियन स्टेट ब्रोडकास्टिंग्स सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो रखा गया।**
- **1948 : भारत की पहली विमान सेवा एयर इंडिया ने भारत और ब्रिटेन के बिच हवाई सेवा शुरू की।**

## न्यूज बाइट्स

### मानहानि केस में राहुल गांधी को बड़ी राहत, मिल गई जमानत

**नई दिल्ली (ए.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामला पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख अखबारों में कथित रूप से 'अपमानजनक' विज्ञापन जारी करने से संबंधित है। उस दौरान कांग्रेस ने सत्तारूढ़ बीजेपी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। अदालत ने एक जून को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार को इस मामले में जमानत दी थी।

### झारखंड के 4 अधिकारियों के खिलाफ होगी विभागीय कार्रवाई

**रांची (झारखंड) (नि.सं.)।** झारखंड सरकार के 2 सेवानिवृत्त अधिकारियों समेत 4 अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी। चंपाई सोरेन सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से यह जाकारी दी गई है। सीएमओ की ओर से बताया गया है कि सरकार ने राम प्रवेश कुमार, चंद्रशेखर सिंह, अवधेश कुमार पांडेय और डॉ अशोक कुमार पाठक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुमति सरकार ने दे दी है। इनमें 2 अधिकारी सेवा से रिटायर हो चुके हैं। सीएमओ के मुताबिक, झारखंड प्रशासनिक सेवा (चतुर्थ सीमित बैच) के तत्कालीन अंचल अधिकारी राम प्रवेश कुमार की एक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने के प्रस्ताव को राज्य सरकार ने मंजूर कर लिया है।

### मोदी ने आडवाणी और जोशी से मिलकर लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का सर्वसम्मित से नेता चुने जाने के बाद शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से मिलकर आशीर्वाद लिया। संसद भवन परिसर में स्थित संविधान सदन में हुई राजग की बैठक में श्री मोदी को गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुना गया था। राजग ने लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी जीत हासिल करने के बाद श्री मोदी को तीसरी बार गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुना है। श्री मोदी संविधान सदन से सीधे श्री आडवाणी के आवास के लिए रवाना हो गये। श्री मोदी ने श्री आडवाणी को पुष्पगुच्छ देकर उनका आशीर्वाद लिया और उनकी कुशलक्षेम पूछी। श्री आडवाणी के साथ उस समय उनकी पुत्री प्रतिभा आडवाणी भी थी।

---

एनडीए संसदीय दल की बैठक में नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कही, सीए ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार का भी होगा विकास

# एनडीए के नेता चुने गए नरेन्द्र मोदी, नीतीश-चंद्रबाबू ने किया समर्थन

» बीजेपी से नीतीश खुद करेंगे डील, जेडीयू संसदीय दल से सारे फैसलों के लिए सीएम नीतीश कुमार अधिकृत » नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का लिया नाम

- **9 जून को मोदी के शपथ ग्रहण की तैयारी**

**एजेंसी | नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की संसदीय दल का लगातार तीसरी बार नेता चुना गया। पुराने संसद (संविधान सदन) के सेंट्रल हॉल में सुबह 11 बजे शुरू हुई मीटिंग में एनडीए के 13 दलों के नेता शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे नया दायित्व देने के लिए आभार। मेरा एक ही लक्ष्य है- भारत माता और देश का विकास। बैठक में एनडीए के सभी 293 सांसद, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वागत भाषण दिया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। अमित शाह ने इसका समर्थन किया और नितिन गडकरी ने अनुमोदन किया। जेडीएस अध्यक्ष कुमारस्वामी ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

इसके बाद एनडीए के अहम घटक टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि हम सभी को बधाई देते हैं। मैंने चुनाव प्रचार के दौरान देखा है कि 3 महीने तक पीएम ने कभी आराम नहीं किया। उन्होंने उसी भावना के साथ शुरुआत की और उसी भावना के साथ खत्म किया। आंध्र में हमने 3 जनसभाएं और एक बड़ी रैली की और इसने चुनाव जीतने में बहुत बड़ा अंतर पैदा किया।

जेडीयू प्रमुख और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं मोदीजी के नाम का समर्थन करता हूं। मैं तो चाहता था कि वो आज ही शपथ लें। यह बहुत खुशी की बात है कि 10 साल से पीएम हैं, अब फिर पीएम होने जा रहे हैं। इन्होंने देश की सेवा की, जो कुछ भी बचा है, उसे अब पूरा कर देंगे। सूत्रों के मुताबिक, संसद के सेंट्रल हॉल में एनडीए की मीटिंग खत्म होने के बाद गठबंधन के नेता आज ही सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। मोदी 9 जून को शाम 6 बजे राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ ले सकते हैं। खबर है कि मोदी के साथ पूरा मंत्रिमंडल शपथ ले सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि, एनडीए ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। एनडीए में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं।

गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जेडीयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है। साथियों 2024 का जनादेश यह बता रहा है कि आज के वातावरण में देश को सिर्फ एनडीए पर ही भरोसा है। जब इतना बड़ा भरोसा है तो स्वाभाविक है कि उनकी अपेक्षाएं भी बढ़ेंगी। इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कोशिश करनी होगी।

मैंने पहले भी कहा है कि 10 वर्ष का काम तो ट्रेलर है। यह मेरा चुनावी वादा नहीं था, यह मेरा कमिटमेंट है। जनता चाहती है कि हम पहले से ज्यादा डिलीवर करें। हम अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ें। एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ लोगों के सपनों को रखो, तो मैं कहूंगा- न्यू इंडिया, डेवलप इंडिया, एस्पिरेशनल इंडिया। इन सबको पूरा करने के लिए हमारे पास रोडमैप है, उसके सामने कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए को देखिए। पहचान छिपाने के लिए उन्होंने नाम बदल दिया है, लेकिन देश उनके घोटालों को नहीं भूला है।

### नयी सरकार पहले से तेज गति से देश के विकास के लिए काम करेगी : नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल का नेता चुने जाने पर गठबंधन के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वह नए दायित्व को पूरा करेंगे और नयी सरकार पहले से तेज गति से देश के विकास के लिए काम करेगी। इस दौरान श्री मोदी ने 18वीं लोकसभा के चुनाव में राजग की सफलता को महासफलता करार दिया और राजग गठबंधन को अब तक का सबसे सफल गठबंधन बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने चुनाव के दौरान देश में लोगों को बांटने का प्रयास किया और मतदान खत्म होने और नतीजे आने के बाद निराधार बातें फैलाकर देश में आग लगाने का वातावरण बनाने का प्रयास दिया। उन्होंने जीत के बाद पिछले चार दिन के दौरान राजग के सदस्यों के आचरण की सराहना की और कहा कि हम जीत का पचाना जानते हैं। हमारे संस्कार में है कि हम हारे हुए का उपहास नहीं करते हैं। श्री मोदी ने इस जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत को देते हुए कहा कि पार्टी के लिए लाखों ने भीषण गर्मी के दौरान जिस तरह से दिन-रात काम किया और इसके लिए मैं उनको कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि राजग कोई सरकार बनाने या सरकार चलाने के लिए कुछ दलों का जमावड़ा नहीं है। इस दौरान उन्होंने एनडीए (राजग) की नयी परिभाषा दी और कहा कि एनडीए का मतलब न्यू इंडिया (नया भारत) डेवल्प इंडिया (विकसित भारत) और एस्पिरेशनल इंडिया (आकांक्षी भारत) है।

### जेडीयू संसदीय दल से सारे फैसलों के लिए सीएम अधिकृत



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने पीएम नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार में जदयू की भागीदारी और हिस्सेदारी समेत सारे फैसले लेने के लिए पार्टी के अध्यक्ष और बिहार के सीएम नीतीश कुमार को अधिकृत कर दिया है। लोकसभा चुनाव में 16 सीट लड़कर 12 सीट जीती जेडीयू ने मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए सरकार का समर्थन किया है। नीतीश की अध्यक्षता में पार्टी के संसदीय दल की शुक्रवार की सुबह दिल्ली में मीटिंग हुई जिसमें नीतीश को संसदीय दल का नेता चुनने के साथ-साथ बाकी फैसले करने का अधिकार सौंप दिया गया है। चर्चा है कि जेडीयू सरकार में दो कैबिनेट और दो राज्यमंत्री का पद मांग रही है लेकिन फॉर्मूला 4 सांसद पर एक मंत्री का बन रहा है। इस फॉर्मूले पर जेडीयू को 12 सांसदों के हिसाब से दो कैबिनेट और एक राज्यमंत्री या एक कैबिनेट और दो राज्यमंत्री का पद मिल सकता है। बिहार से भाजपा के भी 12 सांसद जीते हैं जो 17 सीट पर लड़ी थी। भाजपा बिहार से इस फॉर्मूले पर तीन मंत्री बना सकती है। हालांकि भाजपा बिहार से मंत्री बनाने में फॉर्मूला से बाहर भी जा सकती है क्योंकि अगले साल विधानसभा का चुनाव है। वैसे नीतीश कुमार चाहते हैं कि अगले छह महीने में ही बिहार में चुनाव करा लिया जाए जिससे एनडीए के पक्ष में बने माहौल का पूरा लाभ उठाया जा सके। वहीं नीतीश कुमार ने चुनाव परिणाम की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमलोगों को लगता है कि अगली बार जब आप आइएगा...इस बार तो इधर-उधर कुछ लोग जीत गया है पर अगली बार सब हारेगा। नीतीश कुमार की इस बात को सुनकर नरेंद्र मोदी ठहाका लगाकर हंसते दिखे। वहीं बैठक में उपस्थित अन्य सदस्य भी खूब हंसे और तालियां बजायीं। नीतीश कुमार ने कहा कि आप रविवार को शपथ ग्रहण करना चाहते हैं लेकिन हम तो कहते हैं कि आज ही आप शपथ लेकर काम शुरू कर दीजिए। जो इधर-उधर करना चाहता है उसका कोई लाभ नहीं है। आपके नेतृत्व में हमलोग आगे बढ़ेंगे और सबलोग इनके साथ चलेंगे। इनकी बातों को मानते हुए बढ़ेंगे।

---

## 18वां मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 15 से 21 जून तक किया जाएगा आयोजित

**एजेंसी | मुंबई**



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव प्रसारण श्री संजय जाजू ने आज (7 जून 2024) घोषणा की कि मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 18वां संस्करण मुंबई में 15 जून से 21 जून, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का आयोजन स्थल एफडी-एनएफडीसी कॉम्प्लेक्स, मुंबई होगा और एमआईएफएफ की स्क्रीनिंग दिल्ली (सिरीफोर्ट ऑडिटोरियम), चेन्नई (टैगोर फिल्म सेंटर), पुणे (एनएफएआई ऑडिटोरियम) और कोलकाता (एसआरएफटीआई ऑडिटोरियम) में भी होगी। इस मौके पर अपर सचिव सुश्री नीरजा शेखर, प्रधान महानिदेशक, पीआईबी सुश्री शेफाली बी. शरण और प्रबंध निदेशक, एनएफडीसी पृथुल कुमार भी उपस्थित थे। एमआईएफएफ दक्षिण एशिया में गैर-फीचर फिल्मों (वृत्तचित्र, लघु कथात्मक चित्र और एनिमेशन) के लिए सबसे पुराना और सबसे बड़ा फिल्म महोत्सव है। वर्ष 1990 में शुरू होने के बाद से वृत्तचित्र फिल्म जगत का एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है। यह एक द्विवार्षिक आयोजन है।

एमआईएफएफ दुनिया भर के वृत्तचित्र निर्माताओं से मिलने, विचारों का आदान-प्रदान करने, वृत्तचित्र, लघुचित्र और एनिमेशन फिल्मों के सह-निर्माण तथा विपणन की संभावनाओं का पता लगाने और फिल्म निर्माताओं के विश्व सिनेमा के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यह महोत्सव वृत्तचित्र, एनिमेशन और लघु फिल्मों के लिए संवाद करने व चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जिसका उद्देश्य कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना तथा फिल्म निर्माताओं और उपस्थित लोगों के लिए एक रचनात्मक प्रेरणा के रूप में काम करना है।

## कोर्ट ने 16 लोगों को आजीवन कारावास की सुनाई सजा

**कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के समदा इब्राहिमपुर गांव में 13 अगस्त 2020 को एक गंभीर घटना घटी। 65 वर्षीय वृद्ध जगदीश राम की हत्या कर दी गई थी। उन पर ओझा गुनी (जादू-टोना) करने का आरोप था, जिसके चलते गांव के लोगों ने एकत्रित होकर उन्हें टांगी और गड़ासे से मारकर उनकी हत्या कर दी थी। इस मामले में औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के एडीजे 2 संजय मिश्रा की कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और साथ ही उन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अगर अभियुक्त जुर्माना नहीं देते हैं, तो उन्हें छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि जगदीश राम की हत्या अंधविश्वास और जादू-टोने के आरोपों के चलते की गई थी। इस फैसले में न्यायालय ने कहा कि समाज में अंधविश्वास और हिंसा के खिलाफ सख्त कार्रवाई आवश्यक है, ताकि कानून और व्यवस्था बनी रहे और निर्दोष लोगों की जान की सुरक्षा हो सके। इस घटना और फैसले से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय न्यायपालिका अंधविश्वास और सामाजिक हिंसा के मामलों में कठोर रुख अपनाती है। यह फैसला न केवल दोषियों को सजा देने का एक कदम है, बल्कि समाज के लिए एक संदेश भी है कि किसी भी तरह के अंधविश्वास के आधार पर हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। इस मामले में पुलिस के अनुसार, कुटुंबा थाना क्षेत्र के सोनू राम की पत्नी पुष्पा देवी ने 13 अगस्त 2020 को कुटुंबा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसने इसमें गांव के 16 लोगों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उनके ससुर जगदीश राम की हत्या कर दी है। आरोप के अनुसार, ये लोग जगदीश राम को टांगी और गड़ासे से मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले की जांच की और उसके बाद दोषियों के खिलाफ केस दर्ज किया। जांच के परिणामस्वरूप, पुलिस ने सभी आरोपियों को दोषी माना और उनके खिलाफ कोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए 7 जून 2024 को फैसला सुनाया, जिसमें सभी आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला न केवल दोषियों को सजा देने का एक कदम है, बल्कि समाज को भी एक संदेश है कि ऐसे हिंसात्मक कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न्यायालय कठोर रूप से उनके खिलाफ कार्रवाई करेगा।

---

सीएम चंपाई सोरेन ने की समीक्षा, कहा

## गोड्डा, जामताड़ा व पाकुड़ में नई पुलिस लाइन का जल्द होगा उद्घाटन

**निज संवाददाता | रांची**



झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के भवन निर्माण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से स्वीकृत सभी थाना भवनों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने को कहा। उन्होंने सभी थानों के परिसरों में वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। राज्य के गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नई पुलिस लाइन बनकर तैयार है। इसका उद्घाटन जल्द किया जाएगा। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिन भवन निर्माण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत सभी थाना भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू करने और लंबित भवनों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी थानों के परिसर में वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण करने को भी कहा।

## कमल किशोर सोन ने ईएसआईसी के महानिदेशक का पदभार संभाला



**नयी दिल्ली (ए.)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी कमल किशोर सोन ने कर्मचारी बीमा राज्य निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक का पदभार संभाला है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि श्री सोन, झारखंड कैडर के 1998 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। वर्तमान में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, श्रम कल्याण के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने 31 मई को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार संभाला।

सूचना एवं प्रसारण सचिव और आयुष सचिव ने की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मीडिया सम्मान पुरस्कार किए जाएंगे प्रदान

**एजेंसी | नई दिल्ली**



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने आज यहां 21 जून को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के लिए मीडिया तथा लोक-संपर्क गतिविधियों की समीक्षा की। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयां योगाभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता के साथ-साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम आधारित गतिविधियों का आयोजन करने की तैयारी कर रही हैं। पत्र सूचना कार्यालय, प्रसार भारती, न्यू मीडिया विंग और अन्य सहित विभिन्न मीडिया इकाइयों द्वारा प्रमुख गतिविधियों की योजना बनाई गई है। लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती दूरदर्शन (डीडी)/ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। दूरदर्शन विशेष प्रत्यक्ष प्रातः कालीन कार्यक्रमों के साथ-साथ योग विशेषज्ञों के साथ कार्यक्रम/साक्षात्कार भी प्रसारित करेगा। आकाशवाणी आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन 'मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान' के सहयोग से योग को जीवन शैली के रूप में बढ़ावा देने तथा लोगों के समग्र स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम प्रसारित करेगा। आयुष मंत्रालय ने एक 'योग गीत' तैयार किया है, जिसे सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर साझा किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान (एवाईडीएमएस) के साथ निजी मीडिया संगठनों को प्रोत्साहित करने की पहल जारी रखेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने योग का संदेश प्रसारित करने के मद्देनजर प्रिंट, टीवी और रेडियो के मीडिया घरानों/कंपनियों के योगदान को मान्यता देने के लिए नौ जून, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान (एवाईडीएमएस) की स्थापना की थी। पुरस्कार श्रेणियों में 'अखबार में योग पर सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज', 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी) में योग पर सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज' और 'इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (रेडियो) में योग पर सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज' शामिल हैं। इस वर्ष के पुरस्कार, पिछले वर्ष के पुरस्कारों के साथ, समारोह के पूरा होने के बाद प्रदान किए जाएंगे।

---

बालू घाटों का सीसीटीवी कैमरा बंद रहने पर हुई कार्रवाई

## औरंगाबाद समेत 12 जिलों में 42 घाटों पर बालू खनन हुआ बंद

- **गया-जमुई में नौ-नौ, भोजपुर में छह और पटना के पांच घाट पर एक्शन**

**निज संवाददाता | पटना**



राज्य के भोजपुर जिला समेत 12 जिले के 42 बालू घाटों पर हो रहे अनियमितता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से बालू खनन बंद करने का निर्देश गुरुवार की दोपहर दिया गया है। राज्य मुख्यालय से हुई कार्रवाई के अनुसार इन सभी बालू घाटों पर पांच जून की दोपहर जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरा बंद पाया गया। इसकी जानकारी विभागीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद हुआ।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग के सचिव ने पटना, गया, भोजपुर, औरंगाबाद और सारण समेत 12 जिला में 42 घाटों पर तत्काल प्रभाव से ई चालान, सीसीटीवी कैमरा चालू होने तक बंद करने का निर्देश दिया गया है। जिन बालू घाटों पर कार्रवाई हुई है उनमें भोजपुर जिले के बालू घाट संख्या छह, 11, 16, 19, 23 एवं 37 है।

पटना जिले के बालू घाट संख्या एक, तीन, सात, दस एवं 13, गया जिले का सात, आठ, 19, 25, 27, 42, 11, 12 एवं 13, किशनगंज जिले का घाट संख्या एक और तीन घाट कलस्तर पांच के, लखीसराय का एक एवं आठ, जमुई का घाट संख्या एक, 13, दो, चार, आठ, तीन, 13 और एक है। इसके साथ ही नवादा में बालू घाट संख्या सात, अरवल, सहरसा, सारण, औरंगाबाद और बांका का एक एक घाट शमिल है। जिसका ई चालान तत्काल प्रभाव से काटना बंद कर दिया गया है। इन सभी को चेतावनी दी गई है कि जब तक सीसीटीवी कैमरा चालू नहीं होगा बालू खनन इन सभी घाटों पर बंद रहेगा। राज्य मुख्यालय से इसकी रिपोर्ट जिला के खनिज विकास पदाधिकारी से मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद दोबारा इन सभी बालू घाटों को चालू किया जाएगा। राज्य में पहली बार राज्य मुख्यालय से इस तरह की कार्रवाई होने के बाद लापरवाही करने वाले बालू घाट ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

सीईटी-बीएड के लिए इस साल आए रिकॉर्ड तोड़ आवेदन

## 25 जून को आयोजित होगी नामांकन परीक्षा पुरुषों से अधिक महिलाओं ने किया आवेदन

**निज संवाददाता | पटना**

दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए चार जून को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि समाप्त हुई। 25 जून को होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए रिकार्ड आवेदन आए। इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक 2,08,818 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए एक माह से अधिक का समय दिया गया था। इस दौरान 2,08,818 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन जमा किया। इनमें 1,04,881 महिला, 1,03,934 पुरुष एवं तीन अन्य शामिल हैं। वहीं शिक्षा शास्त्री के लिए 386 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इनमें से 129 महिला एवं 257 पुरुष शामिल हैं। सीईटी-बीएड के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता ने बताया कि कि सीईटी-बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए राज्य भर के 11 शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से प्रथम वरीयता के आधार पर परीक्षा केंद्रों के चयन के मामले में पटना शहर 61,580 अभ्यर्थियों की पहली पसंद है। इनमें 28,986 महिला, 32592 पुरुष के साथ दो अन्य शामिल हैं। वहीं मुजफ्फरपुर के परीक्षा केंद्रों के लिए 25,916 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किया है, इनमें 13,946 महिला एवं 11,970 पुरुष शामिल हैं। दरभंगा के परीक्षा केंद्रों के लिए 23,668 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, इनमें 12369 महिला, 11298 पुरुष के साथ एक अन्य शामिल हैं।

### 17 जून को एडमिट कार्ड होगा जारी

अभ्यर्थी 17 जून से अपना एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगइन कर डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर सुबह साढ़े आठ बजे पहुंच जाना है। इस दौरान किसी भी प्रकार की जानकारी, सहायता के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर संपर्क किया जा सकता है।

कैमूर के भगवानपुर से तीन लोग एक बाइक से जा रहे थे मुंडेश्वरी धाम

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत अन्य दो लोगों की हालत गंभीर



निज संवाददाता

**भगवानपुर (कैमूर)।** कैमूर के भगवानपुर थाना क्षेत्र के सरैया पुल के पास तेज रफ्तार बाइक ब्रेकर पर उछलते हुए सामने से आ रही ई-रिक्शा में टकरा गई। इससे बाइक पर सवार रहे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीण तीनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर लेकर आए। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए तीनों को सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया। भभुआ जाने के दौरान बीच रास्ते में एक युवक की मौत हो गई और घायल 2 युवकों में से एक की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सको ने बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतक कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के देऊरिया गांव के राजदेव सिंह का बेटा आदित्य राज्य बताया जा रहा है। वहीं, घायल उसी गांव के संजय राम के बेटे प्रेमचंद कुमार और भोला कुमार बताए जा रहे है। आदित्य राज की मौत हो गई है। वहीं, भोला कुमार को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। तीनों अपने बाइक पर सवार होकर मां मुंडेश्वरी धाम दर्शन पूजन के लिए जा रहे थे। भगवानपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के सरैया पुल के पास बाइक तेज रफ्तार में थी, जो ब्रेकर पर उछल कर सामने से आ रहे ई-रिक्शा में टकरा गई। इससे बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। इसमें एक युवक की मौत हो गई है। वहीं, दो लोग इलाजरत हैं। पूछताछ करने पर उन लोगों ने बताया कि वह मोहनिया थाना क्षेत्र के देऊरिया गांव से मां मुंडेश्वरी धाम दर्शन पूजन के लिए जा रहे थे।

## लॉरी और ट्रैक्टर की टक्कर से चालक की मौत, आरोपी चालक वाहन छोड़कर फरार

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के शिवसागर थाना क्षेत्र के घोरघट पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। बताते हैं कि बेकाबू लॉरी ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। मृतक की पहचान सुशील कुमार (27) पिता जगदीश पासवान, गांव गनेशपुर, थाना चेनारी के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंची चेनारी थाना की पुलिस ने शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना से गनेशपुर गांव में जगदीश पासवान के घर कोहराम मच गया, परिजन तुरंत सासाराम के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के लिए आए मृतक के परिजन ने विक्रमा पासवान ने बताया कि सुशील ट्रैक्टर चालक था। शुक्रवार की शुबह वह सासाराम से ईंट लेकर लौट रहा था। इस क्रम में वह जैसे ही शिवसागर थाना क्षेत्र के घोरघट पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, एक तेज रफ्तार लॉरी ने ट्रैक्टर में पीछे से धक्का मार दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शिवसागर थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना के बाद लॉरी चालक गाड़ी छोड़ भाग गया, लॉरी को जब्त कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बिक्रमगंज से गायब युवक का शव कोचस में मिला

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के कोचस थाना अंतर्गत NH-319 पर सड़क किनारे धर्मावती नदी के किनारे मिले शव की पहचान कर ली गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष विजय बैठा ने शुक्रवार को बताया कि मृतक की पहचान बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के हिसार गांव निवासी बबन यादव के बेटे अनिल कुमार यादव (35) के रूप में हुई है। बताया कि युवक की जेब से एक बस का टिकट मिला, जिस पर एक नंबर लिखा हुआ था। नंबर पर बात करने पर पता चला कि वह नंबर उसके घर का है।

परिजनों ने बताया कि दो दिन पूर्व वह घर से नाराज होकर निकल गया था और लौटा नहीं था। बताया कि परिजनों की सहमति से शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष विजय बैठा ने कहा कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है कि युवक किन परिस्थितियों में घर से निकला और बस की टिकट पर नंबर क्यों लिखा। बताया गया कि चिकित्सकों के अनुसार युवक की मौत लू से नहीं हुई है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम का सरकारी मोबाइल नंबर हैक क्लोनिंग के माध्यम से हुआ कॉल

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास डीएम का सरकारी मोबाइल नंबर को हैक करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर जिला गोपनीय शाखा ने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि जिला पदाधिकारी रोहतास के सरकारी मोबाइल नंबर 9473191221 को हैक किया गया है। आवेदन में जानकारी दी गई है कि 2 जून 2024 को संज्ञान में आया कि जिला पदाधिकारी,



रोहतास के सरकारी मोबाइल नंबर 9473191221 से मोबाइल नंबर 748858886 पर क्लोनिंग के माध्यम से अनाधिकृत व्यक्तियों ने कॉल किया है। मामले में तीन जून को आवेदन दिया गया है। जबकि, 5 जून को प्राथमिकी दर्ज की गई है। साइबर थाना की एसएचओ स्वीटी सिंह ने साइबर थाना केस नंबर 20, 24 दर्ज किया है। इसमें साइबर क्राइम की धारा 66 और 66 के साथ आईपीसी की धारा 419 में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में एसपी रोहतास विनीत कुमार ने बताया कि अभी हैकिंग है या क्लोनिंग है, यह कहा नहीं जा सकता है। यह तकनीकी मामला है। मामले को साइबर सेल के मुख्यालय को भेज दिया गया है। जल्द ही अपडेट किया जाएगा।

## शहर के क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत कराएगी नगर परिषद

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** नगर परिषद शहर के क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत कराएगी। इसके लिए उसने प्लान बनाया है। प्लान के अनुसार, कलेक्ट्रेट से लेकर कैमूर स्तंभ, कैमूर स्तंभ से एकता चौक, एकता चौक से पटेल चौक, जयप्रकाश चौक से नहर तक के डिवाइडर के क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत की जाएगी। डिवाइडर की मरम्मत करने के बाद उसके बीच में जगह-जगह पौधे भी रोपे जाएंगे। फिलहाल जगह-जगह डिवाइडर क्षतिग्रस्त होने से यह खतरनाक व अनाकर्षक बन गया है। नगर परिषद के अधिकारिक सूत्र बताते हैं कि डिवाइडर मरम्मत की योजना पहले तैयार कर ली गई थी। लेकिन, लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदश आचार संहिता की वजह से डिवाइडर की मरम्मत का काम रूका था। अब आचार संहिता हटी है, तो इसकी मरम्मत का काम नगर परिषद बहुत जल्द शुरू कराएगी। डिवाइडर के बीच में पहले से जगह-जगह रोपे गए पौधों में कुछ सूख गए हैं। इसकी जगह नए पौधे रोपे जाएंगे। इसमें कुछ फूलों के भी पौधे शामिल रहेंगे। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय ने बताया कि डिवाइडर की मरम्मत कराकर उसका रंग-रोगन कराया जाएगा। फिर उसमें पौधे रोपे जाएंगे। डिवाइडर के बीच में गाड़े गए खंभों में सतरंगी लाइट भी जलती है, जिससे इसका आकर्षण बढ़ जाता है। वाहनों के धक्का से डिवाइडर टूटे हैं। डिवाइडर की मरम्मत के बाद दुर्घटना की आशंका कम रहेगी। उन्होंने बताया कि डिवाइडर की मरम्मत की योजना बना ली गई है।

## कैमूर की सोननहर में सातवें दिन पहुंचा पानी

**रामपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** इंद्रपुरी बराज से छोड़ा गया पानी सोन उच्चस्तरीय नहर में सातवें दिन शुक्रवार को पहुंचा। नहर की ओर टकटकी लगाए किसान अब इसके पानी को अपने खेत में जमा कर धान का बिचड़ा डाल सकेंगे। साथ ही नहर के आसपास के इलाके का जलस्तर भी बढ़ जाएगा, जिससे बंद चापाकलों से पानी मिलना शुरू हो जाएगा। जो किसान धान का बिचडा डाल दिए हैं, वह उसकी सिंचाई कर लेंगे। जिन किसानों ने पानी के अभाव में बिचड़ा नहीं डाला है, अब वह यह काम कर लेंगे। नहर में पानी आने से किसानों की चिंता दूर होगी। बताया गया है कि सोन बराज से गत एक जून को पानी छोड़ा गया था। लेकिन, वहां से कैमूर में पहुंचने में एक सप्ताह का समय लग गया। सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता चितरंजन पांडेय ने बताया कि अभी सोन बराज से कैमूर के लिए करीब 550 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

## मैजिक वाहन लेकर भाग रहे पांच आरोपी को भभुआ पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर की भभुआ पुलिस ने 5 आरोपी को अरेस्ट किया है। प्रेसवार्ता कर भभुआ एसडीपीओ शिव शंकर कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सोनहन क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी जैशु बिंद का वाहन अपराधी लेकर भाग गए। आवेदन में बताया गया कि गाड़ी को भाड़े पर बूक कर गेहू ढोने के नाम पर मैजिक वाहन को पांच आरोपी भभुआ लेकर चले गए। वहीं, बीच रास्ते में ड्राइवर को मारपीट कर नीचे उतार दिया गया था। इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में भभुआ निवासी राजू अली, कैफ इद्रीशी, दिलशाद आलम, तंजीम आलम और चैनपुर थाना क्षेत्र के इशियां गांव निवासी शमीम अहमद शामिल है। इस मामले में पुलिस ने कानूनी




कार्रवाई करते हुए मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में इन्हें भेज दिया गया है। यहां दिन दहाड़े मैजिक भाड़ को बुक करके भभुआ से गेहूं लादने के नाम पर एक लड़का ले गया। बीच रास्ते में उसने पांच साथियों को बैठा लिया। गाड़ी जैसे ही बहुअन नहर के पास पहुंची पांचों लड़कों ने चालक के साथ मार पीट की और गाड़ी से उतार दिया। गाड़ी लेकर भागने लगे। यहां तत्परता दिखाते हुए पीछे से आ रहे बाइक सवार को रुकवा कर इसकी सूचना सोनहन पुलिस को दी गई। नदी पुल पर पहुंचने के बाद बहुअन पुल के पास मैजिक वाहन को लेकर भाग रहे 5 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस कागजी कार्रवाई करते हुए सभी को जेल भेज रही है । गिरफ्तार सभी आरोपी कैमूर जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

## रोहतास के अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में अलग-अलग दुर्घटनाओं में शुक्रवार को आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बेदा नहर के पास ऑटो पलटने से सवार तीन घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सासाराम जीटी रोड पर बेदा नहर के पास की बताई गई है। घायल व्यक्ति सुम्भा गांव के बताए गए हैं। जख्मी कामेश्वर कुमार ने बताया कि ऑटो में सवार होकर 11 लोग काम करने के लिए जा रहे थे, तभी एक अन्य वाहन को बचाने के दौरान अंनियंत्रित ऑटो पलट गया। इसमें तीन गंभीर घायलों को सदर अस्पताल सासाराम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जबकि, सासाराम आरा पथ पर बैजला के समीप हिरण के हमले से 2 बाइक सवार दो युवक



घायल हो गए। घटना में घायल बाइक सवार अगरेर थाना क्षेत्र के कोठरा गांव के दिनेश प्रजापति और महेंद्र प्रजापति बताए गए हैं। घटना के संबंध में घायल दिनेश प्रजापति ने बताया कि बाइक सवार होकर दोनों लोग जा रहे थे। सेमरा स्कूल व बैजला के बीच सड़क पर हिरण बाइक से टकरा गई। इससे बाइक अंनियंत्रित होकर गिर पड़ा और सवार दोनों लोग घायल हो गए। दोनों घायलों का सदर अस्पताल सासाराम में इलाज जारी है। मौके पर परिजन पहुंचे हैं। वहीं, रोहतास जिले के गोडारी में सड़क पार करने के दौरान ऑटो की टक्कर हो गई, इससे एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति काराकाट गोडारी गांव के तपेश्वर सिंह बताया गया। घायल की बहू ने बताया कि उसके ससुर को गोडारी में ऑटो ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम में लाया गया है। यहां घायल का इलाज जारी है।

## कृषि विभाग ने कैमूर में 1700 हेक्टेयर में कराई ढैचा की खेती

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** इस वर्ष कृषि विभाग ने कैमूर में 1700 हेक्टेयर में ढैचा की खेती कराया है। इसके लिए राज्य मुख्यालय से 310 क्विंटल ढैचा का बीज प्राप्त हुआ था। खेतों की मिट्टी में पोषक तत्व बढ़ाने के लिए कृषि विभाग किसानों को ढैचा की खेती करने के लिए प्रेरित लगातार प्रेरित करते रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी रेवती रमण ने बताया कि एक क्विंटल बीज से पांच हेक्टेयर भूमि में ढैचा की खेती की जा सकती है। बीज प्राप्त करने के लिए कोई भी किसान समय से विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उर्वरता एवं उत्पादकता बढ़ाने में हरी खाद का प्रयोग अति प्राचीन काल से होते आ रहा है। बताते हैं कि सघन कृषि पद्धति के विकास तथा नकदी फसलों का क्षेत्रफल बढ़ने के कारण कैमूर में जैविक खाद के प्रयोग में कमी आई है। लेकिन, बढ़ते ऊर्जा संकट, उर्वरकों के मूल्यों में वृद्धि तथा गोबर की खाद जैसे अन्य कार्बनिक स्त्रोतों की सीमित आपूर्ति से हरी खाद का महत्व बढ़ गया है। इसी महत्व को किसानों को समझाने के लिए कृषि विभाग अक्सर अभियान चलाता है। विभाग के किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक के अलावा कृषि वैज्ञानिक किसानों को बताते हैं कि ढैचा की खेती का कितना महत्व है। ढैचा की खेती भूमि में पोषक तत्त्वों को बढ़ाने तथा उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति में कितना सहायक हैं और इससे क्या फायदे होते हैं। किस तरह की फसल को उसके हरी स्थिति में ही हल चलाकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अमीत कुमार बताते हैं कि ढैचा की खेती के लिए बीज की बुआई मई के अंतिम सप्ताह से जून के प्रथम सप्ताह में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि धान रोपाई से पहले ढैचा को पलटने से खरपतवार नष्ट हो जाते हैं। यह जल्दी विकसित होने वाली फसल होती है। बुआई से 40 से 45 दिन के बाद इसको खेत में पलट देते हैं।

## पूर्वोत्तर रेलवे के कुसम्ही-सरदारनगर-चैरीचैरा स्टेशनों के मध्य एन.आई. कार्य के मद्देनजर गाड़ियों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर कैंट-भटनी रेलखंड के कुसम्ही-सरदारनगर-चैरीचैरा स्टेशनों के मध्य ऑटोमैटिक सिगनलिंग के कमीशनिंग हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार अस्थायी बदलाव किया गया है। परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें। 1. दिनांक 09.06.24 को दरभंगा से खुलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल परिवर्तित मार्ग सिवान-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी। 2. दिनांक 09.06.24 एवं 10.06.24 को नई दिल्ली से खुलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन स्पेषल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। 3. दिनांक 09.06.24 को नई दिल्ली से खुलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। 4. दिनांक 10.06.24 को जयनगर से खुलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सिवान-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी। 5. दिनांक 09.06.24 को लखनऊ से खुलने वाली 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। 6. दिनांक 09.06.24 को डिब्रूगढ़ से खुलने वाली गाड़ी संख्या 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सिवान-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी। 7. दिनांक 09.06.24 को लालगढ़ से खुलने वाली गाड़ी संख्या 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध आसाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट- कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। 8. दिनांक 10.06.24 को सहरसा से खुलने वाली 12203 सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सिवान-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी। 9. दिनांक 10.06.24 को नई दिल्ली से खुलने वाली 12566 नई दिल्ली-दरभंगा बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। 10. दिनांक 10.06.24 को आनंद विहार से खुलने वाली 04028 आनंद विहार-सहरसा स्पेषल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। 11. दिनांक 09.06.24 को ग्वालियर से खुलने वाली 04137 ग्वालियर-बरौनी स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। 12. दिनांक 10.06.24 को बरौनी से खुलने वाली गाड़ी संख्या 04061 बरौनी-दिल्ली स्पेषल परिवर्तित मार्ग सिवान-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी। 13. दिनांक 10.06.24 को बरौनी से खुलने वाली गाड़ी संख्या 04138 बरौनी-ग्वालियर स्पेषल परिवर्तित मार्ग सिवान-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलायी जायेगी। 14. दिनांक 08.06.24 को दिल्ली से खुलने वाली गाड़ी संख्या 04062 दिल्ली-बरौनी स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। 15. दिनांक 08.06.24 को मुंबई सेंट्रल से खुलने वाली गाड़ी संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेषल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैंट-कप्तानगंज-सिवान के रास्ते चलायी जायेगी। आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलायी जाने वाली ट्रेनें-दिनांक 08.06.24 को सियालदह से खुलने वाली गाड़ी संख्या 03131 सियालदह-गोरखपुर स्पेषल का आंषिक समापन सिवान में किया जायेगा तथा दिनांक 09.06.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 03132 गोरखपुर-सियालदह स्पेषल का आंषिक प्रारंभ सिवान से ही किया जायेगा।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर लोहरा का युवक घायल

**रामपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** रामपुर। बहेरी गांव के पास अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सोनू कुमार रोहतास जिला के चेनारी थाना क्षेत्र के लोहरा गांव निवासी सोमरू बिंद का पुत्र है। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि सोनू अपने गांव से बाइक पर सवार होकर ननिहाल अहिरांव गांव के लिए जा रहा था। इसी दौरान बहेरी गांव के पास सड़क पर गिरे बालू पर उसकी बाइक का चक्का फिसल गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और वह घायल हो गया।

## जिले के 07 बालू घाटों पर खनन किया गया बंद सीसीटीवी बंद पाए जाने के बाद की गई कार्रवाई

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के बालू घाटों पर सीसीटीवी को बंद कर धड़ल्ले से अवैध खनन का कार्य किया जा रहा था। इसकी पुष्टि खुद विभाग ने जांच के बाद की है। कई बालूघाटों पर लगाए गए सीसीटीवी को बंद पाया गया। जिसके बाद 07 घाटों पर खनन का कार्य बंद करने का आदेश दिया गया है। पहली बार राज्य मुख्यालय से इस तरह की कार्रवाई होने के बाद लापरवाही करने वाले बालू घाट ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। राज्य मुख्यालय से हुई कार्रवाई के अनुसार इन सभी बालू घाटों पर पांच जून की दोपहर जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरा बंद पाया गया। इसकी जानकारी विभागीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग के सचिव ने 07 बालू घाटों पर तत्काल प्रभाव से ई चालान, सीसीटीवी कैमरा चालू होने तक बंद करने का निर्देश दिया है।

**कैमरा चालू होने तक नहीं कटेगा ई-चालान**

जिसका ई चालान तत्काल प्रभाव से काटना बंद कर दिया गया है। इन सभी को चेतावनी दी गई है कि जब तक सीसीटीवी कैमरा चालू नहीं होगा बालू खनन इन सभी घाटों पर बंद रहेगा। राज्य मुख्यालय से इसकी रिपोर्ट जिला खनिज विकास पदाधिकारी से मांगी गई। रिपोर्ट मिलने के बाद दोबारा इन सभी बालू घाटों को चालू किया जाएगा।

## सहकारी समितियां गलत प्रारूप मतदाता सूची समर्पित करने पर संबंधित समितियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब सरकार, राज्य निर्वाचन प्राधिकार व प्रशासन पैक्स सहकारी समितियों के निर्वाचन की तैयारी में जुट गया है। राज्य निर्वाचन प्राधिकार के सचिव पुरुषोतम पासवान ने संबंधित विभाग को पैक्स सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची की तैयारी एवं प्रधिकार को समय पर निर्वाचन प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है। सचिव द्वारा जारी पत्र में सहकारी समितियों द्वारा गलत प्रारूप मतदाता सूची समर्पित करने पर संबंधित समितियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया है। पत्र में इस यह लिखा गया है कि प्रारूप मतदाता सूची समिति की प्रबंधकारिणी द्वारा ही तैयार की जाएगी। यदि प्रबंधकारिणी द्वारा जान-बूझकर गलत कूटरचित प्रारूप मतदाता सूची संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रमंडीलय आयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां निबंधक, सहयोग समितियां दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक एवं दुग्ध संघ को उपलब्ध कराई जाती है और उक्त संबंधित पदाधिकारी को अभिलेखों के आधार पर जांच में प्रारूप मतदाता सूची में संशोधन की जरुरत पड़ी तो संबंधित पदाधिकारी द्वारा सहकारिता अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत प्रबंध समिति के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।

### अल्पसंख्यक बालक छात्रावास में करायें दाखिला

**नवादा (नि. सं.)।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, नवादा विवेक कुमार केसरी ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ हेतु नवादा जिला में अल्पसंख्यक बालक छात्रावास संचालित है। अल्पसंख्यक छात्रावास योजना के तहत नगर के भदौनी, रसूल नगर में अल्पसंख्यक छात्रों के आवासन हेतु छात्रावास संचालित है। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के 60 छात्रों को आवासन की सुविधा है।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा 'दस्तक' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया वृक्षारोपण

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली की 'दस्तक' योजना के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज दिनांक 07.06.2024 को यादव कॉलोनी/दीघा, पटना में रहने वाली कमजोर वर्ग की महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सेनिटरी पैड का वितरण किया गया। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा द्वारा महिलाओं को सेनिटरी पैड के उपयोग एवं स्वच्छता की महत्ता के बारे में जरूरी जानकारी दी गयी।

ज्ञातव्य हो कि केन्द्रीय महिला कल्याण संगठन, रेलवे बोर्ड द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उदेश्य से 'दस्तक' योजना बनायी गयी है, जो कि काफी लोकप्रिय है। इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में संगठन की सदस्याओं द्वारा आज पाटलिपुत्र रेल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। संगठन की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा ने हरियाली के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। यह कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर अगस्त महीने तक पूरे पूर्व मध्य रेल में चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो सके। उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सचिव श्रीमती मीनाक्षी कुमार एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं।





# जनता दरबार में हुआ कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन

- जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी तरह के समस्याओं का निष्पादन होता है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी से बात कर अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया जाता है।



निज संवाददाता

**नवादा।** जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सी.एच. द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन हुआ। आज की जनता दरबार में कुल 54 आवेदन आया जिसमें कई मामलों का जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी से बात कर ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत, नल-जल, भूमि विवाद, मार-पीट, राजस्व एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में थाना-धमौल, ग्राम-ढ़ोढ़ा के सावो देवी, थाना-नेमदारगंज, अंचल-अकबरपुर, ग्राम-फरहा के अनुज प्रसाद, थाना-सिरदला, ग्राम-धिरौंध टोला के व्यास प्रसाद, प्रखंड-काशीचक, ग्राम-भवानी विगहा के सुशीला देवी, वार्ड नं0-35, भदौनी हाट पर के बबलू कुमार, प्रखंड-काशीचक, ग्राम-भवानी विगहा के कुन्ती देवी, थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-माफी के मिन्टु कुमार, थाना-रोह, ग्राम-भंडाजोर के रामजी चौहान आदि के द्वारा अपना-अपना आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष दिया गया। जिलाधिकारी ने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया तथा अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिये। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी तरह के समस्याओं का निष्पादन होता है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी से बात कर अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया जाता है। निष्पादन संबंधी प्रतिवेदन मुख्यालय में भेजने का निर्देश दिया जाता है ताकि सभी समस्याओं का हल ससमय हो। जनता दरबार में श्री संजय कुमार जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, श्री राजीव कुमार गोपनीय प्रभारी, श्री राजकुमार सिंहा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ व बीपीआरओ ने किया स्थल निरीक्षण



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के अंधरवारी पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं का स्थल निरीक्षण बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार ने किया। लोकसभा चुनाव के समाप्ति के बाद ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को तेज गति से लाने को लेकर जिला से लेकर प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारियों द्वारा जोर लगाया जा रहा है। चुनाव के कारण बहुत सारे शुरू होने वाले नए कार्य स्थगित हो गए थे।वहीं चुनाव के बाद कार्यों में तेजी लाने को लेकर पदाधिकारियों द्वारा योजनाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि अंधरवारी पंचायत में पंचायत समिति मद से 5 योजनाएं एवं ग्राम पंचायत की 7 योजनाएं क्रियान्वित है। योजनाओं का भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। इस दौरान अंधरवारी में निर्माणाधीन छठ घाट में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी क्रियान्वित योजनाओं को शुरू करने से पहले योजना बोर्ड लगाने को भी निर्देशित किया गया है। इस दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों से मिलकर हो रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी भी ली। वहीं ग्रामीणों ने भी पदाधिकारियों को विकास कार्य के ठीक होने की बात कही है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के विकास के कार्यों में अनियमितता बरते जाने पर वे पदाधिकारियों को सूचित करेंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की हुई बैठक



- आवश्यक कार्रवाई करें एवं नवादा जिले के बाहर एवं पंचायत से लेकर सूदूरवर्ती इलाकों में इसका प्रचार-प्रसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया से करायें ताकि लोग जागरूक होकर इसका लाभ उठा सके।

निज संवाददाता

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों के अधिक से अधिक निष्पादन के संबंध में जिला सूचना एवं जनसपंर्क पदाधिकारी नवादा से विचार विमर्श किया गया। कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बैठक में उपस्थित जिला सूचना एवं जनसपंर्क पदाधिकारी, नवादा को आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई करें एवं नवादा जिले के बाहर एवं पंचायत से लेकर सूदूरवर्ती इलाकों में इसका प्रचार-प्रसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया से करायें ताकि लोग जागरूक होकर इसका लाभ उठा सके साथ ही सुलहनीय योग्य अपराधिक वादों के निष्पादन हेतु प्रचार-प्रसार के संबंध में बाहर के प्रजातंत्र चौक एवं सिविल कोर्ट के मुख्य द्वार पर डिजीटल डिस्पले (संलग्न अनुसूची के अनुसार) एवं फलैक्स बैनर लगवाने की व्यवस्था की जाए। जिले के अन्य प्रखंड स्तर पर प्रचार प्रसार करवाना सुनिश्चित करें, ताकि दिनांक 13.07.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अतिरिक्त संजय कुमार जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, नवादा तथा स्थायी लोक अदालत नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

## बीडीओ ने 8 पंचायतों के मुखिया, सचिव एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री के नेतृत्व में 8 ग्राम पंचायतों के मुखिया, सचिव एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान बीपीआरओ राजन कुमार, रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव, हरदिया पंचायत के मुखिया पिन्टू साव, अमावां पश्चिमी पंचायत के मुखिया उपेन्द्र प्रसाद, लेंगुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय राजवंशी व चितरकोली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज यादव एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक चन्दन कुमार मौजूद रहे। बीडीओ ने कहा कि प्रखण्ड में ठोस एवं गिला कचरा प्रबंधन कार्य चल रहे 8 ग्राम पंचायतों के मुखिया, सचिव एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर कचरा उठाव, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं माहवारी राशि वसूलने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने कहा कि सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र से दो-दो हजार रुपये वसूलने हेतु एक सप्ताह का समय दिया गया है। साथ ही बताया कि कुछ ग्राम पंचायतों जैसे बहादुरपुर पंचायत में स्वच्छताकर्मियों के मानदेय नहीं मिलने के कारण कचरा उठाव बन्द है। स्वच्छता कर्मियों द्वारा इसकी सूचना दी गई थी।स्वच्छताकर्मियों को कार्य शुरू करने को निर्देशित किया गया है एवं अविलंब मानदेय भुगतान का निर्देश दिया गया है। बैठक में चितरकोली मुखिया प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डब्लूपीओ के लिए अंचलाधिकारी द्वारा आवंटित जमीन पर लगभग चार फीट ऊंचा निर्माण कार्य कराया गया था। किंतु उक्त निर्माण कार्य को वन विभाग द्वारा रोक लगा दिया गया है। जिसके कारण डब्लूपीओ हेतु दूसरे एनओसी की आवश्यकता है। वहीं पर्यवेक्षकों ने कहा कि गांव के कुछ लोग कचरा उठाव हेतु राशि नहीं देते हैं और दूसरे लोगों को भी राशि नहीं देने को प्रेरित करते हैं। बीडीओ ने कहा कि आगामी सोमवार से पंचायतों के सभी वार्डों में वार्ड सदस्यों के साथ गांव जाकर बैठक कर लोगों को राशि देने हेतु प्रेरित किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि गांव के हर घर से 30 रुपये प्रति माह एवं दुकानों से 60 रुपये प्रति माह राशि वसूलने के निर्देश है। साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि गांव में शादी-विवाह, मुंडन, छठियारी आदि कार्यक्रमों को लेकर लोगों से सम्पर्क स्थापित कर साफ-सफाई हेतु कचरा के अनुसार राशि वसूलना सुनिश्चित करेंगे। वहीं खराब पड़े कचरा उठाने वाले ई-रिक्शे एवं अन्य वाहनों की मरम्मती को लेकर मुखिया एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं।

## उत्पाद विभाग की टीम ने विभिन्न वाहनों से किया 22 शराबियों को गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 22 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ लिया। प्रखण्ड क्षेत्र समेत आसपास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उसके बावजूद शराब के शौकीन लोग शराब पीकर सफर करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उत्पाद विभाग के अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक पिन्टू कुमार के द्वारा किया जा रहा है। गुरुवार की रात्रि से लेकर शुक्रवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 22 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार शुक्रवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया।जहां शराबियों से जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ दिया गया।

## व्यवहार न्यायालय, पलामू, (डालटनगंज)

### सूचना

आदेशानुसार व्यवहार न्यायालय, पलामू, (डालटनगंज) में साफ–सफाई हेतु दो स्वीपर /सफाईकर्मी की सेवा बाह्य स्रोत से Reputed Outsourcing Empanelled Agency जो पलामू जिला के लिए Empanelled हो, के माध्यम से लिया जाना है। इस कार्य के लिए इच्छुक एजेन्सी दिनांक 18.06.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक Quotation के साथ अपना आवेदन निबंधक, व्यवहार न्यायालय, पलामू, डालटनगंज के कार्यालय में जमा करें। उपरोक्त आवेदन निश्चित तिथि तक निबंधक, व्यवहार न्यायालय, पलामू के ई–मेल आई0डी0– aregi.palamaujudgeship@gmail.com पर भी भेजा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर पलामू में स्थित निबंधक कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान सम्पर्क कर सकते है।

निबंधक,
व्यवहार न्यायालय, पलामू, डालटनगंज।

PR.NO.325305 District(24-25):D

## कार्यालय: जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

### किसानों के लिए आवश्यक सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–12 दिनांक–17.05.2024 वित्तीय वर्ष 2024–25 में किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला में निम्नांकित रूप से राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन हेतू अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक–25.06.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे०/इकाई/संख्या में)

| क्र० | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य (हे०/ईकाई) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Dragon Fruit (Kamalam) - Integrated package with drip irrigation and trellis (in ha) | 3 |
| 2 | Dragon Fruit (Kamalam)- Without integration (in ha) | 1 |
| 3 | Strawberry (Int. package with drip irrigation & mulching) (in ha) | 5 |
| 4 | Strawberry - Without integration (in ha) | 1 |
| 5 | Banana TC (Int package with drip irrigation) (in ha) | 5 |
| 6 | Banana TC - Without integration (in ha) | 1 |
| 7 | Papaya (Int. package with drip irrigation) (in ha) | 5 |
| 8 | Papaya -without integration (in ha) | 1 |
| 9 | Mango (10x10m) (Rs.25,500/ha) | 30 |
| 10 | Lime (4x4.5) (Rs.54,980/ha) | 8 |
| 11 | Sapota (Rs.45400/ha) | 5 |
| 12 | Guava (6mx6m) (Rs.38340/ha) | 10 |
| 13 | Pomegranate (5.0m × 5.0m) | 5 |
| 14 | Aonla (Rs.40008/ha) | 2 |
| 15 | Bael (Rs.48400/ha) | 2 |
| 16 | Litchi (Rs.28000/ha) | 2 |
| 17 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/ha) | 1 |
| 18 | Vegetable Hybrid (Rs. 50,000/ha) | 60 |
| 19 | Cut Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 1.00 lakh/ha) | 15 |
| 20 | Bulbulous Flowers - Small & marginal farmers (Rs.1.50 lakh/ha) | 15 |
| 21 | Loose Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 40,000/ha) | 20 |
| 22 | Spices (Seed spice and Rhizomatic spices (Rs.30,000/ha) | 30 |
| 23 | Creation of Water resource-Community tanks/on farm pond/on farm water reservoirs with use of plastic/RCC lining (in Nos) | 0.515 |
| 24 | Creation of Water resource-Water harvesting system for individuals-for storage of water (in Nos) | 5 |
| 25 | Green House. N.V.S Tubular structure (in Sqm) | 1000 |
| 26 | Plastic Mulching (in Sqm) | 100 |
| 27 | Shadenet (Tubular structure) (in Sqm) | 5000 |
| 28 | Anti Bird/ Anti Hail Nets (in Sqm) | 15000 |
| 29 | Cost of planting material of high value vegetables grown in poly house/shadenet house (in Sqm) | 2000 |
| 30 | Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera undeer poly house/shadenet house. (in Sqm) | 2000 |
| 31 | Cost of planting material & cultivation of rose and lilum under poly house/shadenet house (in Sqm) | 2000 |
| 32 | Organic Farming- Vermi compost Units/organic input production - HDPE Vermibed | 30 |
| 33 | Pack house/ on farm collection & storage unit (in Nos) | 15 |
| 34 | PHM- Eveporative/low energy cool chamber (8MT) (in Nos) | 2 |
| 35 | PHM-Low cost onion storage structure (25MT) (in Nos) | 6 |
| 36 | Training of farmers- Within the State (in Nos) | 350 |
| 37 | Training of farmers- Outside the state (in Nos) | 50 |
| 38 | Exposure visit of farmers- Outside the state (in Nos) | 50 |
| 39 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ platform with cool chamber (in Nos) | 2 |

नोट :–
1. जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा लाभुकों/कृषकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा।
3. अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक/महिला/दिव्यांग/लघु एवं सीमांत कृषक को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
4. जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
5. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लातेहार

PR 325329 Agriculture (24-25)_D

## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

### लॉटरी पद्धति द्वारा दुकान आवंटन हेतु आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रथम फेज में गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत चौधराना बाजार निर्मित 18 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से **''आम सूचना के कंडिका 05 सब्जी बाजार, चौधराना बाजार की आवंटन की प्रक्रिया सर्वप्रथम विस्थापित दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर''**, के बीच आवंटन की प्रक्रिया उपायुक्त महोदय, गढ़वा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 18.06.2024 को समय 12:00 बजे अपराहन् से नगर परिशद कार्यालय में आयोजन किया जाना है।

**नोट–**
1. सर्वप्रथम चौधराना बाजार में पूर्व से विस्थापित दुकानदारों के बीच लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया की जायेगी।
2. वाद–विवाद कि स्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया रद्द किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 325358Urban Development(24-25)#D

## पूर्व मध्य रेल

### अधिसूचना

**सं०: काम / एटीवीएम/डी.डी.यू / आर.एस. एवं जी. पी./24 डी०डी०यू, दिनांक 05.06.2024**

रेल प्रशासन पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अन्तर्गत निम्नलिखित स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) के लिए सुविधाकर्ताओं की नियुक्ति के लिए बन्द लिफाफे में सामान्य स्थानीय जिले के निवासी एवं सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों तथा उनके पत्नी/वयस्क बच्चा से आवेदन आमंत्रित किये जाते है। स्टेशन का ब्यौरा निम्न है:–

**क्र० सं०, 01. गया, 02. डेहरी ऑन सोन, 03. सासाराम, 04. भभुआ रोड, 05. अनुग्रह नारायण रोड**

ए.टी.वी.एम की नियुक्ति हेतु आवश्यक ब्यौरा नीचे दिये गये है:–

**1. मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय में आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय:** दिनांक 06.06.2024 से 20.06.2024 के मध्य 11.00 बजे से 17.00 बजे तक कार्य दिवस मे स्वयं या कोरियर या निबंधित डाक द्वारा आवेदन दिनांक 20.06.2024 को 17.00 बजे तक पहुच जाना चाहिए। दिनांक 20.06.2024 को 17.00 के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें तथा दिनांक 20.06.2024 को 17.30 बजे खोले जायेगें।, **2. वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड पर लगाए जाने का स्थान:** **www.ecr.indianrailways.gov.in** एवं वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय के सूचना बोर्ड पर।

उपरोक्त आवेदन की विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्ते वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**टिप्पणी:–** इस अधिसूचना के आलोक में प्राप्त सभी अथवा किसी भी आवेदन/अधिसूचना को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

**मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू**

पीआर/00429/डी०डी०यू०/सीओएमएल/एन/24–25/44

## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

### निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01 वर्ष 2024–25

### D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 14.06.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 14.06.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान:–15.06.2024 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत महुआडांड में रा0 मध्य विद्यालय रामपुर में चाहरदिवारी निर्माण। | 11,21,300.00 | 22500.00 | 2500.00 | 03 ekg |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभिंयता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो संबंधित प्रखण्ड से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR.NO.325394 Rural Development(24-25):D

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अनुसंधानक ने दी कोर्ट में गवाही

**गया।** छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अनुसंधानक ने कोर्ट में गवाही दी । पॉक्सो कोर्ट के विशेष जज असिताभ कुमार की अदालत में अनुसंधानक रवि रंजन कुमारी ने अभियुक्त के खिलाफ गवाही दी । गवाह का परीक्षण पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक कैसर सरफुद्दीन ने कराया । इस मामले में आरोपी शिव शंकर यादव एवं धर्मेंद्र कुमार ट्रायल का सामना कर रहा है । दोनों आरोपी दो साल से अधिक से जेल में बंद हैं । शिव शंकर यादव पीड़िता का चाचा बताया जाता है । जबकि एक आरोपी दुखन का ट्रायल जुबेनाइल कोर्ट में चल रहा है । घटना 24 फरवरी 2022 रात्रि की है । अभियुक्त के खिलाफ पीड़िता को रात्रि में घर से ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का आरोप है । पीड़िता के पिता के बयान पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी । घटना के दूसरे दिन ही रविरंजना ने तत्परता दिखाते हुए साक्ष्य के आधार पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था । वह कोर्ट को बताई कि पीड़िता का बयान मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मजिस्ट्रेट द्वारा लिया गया था । घटना के दिन पटना से आई एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल का जांच कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए थे । रवि रंजना ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने 22 जप्त प्रदर्श को पटना एफएसएल जांच के लिए भेजा था । उसने अभियुक्त एवं पीड़िता का कपड़ा भी जप्त कर पटना जांच के लिए भेजा था । जप्त किए गए कपड़े का जप्ती सूची भी बनाया था जिसे प्रदर्श अंकित किया गया । मामला चंदौती थाना कांड संख्या 69/22 से संबंधित है ।

### हीट वेव के कारण कम आए मजदूर नाला-नालियों की सफाई में हुई देरी

**गया।** नगर-आयुक्त अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को गया नगर-निगम द्वारा कराए जा रहे नाला/नालियों की सफाई की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि अधिकतर वार्डों में नाला/नालियों की सफाई लगभग 90 प्रतिशत हो चुकी है। बचा हुआ कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग सभी बड़े नालों की सफाई करा ली गई है। मशीन से भी दो शिफ्टों में काम कराया जा रहा है। बैठक में नोडल पदाधिकारी सफाई के साथ-साथ सभी सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई जोनल प्रभारी व संबंधित लोग उपस्थिति रहे। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हीट वेव चलने के कारण सफाई मजदूर कम संख्या में पहुंच रहे थे। ऐसे में नाला/ नाली की सफाई में थोड़ी देरी हुई। अब कार्य तेजी से चल रहा है। संभावना है कि तीन-चार दिनों में कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। ऐसे निर्देश दिया गया कि कि पांच दिनों के अंदर नाला/नाली की सफाई पूरी कर लें। बताया गया कि वार्ड पार्षदों के द्वारा नाला-नालियों की जो नई सूची दी गई थी, बोर्ड की बैठक में उसी के अनुसार कार्य करने का निर्णय लिया गया था और उसी के अनुसार हुआ भी।

### इशिका ने प्रथम प्रयास में पास की एमबीबीएस की परीक्षा



**बांकेबाजार।** प्रखंड के रौशनगंज निवासी क्षेत्र के खेल प्रमोटर तरुण कुमार एवं वंदना की पुत्री इशिका ने नीट-2024 की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की है। इशिका ने 720 में 663 अंक (99.17 फीसदी) प्राप्त कर सफलता अर्जित करते हुए क्षेत्र, माता-पिता एवं गया जिला का नाम रोशन किया है। इशिका प्रारंभ से ही काफी मेधावी छात्रा रही है। इशिका ने 10वीं की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से डीपीएस हैदराबाद से तथा 12वीं की परीक्षा तेलंगाना बोर्ड से प्रथम श्रेणी से पास की थी। इशिका का नामांकन देश के प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेज में हो जाएगा। इशिका ने अपनी सफलता का सारा श्रेय माता-पिता, स्कूल के शिक्षकों एवं अपनी मेहनत तथा लगन को दी है।

### केक काटकर मनाया नव निर्वाचित सांसद अभय और राजद नेता अलेक्जेंडर खां का जन्मदिन



**बांकेबाजार।** प्रखंड के खैरा गांव स्थित राजद नेता अलेक्जेंडर खां के आवास पर अपना 62वां एवं औरंगाबाद के नवनिर्वाचित सांसद अभय कुशवाहा के 52वां जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया। इस अवसर पर श्री कुशवाहा ने वीडियो कॉल के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपलोगों की मेहनत से 71 वर्षों से औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र पर एक ही पक्ष के कब्जा को हटाया गया है। मौके पर दिलीप पासवान, कमलेश चंद्रवंशी, तारिक खां, विनय कुमार, जय किशोर प्रसाद, संतोष कुमार, पप्पी खां, बिंदेश्वरी , निजाम मियां, शहरेयार खान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शौच के लिए घर से निकला कक्षा दो का छात्र लापता

**फतेहपुर।** भेटौरा पंचायत के तेतरिया गांव से राकेश सिंह का 10 वर्षीय पुत्र व कक्षा दो का छात्र नयन कुमार चार दिन से लापता है। घर से शौच के लिए निकलने के बाद वह लौटकर घर नहीं आया। पुत्र के नहीं मिलने से मां का रो-रोकर मां बुरा हाल हो गया है। चार दिन से खोजबीन में जुटे परिजनों में अनहोनी की आशंका व्याप्त होने लगी है। नयन के लापता होने की थाना में मामला दर्ज कराई गई है। पुलिस नयन की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। बताया गया है कि नयन सोमवार को सुबह छह बजे सुबह



में घर से बोतल में पानी लेकर शौच के लिए निकला था। शौच के बाद घर नहीं लौटने पर परिजन परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। परिजन चार दिन सभी रिश्तेदारों के यहां पता लगाए। लेकिन उसका नहीं पता नहीं चला। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि नयन के चाचा रंजीत कुमार ने भतीजा के लापता होने को लेकर थाना में आवेदन दिया है। नयन का पता लगाया जा रहा है। उसका फोटो और मैसेज पोटल पर भी लोडकर भेज दिया गया है। पुलिस नयन को ढूंढने में लगी है।

# वट सावित्री की पूजा के बाद विवाहिता की मौत

## ससुर ने फोन पर कहा- बेटी की हत्या कर रहे, पिता ससुराल पहुंचे तो पुत्री की मिली लाश

निज संवाददाता। नालंदा

वट सावित्री की पूजा वाले दिन सुहागिन की ससुराल में संदिग्ध मौत हो गई। ससुराल वाले फरार हैं। मायके वाले आएं तो देखा कि महिला की लाश पड़ी। शरीर पर चोट के निशान हैं। मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता के अनुसार ससुर ने फोन पर कहा कि तुम्हीरा बेटी की हत्या कर रहे हैं आओ। जब मायके वाले पहुंचे तो महिला की मौत हो चुकी थी। मृतका की पहचान घरम सिंह गांव निवासी सुजीत कुमार की 22 वर्षीय पत्नी गीता कुमारी के रूप में हुई है। गुरुवार रात शव को पोस्टमॉर्टम के लिए परिजन बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत धरम सिंह बीघा गांव की है।



**शाम में पिता से महिला की बात हुई थी:** गीता कुमारी के पिता जहानाबाद जिला के काको थाना क्षेत्र के भेलू बिगहा निवासी श्याम देव यादव ने बताया कि गुरुवार की शाम बेटी ने फोन किया था। उसने कहा था कि ससुराल वाले मेरी हत्या की प्लानिंग कर रहे हैं। बातचीत के दौरान मेरी बेटी से उसके ससुर केदार यादव ने मोबाइल ले लिया और कहा इसकी हत्या कर रहे हैं। मुझे लगा कि बेटी की हत्या कर दी जाएगी। मैं आनन-फानन में बेटी के ससुराल पहुंचा। घर से सभी सदस्य फरार थे और मेरी बेटी की लाश पड़ी। शरीर जगह-जगह चोट के निशान मिले। ससुराल वाले 5 लाख रुपए की डिमांड कर रहे थे। बेटी ने वट सावित्री की पूजा भी की थी।

**मृतका के ससुर होमगार्ड के जवान हैं:** दरअसल 1 साल पहले गीता कुमारी की शादी नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र के धरम सिंह बिगहा निवासी केदार यादव के पुत्र सुजीत कुमार से हुई थी। उस वक्त भी सारा सामान दिया गया था। परिवार वालों का आरोप है की हत्या के बाद ससुराल वालों महिला के गहने ले लिए। गीता कुमारी का पति सुजीत कुमार खेती-बाड़ी का काम करता है। जबकि सुजीत कुमार के पिता होमगार्ड के जवान हैं।

**पुलिस मामले की जांच कर रही है:** रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल ससुराल वाले घर छोड़ फरार हैं। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है।

# कोर्ट से हाजिरी देकर लौट रहे व्यक्ति को मारी गोली



♦ दिनदहाड़े 2 राउंड फायरिंग के बाद सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, घायल इलाजरत

निज संवाददाता। गया

गया में कोर्ट से हाजिरी देकर घर को लौट रहे व्यक्ति को अपराधियों ने गोली मार दी। उसे दो गोलियां है। घायल शख्स को मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल एक गोली डॉक्टरों ने निकाल दी है जबकि दूसरी फंसी है। घायल की पहचान परवेज के रूप में हुई है। वह शाहमीर तकया के रहने वाला है। परवेज का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उसकी आज कोर्ट में तारीख थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एसपी सिटी प्रेरणा कुमार ने बताया कि एसएसपी ने एसआईटी गठित कर दी है। अस्पताल में परवेज के मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में पहुंच चुके हैं। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के बिसार तालाब के पास की है।

**एक गोली निकाल दी गई है:** परवेज के भाई मुजाहिद मासूम ने बताया कि छोटे भाई की कोर्ट में तारीख थी। वह कोर्ट में हाजिरी देकर स्कूटी से घर को लौट रहा था। रास्ते में बिसार तालाब के पास अज्ञात अपराधियों ने उसे गोली मार दी। परवेज को दो गोली लगी है। एक बांह में और दूसरी पंजड़े के पास लगी है। बांह वाली गोली निकाल दी गई है जबकि दूसरी गोली फंसी है।

# मोदी को पीएम पद की नहीं लेनी चाहिए शपथ

निज संवाददाता। गया

औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र से चुने गए सांसद अभय कुशवाहा (राजद) ने कहा कि नैतिकता के आधार पर नरेंद्र मोदी को इस बार प्रधानमंत्री पद की शपथ नहीं लेनी चाहिए। अब घटक दलों की ओर से मोल तोल किया जाएगा। मोदी के कार्यालय में पूंजीपतियों को ही लाभ हो रहा था। अब इस बार घटक दलों की पूंजी में इजाफा होगा। 400 पार का नारा दे रहे थे 300 पार भी नहीं किए। यह बातें अभय कुशवाहा ने गया के कुजापि स्थित अपने आवास पर कही। इस मौके पर उन्होंने एनडीए, भाजपा पर तंज भी कसा। कहा कि भाजपा को जनता ने सिरे से नकार दिया है। अब यदि एनडीए की सरकार बनती है तो खूब तोल मोल होगा। अब उनकी मनमानी नहीं चलेगी।



**संसद भवन में आत्मदाह करना पड़े तो वो भी करेंगे:** कुशवाहा ने कहा कि उत्तरी कोयल नहर में पानी लाने के लिए हमें संसद भवन में आत्मदाह करना पड़े तो वो भी करेंगे। औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या सिंचाई है। अपनी जीत को लेकर जनता को आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता संसदीय क्षेत्र की सिंचाई की समस्या दूर करना है। औरंगाबाद के लोगों की दशकों से पुरानी मांग है। नॉर्थ कोयल नहर को चालू करवाना। इस पर वर्षों से राजनीति होते चली आ रही है। जो लोग इस मुद्दे पर वोट मांगकर जीतते चले आ रहे थे, वे मुद्दे भूलकर सिर्फ सत्ता सुख में ही लिप्त थे। बार बार इस मुद्दे की आड़ में औरंगाबाद की जनता को गुमराह किया जा रहा था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

# 35 घरों से निकलने वाले पानी की जगह को बंद करने को लेकर थाने में की शिकायत

निज संवाददाता। गया

बोधगया नगर परिषद बोधगया के वार्ड नंबर 32 के हथियार गांव में रहने वाले जनता घर से निकलने वाली पानी की निकासी के जगह को बंद करने के बाद से परेशान है। ग्रामीणों ने इस सम्बन्ध में नगर परिषद कार्यालय व बोधगया थाने मे आवेदन देकर नाली की समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया था। ग्रामीणों का अनुरोध मानते हुए बोधगया थाना पुलिस गुरुवार को स्थल निरीक्षण किया। इसकी जानकारी देते हुए शिकायतकर्ता राजेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि हथियार, में राजकुमार प्रसाद कुशवाहा के घर से रौशन शर्मा के नए मकान होते हुए रोड पार तक नाली निकला है। जो करीब 100 वर्ष पूर्व से बह रही है। जिसमे करीब 35 घरों का पानी निकल कर कुछ लोगो के निजी जमीन में गिरता था। लेकिन आज के समय में सभी लोग बिना हमलोगों को सूचित किये हुए अचानक अपने अपने जमीन का घेराबंदी कर लिए है। जिस कारण उस नाली को जगह नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण राजेश विश्वकर्मा एवं शिव बचन विश्वकर्मा के घर से पास गली में गंदे पानी से काफी जल जमाव, बदबू और कीचड़ फैलकर



घर के आँगन तक पहुंच गया है। जिससे घरों में रहना और निकलना बहुत मुश्किल हो गया है और गंभीर बिमारी फैलने का डर सता रहा है। हमलोगों ने अपने स्तर से बहुत लोगों से विनती किया की कम से कम बरसात समाप्त होने तक पानी बहने से ना रोके लेकिन हर कोई एक दूसरे पर आरोप लगाकर हमलोग के बात को अनसुना कर रहा है। यही स्थिति अगर बरसात में रहा तो हमलोग को बहुत परेशानी में पड़ सकते है। राजेश ने बताया कि हमलोग किसी भी व्यक्ति से कोई वाद विवाद नही चाहते है। स्थानीय प्रशासन से अनुरोध है कि वो स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप कर इस समस्या का कोई तत्काल स्थाई समाधान निकाले। नई सूची की महत्वपूर्ण नालियों में अतिरिक्त मजदूर लगाएं नोडल पदाधिकारी सफाई एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि नई सूची में जो महत्वपूर्ण नालियां है, वहां अतिरिक्त मजदूर देकर शीघ्र पूरी सफाई कराई जाए। वार्ड के सफाई जमादार एवं सफाई जोनल प्रभारी को भी निर्देश दिया गया कि चार से पांच दिनों सफाई कार्य पूरा कर लें, अन्यथा कार्रवाई होगी। वार्ड सं 52 के पार्षद ने नाला सफाई के संवेदक के खिलाफ शिकायत की थी। इसके आलोक में संवेदक को नोटिस करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही मुख्य सफाई निरीक्षक को स्थल जांच करने को कहा गया। सभी कनीय अभियंता को फिर से निर्देश दिया गया कि टूटे हुए नाली स्लैब पर लाल कपड़े से मार्किंग किया जाए और अविलंब स्लैब की मरम्मति भी कराई जाए। इसके साथ ही सभी सफाई पर्यवेक्षक को पुनः सख्त निर्देश दिया गया कि नाली से निकले गाद को हटवाएं। मानपुर क्षेत्र में नाले की गाद समय से नहीं उठाए जाने की शिकायत आ रही थी। ऐसे में जोनल सफाई प्रभारी एवं मुख्य सफाई निरीक्षक को गाद समय से उठवाने को कहा गया।

# केवीके में प्रशिक्षुओं को दिया जा रहा ट्रेनिंग

## कृषि विज्ञान केंद्र में महिलाओं ने सीखा टमाटर का सॉस और आम का स्कवैश बनाना

निज संवाददाता। नालंदा

कृषि विज्ञान केंद्र नालंदा में 3 से 7 जून तक प्रसंस्करण और मूलवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें जिले के बेन, हरनौत और नालंदा प्रखंड के 22 प्रतिभागी शामिल हैं। केंद्र में ट्रेनिंग दे रहीं गृह वैज्ञानिक डॉ ज्योति सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण के चौथे दिन आम का स्क्वैश और टमाटर का सॉस बनाने की प्रायोगिक विधि बताया गया। उन्होंने आम के स्क्वैश के बारे में बताया कि सबसे पहले हमे आम के स्क्वैश के लिए आम, पानी, नमक, चीनी, नींबू आदि सामग्री प्रबंध कर लेना चाहिए। वहीं टमाटर के सॉस के लिए टमाटर, मिर्च, काला नमक, चीनी, सौंठ, सिरका आदि सामग्री



की आवश्यकता होती है। उन्होंने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं और पुरुषों को टमाटर का सॉस और आम का स्क्वैश बनाकर बताया। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से मौसमी फल और सब्जियों को रक्षित कर हम उसका इस्तेमाल सालों भर कर सकते हैं। अपने खाद्य में विभिन्नता ला सकते हैं।

इतना ही नहीं इन पदार्थों को हम आसानी से देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों में निर्यात कर सकते हैं। वहीं, केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ.सीमा कुमारी ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि फल संरक्षण में रोजगार की भारी संभावनाएं हैं, जो कम पढ़े लिखे ग्रामीण युवा हैं। वह इसे एक आमदनी का साधन बना सकते हैं। मौके पर मृदुला देवी, महेश प्रसाद, उषा देवी, सविता देवी, प्रेमलता देवी, पूनम कुमारी, ऊषा देवी, जीतो कुमार आदि प्रशिक्षुएं मौजूद रहे।

# नालंदा के युवक ने बेंगलुरु में किया सुसाइड

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के रहने वाले लड़के ने गुरुवार को बेंगलुरु में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। लड़के की शादी सिर्फ 3 महीने पहले हुई थी। मृतक नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र के मिरदाहाचक गांव निवासी धनंजय पासवान का बेटा विशाल कुमार(18) है। वह माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजन सतीश कुमार उर्फ बड़े पासवान ने बताया कि नई नवेली दुल्हन को छोड़कर परिवार के भरण-पोषण के लिए लड़का बेंगलुरु काम करने गया था। वहां हेलमेट कंपनी में काम कर रहा था। गुरुवार को अपने कमरे में उसने फांसी लगा ली। लंच के समय उसके बहनोई देखने गए तो देखा कि वह



फंदे से झूल रहा था। उसने कंपनी के अधिकारियों और परिजनों को घटना की सूचना दी। मौत की खबर जैसे ही घरवालों को मिली परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल युवक ने आत्महत्या किस वजह से की है इसका खुलासा नहीं हो सका है। वहीं, परिजन जिला प्रशासन से शव को गांव लाने की मांग कर रहें है।

# नालंदा में बाजार जा रही किशोरी के साथ दुष्कर्म

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक किशोरी के साथ अपहरण कर बलात्कार का मामला सामने आया है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। इस मामले में पीड़िता के भाई द्वारा दीपनगर थाना में भूषण पांडे के बेटे शिवम पांडे और 4 अन्य युवक के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़िता के भाई ने कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। इसमें उसने बताया है कि 31 मई के दिन 3 बजे उसकी बहन बाजार से सामान लाने जा रही थी। तभी फोरलेन पर शिवम पांडे और अन्य 4 युवकों ने मिलकर उसकी बहन का अपहरण कर लिया।

फोर व्हीलर पर बैठाकर कहीं अन्य जगह लेकर चला गया। जब उन लोगों ने पारिवारिक दबाव बनाया तो उसकी बहन को बदमाशों ने 2 दिन बाद गांव आने वाले रास्ते पर छोड़ दिया। जैसे ही उसकी बहन ने उसे देखा तो वह रोने लगी और बताई की दो दिनों तक उसके साथ जोर जबरदस्ती किया गया और आज उसे रास्ते में लाकर छोड़ दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 5 जून को आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है।

# संदेहास्पद स्थिति में होमगार्ड जवान की मौत, एक माह से सीने में था दर्द, चल रहा था इलाज

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में होमगार्ड जवान की संदेहास्पद स्थिति में शुक्रवार को मौत हो गई। मामला सरमेरा थाना क्षेत्र के केनारकला गांव का है। मृतक की पहचान केनार कला गांव निवासी स्व. बालदेव प्रसाद के 59 वर्षीय पुत्र अलखदेव पासवान के रूप में की गई है। अलखदेव पासवान के पुत्र सुजीत कुमार ने बताया कि वह होमगार्ड ऑफिस में होमगार्ड के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। घर आने के बाद सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। पिछले 1 महीने से सीने में दर्द का इलाज आईजीआईएमएस पटना में चल रहा था। डॉक्टर ने हार्ट अटैक के लक्षण बताए थे। अलखदेव पासवान की नौकरी महज आब 1 साल ही बची थी ।



**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा:** मामले में सरमेरा थाना अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

♦ रिटायरमेंट के 1 साल ही बचे थे

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

## संक्षिप्त समाचार

### डेंगू का प्रसार रोकने को स्वास्थ्य विभाग करेगा जागरूक

**आरा।** बरसात से पहले डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग सजग हो गया है।डेंगू से बचाव, रोक-थाम व जागरूकता के लिए गुरुवार को स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने सदर अस्पताल में बैठक की। बैठक में कहा गया कि डेंगू के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा। जिसके तहत ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों और किसान गोष्ठियों में लाभुकों और किसानों को डेंगू के लक्षणों की पहचान, जांच, इलाज और बचाव की जानकारी दी जाएगी। एसीएमओ सह वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ केएन सिन्हा ने कहा कि डेंगू के रोकथाम के प्रति जन-जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार से प्रचार-प्रसार गतिविधियों की योजना बनाकर कैंपेन मोड में संचालित करना सुनिश्चित किया जाएगा। पिछले साल जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई थी, इसलिए स्वास्थ्य विभाग को डेंगू के प्रति सतर्क रहना होगा। जागरुकता और बचाव के लिए नगर निकाय, नगर निगम, नगर पंचायत नगर परिषद व ग्राम पंचायत के अधिकारियों को भी सम्मिलित किया जाएगा। डेंगू के मच्छर एवं लार्वा के नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर डेंगू के प्रसार को प्रभावी तरह से नियंत्रित किया जाएगा। एसीएमओ ने कहा कि स्कूली बच्चों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए भी विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। ताकि, डेंगू के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो सके।

### ट्रक ने टेंपो में मारी ठोकर पिता और पुत्री घायल

**आरा।** बेहरा गांव के पास अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो में ठोकर मार दिया। जिससे टेंपो पर सवार पिता और पुत्री घायल हो गए। घायल चांदी थाना क्षेत्र के रुप चकिया गांव निवासी मंटू यादव उम्र 40 वर्ष पिता भगवान यादव और उनकी पुत्री सुमित्रा कुमारी उम्र 5 वर्ष है। घायल मंटू यादव ने बताया की मैं मतवनिया चकिया से टेंपो चला कर अपने घर रूप चकिया जा रहे थे। ओवर ब्रिज बेहरा के पास ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिसमें मैं और पुत्री घायल हो गए। दोनों को इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### प्रशिक्षण संस्थान में मना विश्व पर्यावरण दिवस

**आरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिरौटा में विश्व पर्यावरण दिवस मना। सभी प्रशिक्षुओं ने मिलकर डायट के प्रांगण में 22 पौधरोपण किया। डायट के प्राचार्य के साथ-साथ डायट के सभी व्याख्याता डॉ.श्रवण कुमार, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार शर्मा, स्मिता कुमारी, राधा कुमारी, रेखा कुमारी एवं दिव्या कुमारी सहित सभी उपस्थित थे। प्राचार्य ने सभी प्रशिक्षुओं को पर्यावरण संरक्षण के रूप में अपने विद्यालयों, संस्थान एवं घर पर भी एक-एक पौधा लगाने को प्रेरित किया। उन्होंने आज के वर्तमान में स्थिति को सभी के समक्ष रखते हुए कहा कि अभी जो हमारे यहाँ तापमान है वह 47- 48 डिग्री सेल्सियस के आस-पास पहुँच गया है l यदि हम प्रकृति का दोहन करेंगे तो यह 50 डिग्री के ऊपर भी चला जाएगा। इससे मानव जन की भी हानि भी हो सकती है। इसलिए हम सब जो कि इस समुदाय के नेतृत्वकर्ता है हम सब को विशेष रूप से शिक्षकों को यह संकल्प लेना होगा कि हम सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम का संयोजक ह्युमाना पीपल टू पीपल इण्डिया के विनीत कुमारी सिंह एवं डॉ. हर्षवर्धन ने किया।

### आचार संहिता के बाद कार्यों में आएगी तेजी

**बक्सर।** जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आदर्श आचार्य संहिता खत्म होने को है। अब सरकारी कार्यों की गति तेज होने की संभावना प्रबल हो गई है। लोकसभा चुनाव के आचार संहिता की वजह से शहर में नगर परिषद की कई विकास योजनाएं लटकी हुई हैं। वहीं जिले में ग्रामीण इलाकों की सड़कों, पंचायतों के कार्य नाली, गली निर्माण समेत हर घर नल जल योजना के तहत बंद पड़े नलों का मरम्मतीकरण में तेजी आने की संभावना है। वहीं द्वितीय फेज में लगने वाले जिले के पंचायतों में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत सोलर लाइट लगाने का कार्य शुरू होने की संभावना है। चुनाव परिणाम आ जाने के बाद जल्द हीं आदर्श आचार संहिता हट जाएगा। इसके साथ हीं विकास योजनाएं शुरू होंगी। इसके अलावा जलजमाव की समस्या को खत्म करने की भी योजना शुरू होगी। वहीं अमृत भारत स्टेशन के तहत जिले में शुरू हुए कार्यों को भी गति मिलने की संभावना है।

### पेड़ों की कटाई से जलवायु परिवर्तन और हीट -वेव की स्थिति उत्पन्न होने लगी है



**आरा।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विश्व पर्यावरण संस्था के अध्यक्ष दीपक कुमार अकेला के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। वीर कुंवर सिंह पार्क में आम, पीपल, नीम, गुलमोहर व जामुन के कई फलदार पौधे लगाए गए। कहा कि पेड़ों की कटाई से जलवायु परिवर्तन और हिट-वेव की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। बलराम कुमार, शंभू नाथ प्रसाद, कृष्णनेंदु, हकीम प्रसाद, धीरज कुमार स्वर्णकार, प्रभात रंजन सिन्हा, यशोदा देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है गीता

**बक्सर।** जेठ माह की अमावस्या एवं वट सावित्री पूजा के अवसर पर पार्वती निवास के परिसर में श्रीमद्धागवत गीता कथा का आयोजन किया गया। श्री राधा गोविंद मंदिर के तत्वाधान में प्रभु मनोहर दास जी ने श्रीमद्धागवत गीता का श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि महाभारत के समय, महाभारत के अपने पारिवारिक शत्रु कौरवों के साथ लड़ने आये पांडवों में जब अर्जुन ने यह कहा कि हे श्री कृष्ण, मैं देखना चाहता हूं कि युद्ध में कौन_कौन लड़ने आये हैं। हम उन्हें देखना चाहते हैं। अर्जुन की बातों सुनकर श्री कृष्ण भगवान अर्जुन को लेकर कौरवों और पांडवों के पक्ष के वीरों के बीच में ले जाकर रथ को खड़ा कर दिये। वहां पर समस्त रिश्तेदारों को देखकर अर्जुन को मोह उत्पन्न हो जाता है। इसी मोह को दूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण जी ने श्रीमद्धागवत गीता जी का उपदेश अठारह अध्याय में सुनाकर अर्जुन का मोहभंग किये। तब जाकर अर्जुन युद्ध करने के लिए तैयार हुए।

### बक्सर में जनता जनार्दन की हुई है जीतः शगुन सिंह

**बक्सर।** राजद नेत्री शगुन सिंह ने कहा कि बक्सर की जनता ने इंडिया एलायंस पर विश्वास जताया है। बीते दस वर्षों से यहां पर एनडीए के सांसद थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में बक्सर लोकसभा क्षेत्र में कुछ भी विकास नहीं किया। उद्घाटन और शिलान्यास का ढोंग कर यहां की जनता को धोखा देते रहे। उन्होंने बक्सर में भ्रमण के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि बक्सर में इंडिया एलायंस के राजद प्रत्याशी की जीत जनता जनार्दन की जीत है। यहां की जनता ने दस वर्षों की सत्ता को हरा कर बेरोजगारी, महंगाई, दवाई, किसान, पढ़ाई एवं सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देने वाली पार्टी इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी सुधाकर सिंह को जीत का सेहरा बांधा है।

# 4 चुनाव कर्मियों की मौत का 15 लाख मिलेगा अनुदान

## संसदीय क्षेत्र से हटी धारा 144, 29-31 मई के बीच गई थी जानें

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर लोकसभा का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद शुक्रवार को डीएम ने प्रेस वार्ता कर शांति पूर्ण चुनाव के सफल होने पर सभी का आभार जताते हुए अपनी तैयारियों के बारे में जानकारी दी।साथ ही दुख जताते हुए कहा कि चुनाव के दौरान हमारे सहयोगी चार चुनाव कर्मियों की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। उनके परिवार से लगातार प्रशासन संपर्क में हैं। हर संभव मदद पीड़ित परिवार को करने का प्रयास किया जा रहा है। चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार बक्सर संसदीय क्षेत्र से धारा 144 हटा दिया गया है। डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन विभाग पटना के अनुसार लोक सभा निर्वाचन में तैनात मृत चारों चुनाव कर्मियों को 15 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान के रूप समय से दिया जायेगा।

बता दें कि चुनाव के दौरान 29 मई को हवलदार मोन बहादुर क्षेत्री फ्लैग मार्च डयूटी के बाद अचानक तबीयत खराब हुई, जिन्हें थाना के सहयोग से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवानगर इलाज के लिए ले जाया गया। उनकी स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल में रेफर किया गया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मृत्यु हो गयी। 30 मई को शिक्षक नरेन्द्र सिंह की अचानक तबीयत बिगड़ी और अस्पताल पहुंचने के साथ ही मौत हो गई। वो नवाडेरा के निवासी थी। प्राथमिक विद्यालय बनहेजी डेरा, डुमरांव में शिक्षक थे। तीसरी मौत प्रवीण कुमार तिवारी, कार्यालय परिचारी की हुई है। उनकी तबीयत भी राजपुर डिस्पैच सेंटर पर अचानक तबीयत खराब हुई, उनकी मौत पटना में इलाज के दौरान हुआ है। वहीं, चौथी मौत सत्येन्द्र कुमार ठाकुर, गृह रक्षक की 31 मई को डुमरांव डिस्पैच सेंटर पर अचानक तबीयत खराब होने से हुई, डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचते ही मौत हो गई। साथ ही डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि खुशी की बात यह है कि इस बार शांतिपूर्ण मतदान के साथ बक्सर का मतदान प्रतिशत बढ़ा है। पिछली चुनाव के अपेक्षा एक लाख अधिक लोगों ने मतदान किया। सबसे खास बात रही कि इस बार पुरुषों से अधिक महिला मतदाता की संख्या रही है। यह सब संभव बक्सर वासियों और मीडियावालों के सहयोग के कारण हुआ है।

# महिला ने दवा समझकर खाया कीटनाशक, मौत



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र रामापुर गांव में गुरुवार को कीटनाशक का सेवन करने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी मुन्ना यादव की 30 वर्षीय पत्नी बबीता देवी है। मृतक के भाई गोलू कुमार ने बताया कि उसकी बहन की दिमागी हालत कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। जिसका इलाज भी कराया जा रहा था। इसी दौरान खेत में छिड़काव वाला कीटनाशक खा लिया। उसे लगा कि वो उसकी दवा है। उसकी हालत काफी बिगड़ गई। परिजन ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान इमरजेंसी वार्ड में उसने गुरुवार की देर शाम दम तोड़ दिया।

**2005 में हुई थी शादीः** सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका की शादी 2005 में हुई थी। मृतका अपने चार भाई और तीन बहन में तीसरे स्थान पर थी। उसे 2 बेटियां वर्षा, सुरुचि और एक बेटा कृष्णा है। मृतका का पति आरा में मवेशी खरीद-बिक्री का काम करता है।

# जिले में गिरे एक दर्जन पेड़, दो घंटे बिजली आपूर्ति बाधित

निज संवाददाता। आरा



जिले में गुरुवार को आई आंधी ने 10 मिंट में ही कई जगह तबाही मचा दिया। गुरुवार को की सुबह अचानक आसमान में काले बादल छा गए और हवा तेज बहने लगी। देखते-ही देखते तेज हवा आंधी का रूप ले लिया। घरो के छतों पर लगे टीन के शेड उड़ने लगे. कच्चे मकानों व दुकानों के आगे लगाए गए टीन, तिरपाल व चीमकी घास-फूस की तरह उड़ने लगे। पेड़ की टहनियां जोर-जोर से हिलने लगी। धूल से धुंध की तरह हो गया। हल्की बूंदा-बांदी भी हुई। इस दौरान आरा-बड़हरा रोड में भकुरा के समीप, शहर के शिक्षा विभाग के समीप समेत जिले में करीब एक दर्जन पेड़ गिरने की भी सुचना है, करीब दो दर्जन से ऊपर पेड़ की टहनियां भी टूटकर गिरी। पेड़ की टहनियां व पेड़ बिजली के तारों पर गिरने से कई बिजली के पोल व तार को भी नुकसान पहुंचा है। हालाकि तेज हवा की शुरआत होते ही बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बंद कर दिया था, नहीं तो बडी अनहोनी भी हो सकती थी। सड़कों का आवागमन भी ठहरा काले बादल के साथ आये आंधी ने कुछ देर में ही पेड़ गिरने समेत कई चीजों को नुकसान पहुंचाया है। आंधी के दौरान सड़कों पर आवागमन भी पूरी तरह थम गया था। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार 10 मिनट की तेज हवा व आंधी ने से बिजली कम्पनी के दर्जनों पोल व इंसुलेटर को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसकी वजह से कई इलाकों की करीब दो घंटे बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी। हालाकि बिजली कम्पनी से जुड़े मानव बल ने तत्परता दिखाते हुए पोल, इंसुलेटर और तारों को जल्द ही दुरुस्त कर बिजली सप्लाई बहाल कर दी गई। हालांकि आंधी में पेड़ गिरने व पोल के क्षतिग्रस्त होने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आरा डिविजन में 12 सेक्शन है। एक में 8 मानव बल काम करते हैं।

# घेराबंदी करने गई पुलिस पर चलाई गोलियां, 45 मिनट मुठभेड़, दोनों तरफ से 18 राउंड फायरिंग

## गोली खत्म होने पर बदमाश गिरफ्तार, 1.83 लाख रुपए लूटे थे

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में शुक्रवार को पुलिस और अपराधी के बीच करीब 45 मिनट तक मुठभेड़ चली। इस दौरान अपराधी ने 10 और पुलिस ने 8 राउंड फायरिंग की। जब अपराधी की गोली खत्म हो गई तो पुलिस ने उसे ईंट से मारकर जख्मी किया, फिर गिरफ्तार कर लिया। इस बीच एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। दरअसल गुरुवार शाम फाइनेंस कर्मी से तीन अपराधियों ने कलेक्शन के 1,83,900 रुपए लूटे थे। पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया था। पुलिस को सूचना मिली कि अपराधी वारदात स्थल से करीब 20 किमी दूर हैं। पुलिस ने वहां जाकर घेराबंदी की तो बदमाश ने फायरिंग कर दी। अन्य अपराधियों की तलाश जारी है। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के सियाडीह टोला के पास की है।

**धक्का मारकर फाइनेंस कर्मी को गिरा दिया थाः** जगदीशपुर थाना के बिना स्टेट हाईवे पर तेंदूनी मोड़ के पास फाइनेंस कंपनी कर्मचारी से लूटपाट हुई थी, मोबाइल भी छीन लिया गया था। पीड़ित पप्पू कुमार जहानाबाद के पारस बीघा क्षेत्र के मुंशीचक गांव निवासी सुरेंद्र यादव के बेटे हैं। जो जगदीशपुर नगर स्थित स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड में ऋण अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित कर्मी ने आवेदन में लिखा कि ऋण का पैसा वसूल कर जगदीशपुर लौट रहे थे। तभी तेंदूनी गांव के पास बदमाशों ने ओवरटेक कर धक्का देकर गिरा दिया और बाइक की चाबी छीनकर डिक्की में रखे नगद ले गए। पीड़ित ने बदमाशों के गड़हनी की तरफ भागने की बात बताई। पुलिस को सूचना मिली थी कि हथियारबंद लुटेरे चरपोखरी के सियाडीह गांव के समीप दिखे हैं।

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही हैः** पीरो डीएसपी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि कल जगदीशपुर में लूट की घटना हुई थी। अपराधी सियाडीह गांव के अंडरपास की ओर देखे गए। इसके बाद भोजपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने अपराधी की गिरफ्तारी के लिए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। जिसके बाद अपराधी वहां से भाग गया और सियाडीह टोला के पोखरा के समीप पहुंचकर फायरिंग शुरू कर दी। इधर से पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। एक पुलिसकर्मी ने अपराधी को ईंट से मारकर जख्मी कर दिया। फिर उसकी गिरफ्तारी हुई। इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी में भर्ती कराया गया। अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# मानसिक आरोग्यशाला में व्यक्ति की मौत, कांके से आने के बाद दो साल से थे भर्ती

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर स्थित मानसिक आरोग्यशाला में गुरुवार को एक विक्षिप्त अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक 50 वर्षीय ध्रुव कुमार है। मानसिक आरोग्यशाला के प्रबंधक मो. मद्दासीर ने बताया कि 20 दिसंबर 2022 में रांची स्थित काके के रेनपास मानसिक आरोग्यशाला से ध्रुव कुमार नामक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति को स्थानांतरित कर कोईलवर स्थित मानसिक आरोग्यशाला भेजा गया था। उसके बाद दो सालों से यही भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा था। इसी बीच अचानक से तबीयत खराब होने के कारण उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

**मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सकाः** जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद उन उन्हें इलाज के लिए पटना ले जाया जा रहा था। तभी उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद कोईलवर मानसिक आरोग्यशाला के अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना कोईलवर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं. दूसरी ओर मानसिक आरोग्यशाला के प्रबंधक मो.मुद्दासीर ने बताया की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जबकि पुलिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक विक्षिप्त अधेड़ व्यक्ति की मौत शारीरिक बीमारी के कारण से प्रतीत होती है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

♦ तबीयत ने बिगड़ने के बाद पटना किया गया था रेफर

# वक्ताओं ने पौधरोपण व जल संरक्षण पर दिया जोर

निज संवाददाता। बक्सर



विश्व पर्यावरण दिवस पर नेहा नर्सिंग होम के परिसर में बुधवार की देर शाम एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विषय प्रवेश करते हुए प्रकृति प्रेमी भरत प्रसाद ने कहा कि हमारे भौतिक विकास एवं खाद्यान्न की बढ़ती जरूरत ने हमारे पर्यावरण को काफी नुकसान किया है। परिणाम स्वरूप हमारा पर्यावरण विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हमारे सम्मुख प्रस्तुत करना शुरू कर दिया है। जहां वनों के लगातार कटाई से भूतापन होने लगा है वहीं पानी को अनावश्यक बर्बाद करने से जलस्त्रोतों पर संकट छा गया है। अतः सतत एवं सुरक्षित विकास के लिए व्यक्ति, समाज, संस्थाओं एवं सरकार को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहने की आवश्यकता है। मौके पर प्रसिद्ध चिकित्सक एवं प्रकृति प्रेमी डॉ महेन्द्र प्रसाद ने पौधरोपण एवं जल संरक्षण के संबंध में अपने विचार द्वारा जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य लोगों को पौधा देकर पर्यावरण के प्रति अपनी चेतना से लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद वर्मा एवं संचालन डॉ पवन नंदन केशरी ने किया।

# पुराना सोना एक्सचेंज ऑफर को लेकर तनिष्क में उमड़े ग्राहक

निज संवाददाता। बक्सर



भारत के भरोसेमंद आभूषण ब्रांड तनिष्क ने अस्थिर सोने की दरों के बीच अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी संशोधित गोल्ड एक्सचेंज पॉलिसी पेश की है। स्थानीय ज्योति प्रकाश चौक स्थित तनिष्क शोरूम में पुराने सोना के गहनों को बदलने के लिए ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। शोरूम के मैनेजर ने बताया कि यह एक्सचेंज पॉलिसी ग्राहकों को तनिष्क द्वारा पेश किए गए नए और नवीनतम डिजाइनों के साथ अपने पुराने सोने को अपग्रेड करने का अवसर प्रदान करती है। गोल्ड एक्सचेंज ऑफर 15 जून तक ही है। शोरूम में कस्टमर की काफी भीड़ है गोल्ड एक्सचेंज के लिए।गोल्ड एक्सचेंज ऑफर के लिए कस्टमर में बिल्कुल अलग ही रोमांच देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि तनिष्क से अपने पुराने सोने के आभूषणों का आदान-प्रदान करना क्यों फायदेमंद है। तनिष्क ग्राहकों को उनके सोने का एक्सचेंज पर शून्य कटौती प्रदान करता है, भारत के किसी भी ज्वेलर से खरीदा गया आभूषण एक्सचेंज करता है व गोल्ड एक्सचेंज पूरी पारदर्शिता के साथ कैरेट मीटर पर कस्टमर के सामने चेक की जाती है।

# जमीन के लिए पिता–पुत्र समेत तीन की पिटाई, एक-दूसरे पर लाठी-डंडे से किया हमला

निज संवाददाता। आरा



शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में जमीन विवाद को लेकर बक्सर निवासी पिता–पुत्र समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी गई। लाठी-डंडे के हमले में तीनों जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने मामले को शांत कराया। जिसके बाद जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

**एक कट्ठा जमीन खरीदी थीः** जख्मियों में बक्सर जिला के कोरान सराय थाना क्षेत्र के कोरान सराय गांव निवासी सुभाष राय और उनके दो बेटे रिपु कुमार सिंह और सूरज कुमार सिंह शामिल हैं। सुभाष राय ने बताया कि उन्होंने करीब 12 वर्ष पूर्व आनंद नगर मोहल्ले में एक कट्ठा जमीन खरीदी थी। उसी जमीन पर एक स्थानीय व्यक्ति जबरन कब्जा कर रहा था। कहा जा रहा था कि यह जमीन मैंने खरीदी है। जब मैंने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने तीनों बाप-बेटी की पिटाई कर दी।

**स्थानीय थाने से की शिकायतः** वहीं, दूसरी ओर जख्मी सुभाष राय ने उक्त व्यक्ति और उसके साथ रहे अन्य लोगों पर अपने बेटे रिपु कुमार सिंह और खुद को डंडे से मारकर और छोटे बेटे सूरज कुमार सिंह को पिस्टल के बट से सिर पर मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पिता–पुत्रों ने इस मारपीट की घटना की शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि तीनों जख्मियों को ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट से मवेशी की मौत

**भागलपुर**। मायागंज में पोल के पास करंट लगने से एक मवेशी की मौत हो गयी। हर रोज की तरह मवेशी घूमते हुए पोल के नजदीक पहुंची। पोल में करंट आ रहा था और इसकी चपेट में आ गई। बिजली कर्मी पहुंचे और लगभग डेढ़ घंटे में इसे ठीक किया। जेई आदित्य तरंग ने बताया कि सर्विस वायर पोल से सटने करंट आ गया था।

### 12 जून को बैंक ऑफ इंडिया का ओटीएस शिविर

**भागलपुर**। बैंक ऑफ इंडिया 12 जून बुधवार को देशभर में एनपीए ऋण के खातों की समस्या को सुलझाने के लिए एक मुश्त समझौता यानि ओटीएस स्कीम का शिविर लगाएगा। भागलपुर में ओटीएस का शिविर बैंक के अंचल कार्यालय में लगेगा। शिविर में उनके लोन को लेकर समझौता कराया जाएगा जो व्यापार में नुकसान या किसी बीमारी के कारण लोन चुकाने में असमर्थ रहे हैं। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं। बैंक ने एनपीए खाताधारकों से कहा कि 12 जून को शिविर में लोन न चुकाने की समस्या का समाधान किया जा सकता है। भागलपुर अंचल में 12 जिले हैं जिससे 80 शाखाओं का कार्य होता है।

### आवास सहायक आरोपों से बरी, रंगरा में करेंगी योगदान

**भागलपुर**। गोपालपुर की सैदपुर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में आवास सहायक रिंकी कुमारी पर अवैध राशि लेने के मामले में सुनवाई पूरी हो गई है। आरोपों से आवास सहायक रिंकी कुमारी बरी हो गई हैं। उनका अनुबंध रद्द करने का आदेश भी वापस हो गया है। डीडीसी ने उन्हें रंगरा चौक प्रखंड में योगदान को कहा है। बता दें कि जब आवास सहायक पर आरोप लगाया गया था कि आवास योजना में अवैध राशि की वसूली की गई है। इस पर आवास सहायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में सुनवाई हुई, लेकिन आवास सहायक का जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया है। इसके साथ ही अनुबंध रद्द करने का आदेश दिया। इसके खिलाफ आवास सहायक रिंकी कुमारी नवगछिया कोर्ट गई। वहां सुनवाई में शिकायतकर्ता नहीं आई। इसके बाद रद्द किए गए अनुबंध को वापस करने का आदेश दिया गया।

### किसानों को वैज्ञानिकों की मिलेगी जानकारी

**टेटिया बंबर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में शुक्रवार को किसानों के लिए खरीफ महोत्सव होगा। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि खरीफ फसल को लेकर तैयारी एवं बेहतर उत्पादन एवं उच्च कोटि के बीजों के चयन के लिए शुक्रवार को खरीफ महोत्सव का आयोजन किसान भवन में किया गया है। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी। इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर जानकारी हासिल कर सकते हैं साथ ही खरीफ फसल की बुवाई में बेहतर उत्पादन कैसे कर सकते हैं, इसके लिए दक्ष बन सकते हैं।

### जैन मंदिर रोड में नाला जाम से परेशानी

**भागलपुर**। नाथनगर जैन मंदिर रोड में नाला बनने के बाद भी जाम की समस्या से निदान नहीं मिल रहा है। हल्की बारिश होते ही नाले का पानी सड़क पर बहने लगता है। दरअसल नाले का मुंह जाम है, इसके चलते पानी की निकासी नहीं हो रही है। मंदिर के पास रहनेवाले संतोष श्रीवास्तव ने नगर निगम के स्वच्छता प्रभारी आदित्य जायसवाल से इसकी शिकायत की, लेकिन निदान नहीं हो सका है। संतोष का आरोप है कि यहां पर एक करोड़ से ज्यादा लागत से सड़क व नाला का निर्माण हुआ था, ताकि जलजमाव न हो। बावजूद इसके यह समस्या बनी हुई है।

### जोगसर, बरारी व तिलकामांझी से बाइक चोरी

**भागलपुर**। शहर के तीन थाना क्षेत्र बरारी, जोगसर व तिलकामांझी इलाके से बाइक चोरी हुई है। इसमें भीखनपुर के गुमटी नंबर-3 के मो. साजिद अख्तर ने बरारी थाने में शिकायत की है। कहा है कि 30 मई को कटहलबाड़ी के पास एक होटल के सामने बाइक लगाकर इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीदने गए, लौटे तो बाइक नहीं थी। दूसरी घटना तिलकामांझी थाना क्षेत्र के हटिया रोड स्थित डॉ. सोमेन चटर्जी के क्लीनिक के पास तीन जून की शाम सात बजे बाइक लगाकर सब्जी खरीदने गए। आधे घंटे बाद वापस लौटने पर बाइक नहीं मिली। जबकि तीसरी घटना जोगसर थाने में तातारपुर निवासी मो. अंजार उद्दीन ने बाइक चोरी की शिकायत की है। कहा कि वह दो जून की रात 8.30 बजे खलीफाबाग रोड स्थित देवेंद्र जलपान के अंदर गए, 20 मिनट बाद वापस लौटे तो बाइक नहीं थी।

### प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भागलपुर की टीम रवाना

**भागलपुर**। मोतिहारी में शुक्रवार से 10 जून तक होने वाली अंडर 17 बिहार राज्य शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भागलपुर की टीम गुरुवार को रवाना हुई। टीम में दीप्रो घोष, प्रखर चौरसिया तथा अपूर्व शर्मा शामिल हैं। टीम दल प्रबंधक अंकित कुमार मिश्रा के साथ नवगछिया स्टेशन से मोतिहारी के लिए रवाना हुई। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, सचिव अजय कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव आनंद, शेखर और अभिभावक इस मौके पर उपस्थित थे।

### वित्तीय मामले पर अपर मुख्य सचिव करेंगे वीसी संग बैठक

**मुंगेर**। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने वित्तीय स्थिति को समझने एवं उसके समाधान के लिए कुलपतियों की बैठक अपने कार्यालय कक्ष में बुलाई। 10 से 12 जून तक सूबे के सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों की बैठक होगी। जिसमें वित्तीय स्थिति की समीक्षा होगी। बैठक में वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट की राशि विमुक्ति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही पीएल खाते में संधारित राशि की स्थिति की जानकारी ली जाएगी। सीएजी के अंकेक्षण प्रतिवेदन पर अनुपालन पर विचार-विमर्श भी होगा। निर्धारित तिथि को बैठक उनके कार्यालय कक्ष में होगी। अब चर्चा है कि 10 जून से शिक्षा विभाग में होने वाली बैठक को राजभवन सचिवालय की सहमति मिल चुकी है।

### स्नातक पार्ट-2 में नामांकन की तिथि 15 तक की गई विस्तारित

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में स्नातक पार्ट-1, सत्र 2022-25 नियमित एवं सत्र 2021-24 बैकलॉग के सभी उत्तीर्ण एवं प्रोन्नत छात्र-छात्राओं के लिए पार्ट-2 में नामांकन की तिथि को 07 जून से 15 जून तक विस्तारित किया गया है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि स्नातक पार्ट-1, सत्र 2022-25 के नियमित एवं सत्र 2021-24 बैकलॉग के उत्तीर्ण एवं प्रोन्नत छात्र स्नातक पार्ट-2 सत्र 2022-25 में अब 15 जून तक नामांकन ले सकते है। नामांकन लेने की तिथि को विस्तारित किया गया है। छात्र-छात्राएं अपने-अपने महाविद्यालय से दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत भुगतान कर अपना नामांकन रसीद निकाल अपना नामांकन सुनिश्चित करा लें। नामांकन के समय छात्र भौतिक सत्यापन के लिए प्रथम खंड प्रवेश पत्र की छायाप्रति, अंक प्रमाण या टीआर या वेब कॉपी की छाया प्रति संलग्न करेंगे। उन्होंने बताया कि एससी, एसटी एवं सभी सामान्य छात्राओं को जीरो पेमेंट का स्लीप निकालना अनिवार्य है। अन्यथा उनका नामांकन रद्द समझा जाएगा। भास्कर न्यूज| मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय में यूजी सेमेस्टर-1, सत्र 2024-28 में नामांकन का पहला मेरिट लिस्ट मंगलवार को जारी हो गया। फर्स्ट मेरिट लिस्ट में करीब तीनों संकायों को मिलाकर करीब 28277 छात्र-छात्राओं को चयन किया गया है। नामांकन का शेड्यूल पूर्व में ही जारी कर दिया गया है। फर्स्ट मेरिट लिस्ट जारी होते ही 11 जून तक उसके आधार पर चयनित विद्यार्थियों को नामांकन का मौका दिया जाएगा। गुरूवार तक 210 छात्र-छात्राओं ने पहले मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन कराया। पहले मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन पूरा होने के बाद लगे हाथ 13 जून को दूसरा मेरिट लिस्ट जारी किया जाएगा। जिसके आधार पर 13 से 19 जून तक दूसरे मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। उसके बाद 21 जून को तीसरे मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। जिसके आधार पर 21 से 24 जून तक नामांकन का मौका दिया जाएगा। तीनों मेरिट लिस्ट के आधार पर नामांकन के बाद रिक्त रह गए सीटों की सूची जारी की जाएगी।

# पैसे वापस करने का दवाब बनाने पर मर्डर की साजिश

निज संवाददाता। मुंगेर



♦ भागलपुर में शूटर को किया था हायर, घर लौटने वक्त मारी थी गोली, मुंगेर से हत्यारा गिरफ्तार

भागलपुर के नाथनगर थाना क्षेत्र के चौकी नियामतपुर में 17 अप्रैल को हुए निरंजन हत्याकांड मामले में पुलिस ने 2 शूटर को गिरफ्तार किया है। पैसे की लेनदेन को लेकर निरंजन कुमार की हत्या करवाई गई थी। लड्डू शाह ने मर्डर मिनिस्ट्री की कहानी में दो शूटर को हायर किया था और वारदात को अंजाम दिलवाया था। बताया जा रहा है कि मृतक निरंजन ने लड्डू शाह और उनके बेटे बमबम पर पैसे वापस करने का दबाव बना रहे थे। इसी में निरंजन ने मर्डर मिस्ट्री की प्लान तैयार किया। इसके लिए नवगछिया के बिहपुर के दो शूटर को हायर किया और 17 अप्रैल की रात बंगाली टोला में वारदात को अंजाम दिलवाया था। मालूम हो कि मामले में पुलिस ने निरंजन हत्याकांड मामले में एक व्यक्ति को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 2 शूटर पुलिस के गिरफ्त से बाहर चल रहे थे। पुलिस ने एक शूटर को मुंगेर और दूसरा को घर से गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को सिटी एसपी राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि 17 अप्रैल की देर रात नाथनगर थाना क्षेत्र के चौकी नियामतपुर के रहने वाले निरंजन कुमार को बंगाली टोला में अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में नाथनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई थी। इस मामले में दो शूटर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शूटर की पहचान बिहपुर थाना क्षेत्र के निवासी रामविलास मंडल के बेटे सुशील कुमार मंडल और गिरीश मंडल के बेटे संजय मंडल शामिल है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक बाइक, एक मोबाइल भी जब्त किया है। एसपी राज ने आगे बताया कि शूटर की आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। इस घटना में अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# रेलवे ट्रैक किनारे मिली लापता युवक की लाश

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के बहादुरपुर रेलवे ट्रैक पर एक युवक का लहूलुहान स्थिति में लाश बरामद हुआ। घटना शुक्रवार की है। मरने वाले की पहचान जीरो माइल हाउसिंग बोर्ड एलआईसी कॉलोनी निवासी निरंजन कुमार दास के पुत्र शिवम कुमार दास (22) के रूप में हुई है। शिवम गुरुवार की देर रात से ही घर से लापता था। शुक्रवार को उनका शव घर से 2 किमी दूर स्थित बहादुरपुर रेलवे ट्रैक पर मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। घटना की जानकारी मिलने के बाद जीरोमाइल पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

**ग्रामीणों ने मामले की दी सूचनाः** मृतक अपने परिवार के साथ काठमांडू से गुरुवार को घर वापस लौटा था। देर शाम शिवम किसी काम के बहाने घर से बाहर निकाला था। देर रात हो जाने के बाद भी घर नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। फोन पर संपर्क करने की काफी बार कोशिश की गई, लेकिन शिवम ने कॉल का कोई जवाब नहीं दिया। सुबह परिजनों को स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर उनका शव पड़ा हुआ है। मामले को लेकर मृतक के फूफा सोनू ने बताया कि गुरुवार की देर रात घर से शिवम निकला था। देर रात वापस घर नहीं लौटने के बाद काफी बार फोन किया, लेकिन उन्होंने कॉल का जवाब नहीं दिया। इसके बाद शुक्रवार को लोगों ने घटना की जानकारी दी। किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उन्होंने आत्महत्या करने की है। (जीरोमाइल) औद्योगिक थाना प्रभारी मुरलीधर शाह ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर एक शव मिला है।

# बांका की किसान वंदना कुमारी को मिला नवोन्मेषी कृषक पुरस्कार

निज संवाददाता। भागलपुर

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की ओर से आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नवोन्मेषी कृषक सम्मेलन 2024 में बांका की भेड़ा गांव की महिला किसान वंदना कुमारी को नवोन्मेषी कृषक पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार आईएआरआई नई दिल्ली के पूर्व निदेशक ने दिया। वंदना ने वर्षा जल संरक्षण के क्षेत्र में काम किया है और सुदूर पहाड़ पर बसे गांव में जल संरक्षण कर मिसाल कायम की है। यह काम बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के अन्तर्गत कार्य करने वाले संस्थान कृषि विज्ञान



केन्द्र बांका की ओर से चलाई जा रही कृषि गतिविधियों में प्राकृतिक संसाधन संरक्षण के माध्यम से भेड़ा गांव में किया गया। वंदना ने फसल उत्पादन में सूखारोधी प्रभेद सबौर दीप और सबौर अर्धजल का क्षैतिज हस्तांतरण करने के साथ सघन बागवानी अमरूद, डेयरी, वर्ष भर हरे चारे की उपलब्धता, सामुदायिक बीज बैंक, सामुदायिक पशु स्वास्थ्य चिकित्सा केन्द्र, पोषक वाटिका जैसे कार्य पूरे किए हैं। वह कृषि विज्ञान केन्द्र बांका से प्रशिक्षण प्राप्त कर अभी कई विषयों पर मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षित कर रही हैं। इसी कार्यक्रम में मधुबनी के किसान महादेव सैनी को भी यही पुरस्कार दिया गया है। बीएयू के कुलपति डॉ. डीआर सिंह और निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. आरके सोहाने ने इन्हें बधाई दी है।

# 12 वर्षीय भतीजे की प्राइवेट पार्ट में गोली मार हत्या, चचेरी बहन की बेटी पर मिट्टी फेंकने से बढ़ा विवाद

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ घर में घुसकर की गोलीबारी, 1 घायल

भागलपुर में चाचा ने अपने 12 साल के भतीजे की प्राइवेट पार्ट में गोली मारकर हत्या कर दी। फायरिंग में बच्चे के पिता भी घायल हुए हैं, उनके पेट में गोली लगी है। गोलीबारी से पहले आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी। घायल रॉबिन मंडल (40) को पटना रेफर किया गया है। मृतक रॉबिन का बेटा आयुष कुमार (12) है। आरोपी चचेरे भाई विकास मंडल ने रॉबिन की 16 वर्षीय भांजी (चचेरी बहन की बेटी) पर नहाने के दौरान मिट्टी फेंक दिया था। विरोध करने के बाद परिवार में विवाद बढ़ गया। पुलिस के अनुसार दोनों भाइयों में आपसी विवाद है। साथ ही इस बात की भी चर्चा है कि विकास का नाबालिग से चक्कर है। मामला सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के गंगनिया फतेहपुर की है।

**पिता को पीएमसीएच किया रेफरः** गोलीबारी के बाद परिजनों ने घायल पिता-पुत्र को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया और उसके पिता की स्थिति गंभीर देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया।

**चापाकल के पास नहा रही थी नाबालिगः** रॉबिन मंडल की बहन बबीता देवी ने कहा कि मेरी बेटी चापाकल के पास नहा रही थी। इसी दौरान चचेरे भाई विकास मंडल ने उसके ऊपर मिट्टी फेंकी। विरोध किया तो उसने गाली-गलौज और मारपीट की। इसके अलावा जान से मारने की धमकी भी दी। देर रात उसने घर में घुसकर भाई और भतीजे को गोली मार दी। घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है। मां अपने बेटे के शव से लिपटकर रहो रही थी।

**घायल का बयान आने पर स्पष्ट हो जाएगाः** थाना अध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग का है। इसी कारण गोली चली है। जिस व्यक्ति को गोली लगी है और जिसने गोली मारा है उन दोनों के बीच आपसी विवाद भी है। प्रेम-प्रसंग की भी चर्चा है। घायल का बयान आने पर मामला स्पष्ट हो पाएगा।

# पारा मेडिकल की प्राचार्या ने लगाया छात्र पर अभद्रता का आरोप

निज संवाददाता। मुंगेर

पूरबसराय थाना क्षेत्र के मिन्नत नगर स्थित पारा मेडिकल स्कूल में गुरुवार को पारा मेडिकल के कुछ छात्र और प्राचार्या के बीच हो रहे विवाद का मामला थाना पहुंच गया। इसके बाद प्राचार्या के द्वारा दिए गए सूचना पर पुलिस की टीम पारा मेडिकल स्कूल पहुंचे और वहां से कुछ छात्रों को हिरासत में लेकर थाना पहुंचे। हालांकि समाचार लिखे जाने तक प्राचार्या के द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। आरोपी छात्र और प्राचार्या के बीच थाना में भी हाई वोल्टेज ड्रामा चल रहा था। इसके बाद सूचना पर सदर डीएसपी राजेश कुमार भी थाना पहुंचे और प्राचार्या से बातचीत करने के बाद छात्रों को समझा कर वे अन्य जगह के लिए निकल गए। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पारा मेडिकल स्कूल की प्राचार्या बनिता मोहंती ने पारा मेडिकल छात्र बॉबी सहित उसके अन्य साथियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि गुरुवार की दोपहर यह लोग अचानक मेरे कमरे में प्रवेश कर गया और पूर्व के विवाद को लेकर मुझसे बहस करने लगा। बहस इतनी ज्यादा बढ़ गई कि छात्र और उसके जो साथी आए हुए थे, वह काफी आक्रोशित हो गए और उन्होंने मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद मैंने स्थिति को देखते हुए स्थानीय थाना को फोन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी छात्र सहित उसके साथियों को थाना लेकर गई और वहां पूछताछ करने लगी। पंखा को लेकर बढ़ा विवाद, छात्र ने गुट बनाकर मुझे धमकी दे डाली उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले छात्र बॉबी कुमार के द्वारा मुझसे एक पंखा मांगा गया था, जो कि मैंने उसे गर्मी को देखते हुए दे दिया था। जिसके बाद किसी कारणवश उसके रूम से पंखा को मैंने मंगवा लिया। जिसे लेकर आरोपी छात्र काफी मेरे ऊपर नाराज हो गए थे और इस पंखा के बहाने गुरुवार की दो परवाह मेरे कमरे में प्रवेश कर गया और मेरे साथ अनाप-शनाप बातें करने लगे यहां तक की छात्रों के द्वारा मुझे धमकी दे दिए जाने लगा। इसके बाद मैं स्थिति को देखते हुए काफी डर गई और इसकी सूचना थानाध्यक्ष को दिया गया।

# वित्तीय सह डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**पूर्णिया**। भारतीय स्टेट बैंक, जिला अग्रणी बैंक, पूर्णिया के तत्वावधान में शुक्रवार को जिले के जलालगढ प्रखंड अंतर्गत राजचक पंचायत भवन मे आयोजित किया गया। वित्तीय सह डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम में वित्तीय समावेशन निधि नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में, जिला अग्रणी प्रबंधक मिथिलेश कुमार और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मनोज कुमार की सहभागिता रही। ग्राहक सेवा केंद्र संचालक श्री शशि कुमार के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित की गई।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व रेलवे, हावड़ा, तृतीय तल, न्यू कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, हावड़ा - 711101 द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए डानकुनी स्टेशन (माल यार्ड) पर ट्रक पार्किंग स्टैंड के लाइसेंस के लिए ठेका प्रदान करने हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: कॉम/पार्क-24-डीकेएई-गुड्स। स्टेशन का नाम :** डानकुनी स्टेशन (माल यार्ड)। **स्थान का नाम एवं पार्किंग का प्रकार :** डानकुनी स्टेशन (माल यार्ड) पर ट्रक पार्किंग स्टैंड। **एक वर्ष के लिए निविदा मूल्य :** रु. 50,55,615/-। **जमा की जाने वाली बयाना राशि :** रु. 5,05,600/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 07.06.2024 को अपराह्न 01.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 45 दिन। विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलियां केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत की जानी हैं। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**(HWH-95/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बिना ढलाई कराए मिल गई आवास योजना की तीसरी किस्त

निज संवाददाता। भागलपुर

### शिकायत आई तो आगे भी जांच

जनता दरबार में आई आवास योजना की शिकायत दूर करने का निर्देश तत्कालीन नगर आयुक्त को दिया था। अगर और शिकायत आती है तो जांच कराएंगे।

**-डॉ. बसुंधरा लाल,** मेयर

नगर निगम क्षेत्र में पीएम आवास योजना में गड़बड़ी की आशंका पर निगम प्रशासन ने जांच शुरू करवाई है। इसमें पता चला है कि किसी ने बिना ढलाई किए ही तीसरी किस्त की राशि ले ली तो किसी को घर पूरा होने के बाद भी अंतिम किस्त का इंतजार है। इसके अलावा जिनके पास पहले से पक्का मकान है, उन्होंने भी योजना का लाभ ले लिया। जबकि जरूरतमंद निगम के बाबुओं का चक्कर लगा रहे हैं। वार्ड 41 के रामनाथ सिंह लेन निवासी प्रभा देवी, वार्ड 44 में अली अहमद बेग लेन की हंसा देवी, इसी वार्ड में हसनगंज की कुंती देवी, लुखाड़ू मोदी लेन का मथुरा बांसफोड़, कुतुबगंज लेन की रेखा देवी, बंधु मोदी लेन की बेबी देवी को मकान ढलाई कराए बिना ही तीसरी किस्त की राशि मिल चुकी है। हालांकि आवास योजना के शाखा प्रभारी प्रदीप झा ने दावा किया कि मकान का फोटो लेने के बाद ही किस्त दी जाती है। बरारी हलधर झा लेन स्थित पवन यादव को एक लाख 70 हजार रुपए मिल चुका है। लेकिन इन्होंने अभी घर का प्लास्टर नहीं करवाया है। इस वजह से इन्हें अंतिम किस्त की राशि नहीं मिली है। इनका पैतृक घर 10 गज की दूरी पर है, जहां वह अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। वार्ड 30 स्थित जवारीपुर में अंडा दुकानदार गोपाल पासवान को भी 1.70 लाख रुपए का लाभ मिल चुका है। लेकिन प्लास्टर इनका भी नहीं हुआ है। कारण यह है कि 320 स्क्वायर फीट में निर्माण कराने निगम राशि देता है लेकिन 500 स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीन पर घर बना है। वार्ड 31 में हवाई अड्डा रोड निवासी अनंत कुमार 320 स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीन पर निर्माण करा चुके हैं।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-01-24, दिनांक 05.06.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-01-24 के प्रति ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने तारीख/समय 27.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे है। **कार्य के नाम के साथ उसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में यार्ड की रीमॉडलिंग और पीएफ के विस्तार के संबंध में एचडब्ल्यूएच/आरआरआई में नए आरआरआई इनडोर उपकरण और आउटडोर की स्थापना एवं उसे चालू करने के संबंध में 25 केवी ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं उसे चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 5,73,98,505.58। **बयाना राशि / जमा की जाने वाली बोली प्रतिभूतिः** रु. 4,37,000/-। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी होने की तारीख से 24 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 27.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलेगी :** निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सरसरी तौर पर रद्द कर दिया जाएगा।

**(HWH-98/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 **वर्ष की अवधि के लिए बर्द्धमान स्टेशन (ए कैटेगरी) पर 06 जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है** जिनके पास **(क)** कैटरिंग व्यवसाय में न्यूनतम 03 (तीन) वर्ष का अनुभव है, **(ख)** कैटरिंग व्यवसाय से पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के किसी एक वर्ष में सांकेतिक लाइसेंस शुल्क के 03 (तीन) गुना का न्यूनतम वार्षिक कारोबार है और **(ग)** पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रु. 03 (तीन) लाख का लाभ या हानि + संचित आरक्षित + शेयर पूंजी है। **निविदाओं का विवरणः**

**बर्द्धमान स्टेशन पर कैटरिंग यूनिट जिसके लिए ई-निविदा जारी की जाती है (ए कैटेगरी)**

**क्रम सं., निविदा सं. एवं स्थान** निम्नानुसार हैं: **(1), जीएमयू-सीएटी-बीडब्ल्यूएन-पीएफ2-3-बी-27-24,** प्लेटफॉर्म-2 एवं 3/बी-27 के पास/हावड़ा सिरा (नं. 2) **(2), जीएमयू-सीएटी-बीडब्ल्यूएन-पीएफ2-3-बी54-24,** प्लेटफॉर्म-2 एवं 3/बी-54 के पास/आसनसोल सिरा (नं. 5) **(3), जीएमयू-सीएटी-बीडब्ल्यूएन-पीएफ2-3-बी56-24,** प्लेटफॉर्म-2 एवं 3/बी-56 के पास/आसनसोल सिरा (नं. 6) **(4), जीएमयू-सीएटी-बीडब्ल्यूएन-पीएफ4-5-एचई-1-24,** प्लेटफॉर्म-4 एवं 5/हावड़ा सिरा (नं. 1) **(5), जीएमयू-सीएटी-बीडब्ल्यूएन-पीएफ4-5-एई-3-24,** प्लेटफॉर्म-4 एवं 5/फुट ओवर ब्रिज लैंडिंग के पास/आसनसोल सिरा (नं. 3) **(6), जीएमयू-सीएटी-बीडब्ल्यूएन-पीएफ4-5-एई-4-24,** प्लेटफॉर्म-4 एवं 5/प्लेटफॉर्म नेम बोर्ड के पास/आसनसोल सिरा (नं. 4)। **आरक्षण कैटेगरीः** जीएमयू (जनरल) (क्रम सं 1, 2, 3, 4 एवं 6 प्रत्येक हेतु) और जीएमयू (महिला) (क्रम सं. 5 हेतु)। **प्रति वर्ष न्यूनतम लाइसेंस शुल्क/आरक्षित मूल्य** : रु.5,51,104/-(प्रत्येक हेतु)। **अनुबंधित मूल्यः** रु.28,65,741/- (प्रत्येक हेतु)। **बयाना राशिः** रु.57,400/-(प्रत्येक हेतु)। **निविदा कागजात का मूल्य (जीएसटी सहित)**: रु.3,360/-(प्रत्येक हेतु)। **अंतिम तिथिः** दिनांक 01.07.2024 (प्रत्येक हेतु)।

● निविदा कागजात की लागत पर 12% जीएसटी राशि। ● **निविदा कागजात की उपलब्धताः www.ireps.gov.in** ● **अनुबंध की अवधिः** 05 वर्ष। ● **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। ● बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-100/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# टाइगर जिंदा है, पटना की सड़कों पर लगे सीएम नीतीश कुमार के पोस्टर

निज संवाददाता




**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव के बाद आए परिणामों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया है। इस बीच पटना की सड़कों पर नीतीश कुमार के पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से संदेश देने का प्रयास किया गया है। बता दें कि पोस्टर पर 'टाइगर जिंदा है' लिखा गया है। यह पोस्टर पटना के कोतवाली थाने के पास लगाया गया है। बता दें कि पटना की सड़कों पर पोस्टर लगाए जाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी पटना में जदयू, राजद जैसे दल अपने-अपने पोस्टर लगा चुके हैं। इन पोस्टरों की सियासी गलियारों में चर्चा भी होती रही है। बहरहाल, ताजा जानकारी के अनुसार, जिस पोस्टर का वीडियो वायरल हुआ है, वह पटना में कोतवाली थाने के पास लगाया गया है। इस पोस्टर में 'टाइगर जिंदा है' लिखा हुआ है। इसी तरह एक अन्य पोस्टर की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें 'नीतीश कुमार सब के हैं कोटि-कोटि बधाई' लिखा गया है। इसके अलावा एक अन्य पोस्टर पर डबल इंजन सरकार, दोगुनी रफ्तार तीसरी बार फिर मोदी सरकार लिखकर बधाई संदेश दिया गया है। इसमें नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार की बड़ी तस्वीर लगी है। अब इन पोस्टरों की वजह से सियासी गलियारों में चचा है कि इनके माध्यम से कहां निशाना साधने और क्या संदेश देने की कोशिश की गई है। बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस समय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मौजूद हैं। वह यहां एनडीए की संसदीय दल की बैठक में शामिल होने के लिए आए थे। ताजा जानकारी के अनुसार, इस बैठक में प्रधानमंत्री पद के लिए एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा गया है। मोदी के नाम का भाजपा नेता अमित शाह और नितिन गडकरी ने अनुमोदन किया है। बता दें कि बिहार की राजनीति में खासा दखल रखने वाली नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने केंद्र सरकार बनाने के लिए राजग को अपना समर्थन दिया है। हालांकि, इससे पहले सियासी गलियारों में नीतीश कुमार के एक बार फिर पलटी मारने की अफवाहें दौड़ने लगी थीं। इन अफवाहों को तब और हवा मिली जब एक दिन पहले ही तेजस्वी यादव के साथ फ्लाइट में सफर करते हुए नीतीश कुमार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था।

## जमीन कारोबारी हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

निज संवाददाता

**पटना।** सिटी के खाजेकलां थाना क्षेत्र में गुरुवार को अपराधियों ने जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें साफ दिख रहा है कि तीन की संख्या में मौके पर पहुंचे अपराधी पहले कारोबारी से कुछ देर बात करते है, फिर बीच सड़क पर गोली मारकर फरार हो जाते हैं। घटना नवाब बहादुर रोड की है। वारदात के 24 घंटे बाद भी किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक की पहचान खाजेकलां निवासी औरंगजेब उर्फ मुनमुन (45) के तौर पर हुई है। मुनमुन गुरुवार को दोपहर के समय अपने घर से बाजार की ओर जा रहे थे। इस दौरान अपराधियों ने पहले उन्हें रोककर कुछ देर बात की फिर गोली मार दी। गोली लगते ही औरंगजेब जमीन पर गिर गया। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रभात रंजन सक्सेना दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि मामला जमीन



विवाद से जुड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करने में जुटी है। जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## फ्रॉड कर पैसा निकालने वाले तीन बदमाशों को पटना पुलिस ने किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**पटना।** एटीएम से फ्रॉड कर पैसा निकालने वाले तीन बदमाशों को पटना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये पटना के अलग-अलग इलाकों में जाकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे। पुलिस गिरफ्त में आने के बाद इन बदमाशों ने बताया है कि कैसे ये लोगों के पैसे पर हाथ साफ करते थे। आज हम आपको लाइव डेमो के जरिए दिखाएंगे कि कैसे ये शातिर आपकी गाढ़ी कमाई उड़ा ले जाते थे। ग्राहक को लगता था कि नेटवर्क में दिक्कत होने की वजह से ट्रांजेक्शन नहीं हुआ। लिहाजा, वो एटीएम से निकल जाते। ग्राहक के बाहर जाते ही ये शातिर अंदर जाते और कैश ट्रेलर से काली पट्टी निकालकर कैश निकाल लेते। इस दौरान इनका एक साथी बाहर खड़ा रहता था। आने जाने वालों पर ध्यान रखता था। जैसी ही कोई एटीएम के अंदर जाता बाहर खड़ा बदमाश अपने साथी को अलर्ट कर देता था। पकड़े गए तीनों बदमाशों का नाम रवि कुमार,पिंटू कुमार चौधरी और तीसरे का नाम मनीष कुमार है। तीनों छपरा जिला के रहने वाले हैं। तीनों अपराधी गुरुवार को बुद्धा कॉलोनी थाना से सटे राहुल मसाला गली स्थिति एसबीआई के एटीएम में फ्रॉड करने वाले थे। इससे पहले पुलिस गिरफ्त में आ गए। अपराधियों के पास से अलग अलग लोगों के नाम से लगभग 12 एटीएम कार्ड, तीन मोबाइल, एक स्मार्ट वॉच, तीन काली पट्टी, 17 हजार रुपए कैश बरामद किए गए हैं। डीएसपी विधि व्यवस्था कृष्ण मुरारी प्रसाद ने अपराधियों से लाइव डेमो भी लिया। डीएसपी ने इस दौरान बताया कि इन तीनों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। अन्य मामले में भी ये लोग पूर्व में जेल जा चुके हैं। एटीएम फ्रॉड से संबंधित बुद्धा कॉलोनी थाने में बीते दिनों प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिस को लगातार इस तरह की घटना के बारे में शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस एक्टिव हुई इन बदमाशों को धर दबोचा।

# बिहार में बिगड़ने वाला है मौसम 8 जिलों के लोग रहें सावधान

निज संवाददाता




**पटना।** बिहार में मौसम एक बार फिर से करवट लेने वाला है। यहां 8 जिलों में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं राजधानी समेत प्रदेश के दक्षिणी भागों के अधिसंख्य भागों में शुष्क पछुआ हवा व आर्द्रता में वृद्धि में होने उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहेंगे। उत्तरी भागों में नमी युक्त पुरवा हवा के कारण मौसम सामान्य बने होने के साथ पूर्वी व प श्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज में गरज-तड़क के साथ आंधी पानी की चेतावनी है। दक्षिणी भागों के भोजपुर, रोहतास, बक्सर, औरंगाबाद, भभुआ, गया और जहानाबाद में गर्म दिन रहने की चेतावनी है। गुरुवार को पटना का अधिकतम तापमान में 2.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 39.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 41.1 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। बीते 24 घंटों के दौरान अररिया के नरपतगंज में सर्वाधिक वर्षा 67.6 मिमी दर्ज किया गया। वहीं, पूर्वी चंपारण के ललबेगियाघाट में 66.0 मिमी, पूर्णिया में 58.6 मिमी, अररिया के पलासी में 48.4 मिमी, कटिहार में 44.0 मिमी, अररिया के जोकिहाट में 42.4 मिमी, पूर्णिया के श्रीनगर में 40.2 मिमी, किशनगंज के बहादुरगंज में 38.2 मिमी, अररिया में 36.0 मिमी एवं कटिहार के कदवा में 35.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम में बदलाव से मिली राहत गुरुवार की सुबह में पटना समेत प्रदेश के अधिसंख्य भागों में मौसम ने अचानक करवट लिया। आकाश में काले बादल छाए रहने के साथ 40-45 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा का प्रवाह जारी रहा। राजधानी समेत 12 जिलों के नालंदा, बगहा, पूर्णिया, गोपालगंज, मोतिहारी, आरा, शेखपुरा, बेतिया में हवा के झोंके के साथ झमाझम वर्षा से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। तेज हवा के कारण कई जगहों पर पेड़-पौधे के साथ आम,लीची को भी नुकसान हुआ। धूल भरी आंधी के कारण कुछ समय के लिए अंधेरा छाया रहा। मौसम विज्ञानी एसके पटेल ने बताया कि दक्षिण भागों में गर्म पछुआ हवा का प्रवाह होने व नमी की मात्रा अधिक बनी है। प्री-मानसून सीजन के दौरान प्रदेश के मौसम में अचानक बदलाव आते रहता है। कभी तेज आंधी-पानी तो कहीं बिना वर्षा के मेघ गर्जन होना आम बात होती है। ऐसे स्थिति में मौसम में बदलाव होते ही लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

## बिहार के छात्रों की स्वास्थ्य विभाग में बंपर भर्ती

**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही सरकार ने नियुक्तियों का पिटारा खोल दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने एलान किया है कि अगले चार महीने के अंदर स्वास्थ्य विभाग में डाक्टर, नर्स सहित 45 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। चुनावी भाग-दौड़ समाप्त होते ही राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय गुरुवार को कार्यालय पहुंचे और यहां उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मंत्री पांडेय ने निर्देश दिए कि प्रदेश की जनता को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मुख्यालय से लेकर स्वास्थ्य उप केंद्रों तक जो भी पद रिक्त हैं उन पर अगले चार महीने में नियुक्तियां की जाएं। मंत्री ने कहा जनमानस को मुफ्त चिकित्सा सुविधा देने के साथ ही राज्य में रोजगार के अवसर प्रदान करना भी सरकार की प्राथमिकता है। डाक्टर व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के पद पर नियुक्तियां होने से सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और भी प्रभावकारी बनाया जा सकेगा। प्रत्यय सचिव संजय कुमार सिंह, अमिताभ सिंह समेत दूसरे पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बैंक कर्मी पर ग्राहक ने लगाया खाते से करोड़ों के लेनदेन का आरोप

निज संवाददाता




**मोकामा (पटना)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मोकामा शाखा के एक खाते में मात्र आठ दिनों में 2,42,402 बार में 04 करोड़ 41 लाख रुपये के लेनदेन का बड़ा मामला प्रकाश में आया है। खाताधारक को इसका पता तब चला, जब उसका खाता फ्रीज किए जाने की जानकारी देने शाखा प्रबंधक उसके घर पहुंचे। खाताधारक ने इस मामले में स्वयं को निर्दोष बताते हुए बैंक के क्लर्क रणधीर कुमार पर उनके खाते के गलत उपयोग का आरोप लगाते हुए मोकामा थाने में प्राथमिकी कराई है। थाना अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद राय ने प्राथमिकी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपित से पूछताछ की जाएगी, तब मामला स्पष्ट होगा। वैसे यह मामला चौंकाने वाला है। साइबर फ्राड का मामला हो सकता है। भुक्तभोगी मोकामा थाना क्षेत्र के शिवनार (वार्ड संख्या-चार) निवासी राजेन्द्र सिंह के पुत्र रौशन कुमार हैं। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मोकामा शाखा में आयुष जनरल स्टोर के नाम से उनका खाता है। गत जनवरी माह में उसी बैंक शाखा के क्लर्क रणधीर कुमार ने उन्हें वाट्सएप काल कर बताया कि उनके खाते पर पांच लाख रुपये का लोन पास हुआ है, इसलिए अपने नेट बैंकिंग का यूजर आइडी और पासवर्ड बताओ, ताकि पैसा तुम्हारे खाते में ट्रांसफर हो सके।बैंककर्मी की बातों पर भरोसा कर उन्होंने सारी जानकारी दे दी। इसके बाद उन्हें कोई लोन नहीं मिला, उल्टे उनके मोबाइल नंबर पर लेन-देन का मैसेज आना बंद हो गया। बैंककर्मी रणधीर ने मिलने पर बताया कि अभी एक माह समय लगेगा। इस बीच गत 07 फरवरी को उनके खाते को फ्रीज कर दिया गया। इसकी सूचना कुछ दिन पूर्व शाखा प्रबंधक ने उनके घर पर आकर दी। जब उन्होंने बैंक में जाकर जानकारी ली तो बताया गया कि 31 जनवरी 2024 से 07 फरवरी 2024 के बीच, मात्र आठ दिनों में उनके खाते से 02 लाख 42 हजार 402 बार में 04 करोड़ 41 लाख रुपये का लेनदेन किया गया है। रौशन का दावा है कि यह लेनदेन न तो उन्होंने किया है और न ही उन्हें इस लेनदेन की कोई जानकारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक के कलर्क रणधीर कुमार ने झांसा देकर उनका यूजर आइडी और पासवर्ड ले लिया और उनके खाते का गलत इस्तेमाल किया है।

## कपड़ा व्यवसाई के घर भीषण डकैती

**मधुबनी (नि।सं।)।** लोकसभा चुनाव खत्म होते ही अपराधियों ने पुलिस को चुनौती दी है। मधुबनी में बेखौफ अपराधियों ने कपड़ा व्यवसाई के घर भीषण डकैती की घटना को अंजाम दिया है। घटना भैरवस्थान थाना क्षेत्र के खैरा तिलई गांव की है। कपड़ा व्यवसायी बिनोद पंजियार और उनकी पत्नी आशा देवी की डकैतों ने लोहे की रॉड से पिटाई भी की। डकैती में 12 लाख नकद एवम स्वर्णा भूषण है। रात में ही सूचना पर पुलिस पहुंची और अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। अब तक डकैतों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के इलाकों में छापेमारी करने की बात कह रही है। बताया जा रहा है कि भैरवस्थान थाना क्षेत्र के खैरा तिलई गांव में खैरा उच्च विद्यालय चौक के पास गुरुवार देर रात करीब 12 -1 बजे के आसपास 12 बेखौफ नकाबपोश अपराधियों ने कपड़ा व्यवसाई के घर धावा बोला। नकाबपोश अपराधियों ने परिवार के सभी सदस्यों को बंधक बना लिया और घर में रखे 12 लाख रुपये, 12 भर के करीब स्वर्णाभूषण सहित करीब 25 लाख रुपये की संपत्ति लूट कर फरार हो गया। इस दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट भी की। वैसे किसी को गंभीर चोट नहीं आयी है।

# छात्र की गोली मार हत्या परिवार में मची चीख-पुकार

निज संवाददाता



**बिहटा।** पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में आए दिन अपराधी हत्या, लूट, गोलीबारी की घटनाओं को अंजाम दे रहे। बीते तीन दिन पूर्व सोमवार को उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक शाखा से दिनदहाड़े 14 लाख रुपये की लूट एवं दो दिन पूर्व एक युवक की गोली मारकर की गई हत्या की गुत्थी पुलिस अभी सुलझा भी नहीं पाई थी कि फिर एक छात्र की गोली मार हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और छानबीन करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के पैनाल गांव के बधार से छात्र का शव बरामद किया है। वहीं शव मिलने की खबर से क्षेत्र में दहशत है। बाद में शव की पहचान होते ही स्वजन में कोहराम मच गया। ग्रामीण आक्रोशित हो गए। स्वजन दोस्तों पर हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का आरोप लगा रहे है। शव की पहचान बहपुरा के रामपुर इस्माइल निवासी पूर्व मुखिया बिल्ली गोप के भतीजा सह विश्वनाथ प्रसाद के 18 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में की गई। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व कुंदन कुमार अपने दोस्तों के साथ घर से निकला, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटने पर स्वजन ने दोस्तों से पूछताछ करते हुए खोजबीन शुरू की। कुछ पता नही चलने पर लिखित शिकायत कर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराते हुए किसी अनहोनी की आशंका जाहिर की थी। पुलिस अभी छानबीन कर ही रही थी कि बधार में शव मिलने की सूचना मिली। डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने हत्या की पुष्टि करते हुए बताया कि कुंदन दो दिन पूर्व 4 जून को अपने चचेरे भाई सन्नी कुमार, आदित्य कुमार सहित आधा दर्जन दोस्तों के साथ पार्टी मनाने बिहटा के गुलटेरा बाजार गया था। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए चचेरे भाई सन्नी कुमार से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि पार्टी के बाद पैनाल गांव के समीप सिगरेट व ठंडा का पार्टी चला। उसके बाद दोस्त आदित्य के पास रहे पिस्तौल से बधार में पहुंचने हवाई फायरिंग की गई, लेकिन पिस्टल में ही गोली फंस गया। जिसे आदित्य और सन्नी निकालने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान पिस्टल से अचानक फायर हो गई और गोली कुंदन कुमार को जा लगी। गोली लगते ही कुंदन बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। सभी दोस्त कुंदन को छोड़ वहां से फरार हो गए। पुलिस सन्नी को जेल भेज घटना में शामिल अन्य दोस्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि हत्याकांड का राजफाश जल्द कर लिया जाएगा।

# रामकृपाल यादव का खेल किसने किया खराब राज से हट गया पर्दा

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार की पाटलिपुत्र सीट इस बार खूब चर्चा में रही। बीजेपी के दिग्गज नेता रामकृपाल यादव की हार के बाद यह सीट सुर्खियों में आ गई। रामकृपाल यादव की हार ने बीजेपी समर्थकों को चौंकाकर रख दिया। कार्यकर्ताओं को समझ नहीं आ रहा था कि आखिर इतनी मेहनत के बाद कहां चूक हो गई। पटना जिले की राजनीति में 'लाल सलाम' का साथ मिलने से महागठबंधन का हाथ मजबूत हुआ है। 2020 विधानसभा चुनाव के समय नया राजनीतिक गठबंधन ने भाजपा और जदयू के परंपरागत सीटों पर कब्जा जमा लिया था। चार साल में भाजपा और जदयू इसका तोड़ नहीं निकाल सका। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र का नतीजा पूरी तरह से विधानसभा चुनाव 2020 की तरह सामने आया है। इसके साथ एनडीए के परंपरागत वोट में महागठबंधन ने सेंध लगाकर चकित कर दिया। पाटलिपुत्र के छह विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ दानापुर से भाजपा के रामकृपाल यादव पुराने प्रतिद्वंदी राजद की मीसा भारती से आगे रहे। 2019 के चुनाव में भाजपा को यहां से 29000 की बढ़त मिली थी। इस बार रामकृपाल को 2 हजार लेकिन मीसा भारती को 20 हजार अधिक वोट मिले। नतीजा भाजपा की बढ़त मात्र 12 हजार पर सिमट गई। इंडियन पीपुल्स फ्रंट (आइपीएफ) अब भाकपा माले का पालीगंज और मसौढ़ी पुरानी जमीन रही है। मसौढ़ी से आइपीएफ के टिकट पर सबसे पहला विधायक योगेश्वर गोप 1990 में चुने गए थे। ''''लाल सलाम'''' की पुरानी जमीन पालीगंज में 2005 के दोनों विधानसभा चुनाव भाकपा माले के नंद कुमार नंदा चुने गए थे। भाजपा की उषा विद्यार्थी और जदयू के जयवर्द्धन यादव को मौका दिया है। महागठबंधन के सहयोगी भाकपा माले 2020 में इस सीट पर कब्जा जमा लिया। मसौढ़ी सीट राजद के खाते में गया। पालीगंज में भाजपा बीते लोकसभा चुनाव से तीन हजार अधिक वोट मिला लेकिन मीसा को 19 हजार अधिक वोट मिले। नतीजा बीते चुनाव की तुलना तीन हजार की बढ़त 19 हजार पहुंच गया। लगातार दो चुनाव में हार का सामना कर रही राजद की मीसा भारती का खोइंछा मनेर ने भर दिया। यहां भाजपा के रामकृपाल यादव को बीते लोकसभा चुनाव की तुलना में एक हजार अधिक वोट मिले लेकिन मीसा के खोइंछा में 17 हजार से अधिक वोटों की बढ़त दे दी। मसौढ़ी में भाजपा के वोट में तीन हजार अधिक वोट मिले लेकिन मीसा को 25 हजार से बढ़त देकर जीत पक्का करने में मददगार बना। फुलवारीशरीफ में बीते चुनाव में रामकृपाल ने राजद को 15 हजार से शिकस्त दिया था इस बार आठ हजार अधिक वोट लाकर भी मीसा से पांच हजार पीछे रह गए। फुलवारीशरीफ में महागठबंधन का सहयोगी भाकपा माले विधायक बड़ा फैक्टर रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिक्रम में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सभा की थी। बिक्रम से 2019 के चुनाव में भाजपा की बढ़त 14 हजार थी। इसबार भाजपा को तीन हजार अधिक वोट मिले लेकिन राजद उम्मीदवार को पिछले चुनाव से 22 हजार अधिक वोट हासिल हुआ। नतीजा रामकृपाल यादव पांच हजार वोट से पीछे हो गए। यह विधानसभा 2005 से भाजपा के कब्जे था जहां से महागठबंधन का सहयोगी कांग्रेस ने खाता खोला था। भाकपा माले ने यहां भी महागठबंधन के सहयोगी राजद को बढ़त दिलाने में कामयाब रहा है।

# सनकी प्रेमी ने प्रेमिका समेत बड़ी बहन को चाकू गोदा, घायल

निज संवाददाता

**पटना।** के दीघा थाना क्षेत्र के राम जी चक इलाके में एक सनकी प्रेमी ने प्रेमिका को चाकू से गोद दिया। विरोध करने पर बड़ी बहन पर भी हमला कर दिया। इससे दोनों बहन जख्मी हो गई है। दोनों को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। आरोपी गोविंद शुक्रवार को करीब 11 बजे घर में घुस कर वारदात को अंजाम दिया। घायलों की बहन ने बताया कि उसकी बहन पूजा का छेका कुछ दिन पहले ही हुआ था। शादी रोकने के लिए आरोपी गोविंद ने दीदी के मंगेतर के घर भी फोन कर दिया था। उसने कहा था कि इस लड़की से शादी मत करना। कई लड़कों से बातचीत करती है। इसको लेकर गोविंद और पूजा के परिजनों के बीच पहले नोकझोंक भी हुई थी। जख्मी युवतियों की बहन के मुताबिक, दीदी को पेट मे कई बार चाकू मारा है। इस वजह से पेट का आंत बाहर आ गया है। सीने पर भी कई बार चाकू से हमला किया है। स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने पीएमसीएच में गंभीर स्थिति भर्ती कराया है। इस मामले को लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दीघा पुलिसा का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नीट के 44 टापर को मिला ग्रेस

**पटना (नि.सं.)।** एनटीए द्वारा 5 जून को जारी किए गए नीट के रिजल्ट को लेकर अब कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। नीट के 44 टापर को रिजल्ट को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ये 44 टापर को एनडीए ने ग्रेस दिया है। इस बार टापर की श्रेणी में कल 67 छात्र-छात्राओं को जगह मिली है ,इसमें से कई छात्र एक ही परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दिए है। मुख्य रूप से सीरियल नंबर 62 से लेकर 69 तक छात्र संदेह के घेरे में है।

# दानापुर में ऑटो लिफ्टर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

निज संवाददाता

**पटना (नि.सं.)।** दानापुर के सगुना मोड़ पुलिस चौकी के पास ऑटो लिफ्टर गैंग के दो सदस्यों ने सोने का बिस्किट का लालच देकर एक महिला से उसके जेवरात उतरवा लिए। ठगी का अहसास होने पर महिला ने शोर मचाया, तो स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान इशोपुर निवासी मोहम्मद मिराज उर्फ टकला और राजा बाजार के मोहम्मद राजू के तौर पर हुई है। मौके से ऑटो चालक फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। बिहटा निवासी पीड़िता कुसुम देवी ने बताया कि वट सावित्री की पूजा करने के बाद जेल में बंद अपने पति से मिलने गई थी। वहां से लौटते समय फुलवारी शरीफ गोलंबर पर ऑटो पकड़ा था। गाड़ी में एक शख्स पहले से मौजूद था। दानापुर पहुंचने से पहले एक और यात्री गाड़ी में बैठा। इस बीच गाड़ी में पहले से मौजूद यात्री ने कहा कि सफेद रूमाल में सोने का बिस्किट किसका गिरा हुआ है। ऑटो चालक ने दूसरे यात्री से कहा कि इसमें सोने का बिस्किट है, आप खरीद लीजिए। इस पर उसने 20 हजार कैश और सोने का चेन देकर खरीद लिया। इस दौरान उनलोगों ने मुझे भी गोल्ड खरीदने का ऑफर दिया और मेरे पास से कान की बाली ले लिया। सगुना मोड़ के पास एक यात्री उतरा गया। उसके कुछ देर बाद दूसरा भी उतर गया और मुझे देखकर भागने लगा। जिस पर मुझे कुछ शक हुआ। शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने खदेडकर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया की दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## 7 राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन निराशाजनक

लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी और एनडीएम को एकतरफा जीत नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। 'अबकी बार, 400 पार' का नारा देने वाली बीजेपी को इस चुनाव में बड़ा झटका लगा है। पार्टी अपने बूते बहुमत हासिल करने से चूक गई है। पिछले दो लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस साल पार्टी का सबसे खराब रहा है। पार्टी इस बार महज 240 पर सिमटती नजर आ रही है। वहीं, पिछले चुनाव में पार्टी ने अपने बूते 303 सीटें जीती थीं। हालांकि, एनडीए के अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर पार्टी एक बार फिर से केंद्र में सरकार बनाने की स्थिति में है। खास बात है कि देश के 7 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेश में पार्टी पूरी तरह से साफ हो गई है। यह राज्य हैं तमिलनाडु, पंजाब, सिक्किम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड। इस बार चुनाव में बीजेपी को सीटों के साथ ही वोट शेयर में भी झटका लगा है। पार्टी इस बार लगभग 240 सीट पर जीत हासिल करती नजर आ रही है। वहीं, पिछले चुनाव में पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की थी। 2014 के चुनाव में पार्टी ने अपने बूते 282 सीट का आंकड़ा छुआ था। इस बार पार्टी को 36.61 फीसदी वोट मिले हैं। वहीं, साल 2019 में पार्टी का वोट शेयर 37. 69 था। हालांकि, पार्टी ने साल 2014 में 31 फीसदी वोट हासिल किया था। कांग्रेस ने इस साल 21.26 फीसदी वोट हासिल किए हैं। जबकि पार्टी को पिछले आम चुनाव में 19.66 फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस ने पिछले चुनाव में 52 सीटें जीती थी। इस बार कांग्रेस करीब 100 सीट पर जीत हासिल करती नजर आ रही है।पंजाब में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। पंजाब में पार्टी पूरी तरह से साफ हो गई है। पिछले चुनाव में पार्टी के दो सांसद थे। इस बार बीजेपी पंजाब में एक भी सीट जीतने में नाकामयाब रही है। पंजाब में बीजेपी का शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन नहीं हो पाया था। इसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा। दक्षिण भारत के तमिलनाडु में पार्टी एक बार फिर खाता खोलने में नाकाम रही। पीएम मोदी के लगातार दौरे और चुनाव प्रचार का पार्टी को यहां फायदा नहीं मिला। राज्य की 39 सीटों में से पार्टी को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली। मणिपुर की दो लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने कब्जा किया। बीजेपी यहां खाता खोलने में असफल रही। बीजेपी ने यहां 16.58 फीसदी वोट हासिल किए। सिक्किम में लोकसभा की एक सीट है। इस सीट पर सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने जीत हासिल की।

## खजाने में 100 टन सोना आया, सुखद

भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। यह सोना भारत का ही है और भारतीय रिजर्व बैंक इस सोने को स्वदेश लाकर अपने विभिन्न खजानों में सुरक्षित कर लेगा। जब सोने के स्वदेश लाए जाने की सूचना है, तब साल 1991 की याद स्वाभाविक है, जब मजबूरी में देश को अपना सोना विदेश भेजना पड़ा था। तब कर्ज का जाल भारी हो गया था, लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है और कर्ज चुकाना अब समस्या नहीं है। ऐसे में, इतने बड़े पैमाने पर विदेश से सोना लाने की प्रशंसा ही की जा सकती है। मार्च के अंत तक रिजर्वबैंक के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेश में था। वास्तव में, अपना सोना किसी अन्य देश में रखने को बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। रिजर्व बैंक शायद संदेश देना चाहता है कि भारत अब शक्तिशाली है और वह अपने सोने की हिफाजत खुद कर सकता है। भारत का ज्यादातर सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास सुरक्षित है और कुछ सोना विदेश में रखना रणनीतिक रूप से ठीक फैसला है। एक खास बात यह भी है कि भारत चालू वित्त वर्ष में ऐसे चंद देशों में शुमार है, जिन्होंने सोना खरीदा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ ही महीनों में 27.5 टन सोना खरीदकर अपने स्वर्ण भंडार में जमा किया है। विगत कुछ वर्षों में भारत ने अपनी सुधरती आर्थिक स्थिति और जरूरत के अनुरूप जो सोना खरीदा है, उसका ज्यादातर हिस्सा विदेश में ही रखा गया है। आर्थिक विशेषज्ञ भी यह मानते हैं कि अनुपात से अधिक सोना विदेश में रखना कोई अच्छा फैसला नहीं है। ध्यान देने की बात है कि साल 1991 में जब भारत पर आर्थिक संकट आया था, तब विदेशी बैंक गिरवी रखे जा रहे भारतीय सोने को भारत में ही रहने दे सकते थे, पर तब शायद भारतीय अर्थव्यवस्था से दुनिया के ज्यादातर देशों को विश्वास कुछ डिग गया था। आज अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हम ब्रिटेन से आगे निकल गए हैं, तो हमें अपनी नीतियों में गरिमा के अनुरूप परिवर्तन करना ही चाहिए। वैसे, भारत की स्थिति अचानक नहीं सुधरी है।

# किन नवनिर्वाचित सांसदों पर देश की रहेगी नजर



**आर.के. सिन्हा**
**पूर्व सांसद, राज्य सभा**

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उनका गहन विश्लेषण भी हो रहा है, पर इस प्रक्रिया के दौरान उन तीन नतीजों पर भी देश को गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा जहां से देश के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले तीन उम्मीदवार जीत गए हैं। पंजाब की खडूर साहिब और फरीदकोट लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम सिख राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलाव और पंथिक राजनीति के पुनरुत्थान का संकेत देते हैं। कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब से और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह ने फरीदकोट से जीत हासिल की है, दोनों ही निर्दलीय प्रत्याशी थे। अमृतपाल सिंह खालिस्तान के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसी तरह से जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से इंजीनियर राशिद का राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमेर अब्दुल्ला को हराना अपने आप में सामान्य घटना नहीं हैं। राशिद पाकिस्तान परस्त रहे हैं और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। पर पहले बात कर लें अमृतपाल सिंह की। उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर असम के डिब्रूगढ़ में जेल में रखा गया था। सरबजीत सिंह की जीत ने भी साबित कर दिया है कि सिख अभी तक ऑपरेशन ब्लूस्टार और उन भयानक सिख विरोधी दंगों को भूले नहीं हैं। सच में फरीदकोट ने बड़ा आश्चर्यजनक नतीजा दिया जब सरबजीत सिंह ने हसौड़ लोकप्रिय अभिनेता करमजीत अनमोल को हरा दिया, जबकि उनका फरीदकोट में कोई बड़ा नेटवर्क नहीं था। जब इंदिरा गांधी की हत्या में शामिल के कारण सरबजीत सिंह के पिता को गिरफ्तार किया गया था, वे तब मात्र 6 साल के थे। उन्होंने बारहवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वे पहले भी कई चुनावों में किस्मत आजमा चुके हैं। उन्होंने 2007 में बरनाला जिले के भदौर से पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा और उन्हें केवल 15,702 वोट मिले। उन्होंने 2004 में बठिंडा लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा और असफल रहे। उन्हें 1,13,490 वोट मिले। 2009 और 2014 में उन्होंने फिर से क्रमशः बठिंडा और फतेहगढ़ साहिब (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। सरबजीत सिंह की मां, बिमल कौर और उनके दादा, सुच्चा सिंह पूर्व में लोकसभा के लिए चुने गए थे।

सरबजीत सिंह इस बार तो चुनाव लड़ने के मूड में नहीं थे। उनसे जब बहुत लोगों ने चुनाव लड़ने की गुजारिश की तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुए। वे अपनी कैंपेन में सिखों के मसलों के अलावा फरीदकोट में नशे की बढ़ती समस्या से लड़ने का वादा कर भी रहे थे। फरीदकोट के लिए कहा जाता है कि यह जिला नशाखोरी की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है। अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे।खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। यह सीट सिखों का गढ़ मानी जानी जाती है। अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अपने कार्यालयों में भिंडरावाले के पोस्टर भी लगाए थे। उन्होंने भी ड्रग संस्कृति को समाप्त करने और बंदी सिखों को रिहा कराने का वादा किया। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट में कई उलटफेर देखने को मिले। ऐसी ही जम्मू कश्मीर की बारामूला सीट है। यहां राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जेल में बंद निर्दलीय कैंडिडेट इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख से हार का सामना करना पड़ा। इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख फिलहाल उसी तिहाड़ जेल में बंद हैं, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बंद हैं। राशिद शेख को साल 2019 में एनआईए ने टेरर फंडिंग के केस में गिरफ्तार किया था। अमृतपाल की तरह से उन्होंने भी जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा। अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा कि राज्य में देश विरोधी ताकते कैसे अपने पैर जमा रही हैं? पंजाब में आप की नीतियों को लेकर तो जनता में खासा गुस्सा दिखाई दिया। राज्य की जनता आप के नेता अरविंद केजरीवाल और राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से नाराज है। आप ने पंजाब में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। उसे उम्मीद थी कि राज्य में उसकी सरकार है, ऐसे में वह कम से कम राज्य की 13 सीटों में से 10 पर तो जीत हासिल करेगी। हालांकि, उसे तीन सीटों से ही संतोष करना पड़ा। होशियारपुर, आनंदपुर साहिब और संगरूर को छोड़कर बाकी की सभी 10 सीटों पर आप को हार का सामना करना पड़ा।

आप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। आप ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आईं। यह सब सीटें आप हार गईं। आप को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें "टुकड़े-टुकड़े गैंग" के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दर्शाता है। एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया था। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया था। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने मानवीय आधार पर उनके खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। उन्हें अगस्त 2019 में कश्मीर के सभी मुख्यधारा के राजनेताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। तब अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। राशिद लगातार देश और हिन्दू विरोधी हरकते कने से बाज नहीं आते। 8 अक्टूबर 2015 को इंजीनियर राशिद पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अंदर भाजपा विधायकों द्वारा हमला किया गया था, क्योंकि उन्होंने सरकारी सर्किट हाउस के लॉन में गोमांस परोसने वाली एक पार्टी की मेजबानी की थी। जाहिर है, उपर्युक्त तीनों नव निर्वाचित सांसदों की गतिविधियों पर देश को पैनी नजर रखनी होगी। मेरी तो यही शुभकामना है कि ये देश की बदली परिस्थिति में अपना चाल-चरित्र और चेहरा बदलें वरना देश की राष्ट्रवादी सरकार की सख्त कार्यवाई को भुगतने को तैयार रहें।

## मोदी पहली बार गठबंधन पर निर्भर होकर चलाएंगे सरकार, क्या होगा असर?

(अनिल कुमार) लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद एक बार फिर से बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का बनना लगभग तय है। जनता ने तीसरी बार एनडीए को सरकार चलाने के लिए बहुमत दिया है। खास बात है कि इस बार बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करने में असफल रही है। हालांकि, चुनाव नतीजे बीजेपी के अनुमानों के बिल्कुल उलट आए हैं। स्थिति यह है कि पिछली बार अपने दम पर 300 से अधिक सीट जीतने वाली बीजेपी बहुमत के जादुई आकंड़े से दूर है। रात 8 बजे तक के नतीजों और रुझानों के अनुसार बीजेपी को अपने बूते 240 सीट मिलती दिख रही है। हालांकि, सहयोगी दलों के साथ एनडीए बहुमत के पार पहुंच गया है। ऐसे में 10 साल बाद एक बार फिर से केंद्र में क्षेत्रीय दलों पर निर्भर सरकार बनेगी। ऐसे में पीएम मोदी पहली बार खिचड़ी सरकार चलाने पर मजबूर होंगे। नजर डालते हैं कि क्षेत्रीय दलों पर निर्भरता का नई मोदी सरकार पर क्या असर हो सकता है।

**क्षेत्रीय दलों का बढ़ेगा कद :** चुनाव परिणाम में इस बार क्षेत्रीय दलों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। एनडीए के साथ ही इंडिया गठबंधन में क्षेत्रीय दलों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। एनडीए में टीडीपी और जदयू सबसे अहम सहयोगी बनकर उभरे हैं। टीडीपी ने आंध्रप्रदेश में विधानसभा चुनाव में भी शानदार जीत दर्ज की है। वहीं, जेडीयू ने बिहार में बीजेपी से कम सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद भी उससे अधिक सीटों पर जीत हासिल की है। टीडीपी के खाते में 16 सीट आती दिख रही हैं। वहीं, जेडीयू के 12 सीट पर जीत दर्ज करती नजर आ रही है। ऐसे में केंद्र में बनने वाली नई सरकार में इन दोनों दलों की भूमिका काफी अहम होगी।

**मिल सकते हैं अहम मंत्रालय :** बीजेपी के अपने दम पर बहुमत हासिल करने का असर इस बार मंत्रिमंडल के बंटवारे पर साफ दिखेगा। इस बार क्षेत्रीय दल बीजेपी नीत एनडीए सरकार में अधिक मोलभाव करने की स्थिति में होंगे। ऐसे में अहम मंत्रालयों में अगर जेडीयू और टीडीपी कोटे से मंत्री बने तो किसी को भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। पिछली सरकार में बीजेपी अपने दम पर 300 से अधिक सीट जीती थी। ऐसे में एनडीए में शामिल सहयोगी दल पूरी तरह से बीजेपी की मर्जी पर निर्भर थे। बीजेपी नेतृत्व अपने मर्जी के आधार पर छोटे दलों को मंत्री पद मिला था। पिछले कार्यकाल में यह आरोप भी लगता रहा था कि बीजेपी अपने सहयोगी दलों का सम्मान नहीं करती।

**अहम निर्णयों पर आम सहमति होगी जरूरी :** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकला में अहम मुद्दों पर निर्णय लेने से पहले सहयोगी दलों से विचार विमर्श अधिक जरूरी हो जाएगा। बीजेपी ने तीसरी बार सत्ता में आने पर एक देश, एक चुनाव और समान नागरिक कानून जैसे अहम मुद्दों को लागू करने की बात कही थी। ऐसे में इस तरह के किसी भी प्रस्ताव पर फैसला करने से पहले बीजेपी की मजबूरी होगी कि वह सहयोगी दलों के साथ सहमति बनाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो बीजेपी को सहयोगी दलों के अलग होने का खतरा भी बना रहेगा।

**नीतीश, नायडू होंगे महत्वपूर्ण :** एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में नीतीश कुमार और चंद्र बाबू नायूडू अहम किरदार बनकर उभरेंगे। हालांकि, बीजेपी के साथ एक प्लस प्वाइंट यह भी है कि नीतीश कुमार और चंद्र बाबू नायडू पहले भी बीजेपी के साथ मिलकर काम कर चुके हैं। हालांकि, इस बार दोनों नेता अपनी मर्जी से हां और ना कहने की मजबूत स्थिति में होंगे। ऐसे में स्थिर सरकार के लिए बीजेपी इन नेताओं की नाराजगी मोल लेना नहीं चाहेगी। चंद्रबाबू नायडू तो एनडीए के संयोजक भी रह चुके हैं। दूसरी तरफ आंध्र प्रदेश में भी चंद्रबाबू नायडू सत्ता में आ गए हैं। ऐसे में वे केंद्र से आंध्र प्रदेश के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता से लेकर प्रोजेक्ट लाने में सफल हो सकते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5394

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5393

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 5394

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | 13 | | ■ |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | | | 16 |
| 17 | | | ■ | | ■ | 18 | |
| ■ | | ■ | 19 | ■ | 20 | ■ | |
| 21 | | | | ■ | 22 | 23 | |
| | ■ | ■ | 24 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 17 जुलाई 1919 का इस देश संविधान अंगीकार किया गया (4)
4. यह कीड़ों द्वारा बनाया गया एकलौता ऐसा पदार्थ है जिसे इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
7. ऊनी कालीन या मोटे गद्दे को यह भी कहते है (3)
9. हमला या आक्रमण करने की क्रिया, सप्ताह का दिन (2)
10. प्रस्थिति, प्रेषिति, गमन (3)
12. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
14. शरीर रोम, पशु रोम (2)
15. पुराणानुसार अमृत मंथन के समय निकला प्रचंड विष (4)
17. दयावान, कृपालु, हमदिल (3)
18. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल प लटके (2)
21. शासक मंडल, हुक्मरान, शासक वर्ग (4)
22. पृथ्वी के भूपटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)
24. शैन, शनै आगे प्रेषित करना, अपनी जगह से हिलाना (4)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
2. जननेन्द्रीय, लिंगीय (3)
3. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
5. विविध भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारित होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
6. भाव, मूल्य, निर्ख (2)
8. आलेप, प्रलेप, लोशन (4)
11. वृत्ताकार, गोलाई लिए हुए (5)
13. पुराणानुसार विभीषण की बड़ी बेटी का नाम (2)
16. पेंडेंट, प्रालंब (4)
19. एक प्रकार का मादक पदार्थ (3)
20. वेस्टइंडीज के ग्रेटर एंटीलीज समूह का द्वीप जिसकी राजधानी किंगस्टन है (3)
21. कठोर व्यवहार, निर्दयता (2)
23. आखेटचारा, चबैना, कण (2)

### वर्ग पहेली 5393 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ज | रा | इ | ल | ■ | रू | स |
| ब | ल | वी | र | ■ | ज | ना | ब |
| ति | या | ■ | ला | ल | ■ | लै | ब |
| दा | न | व | ■ | ह | म | ला | ■ |
| ई | ■ | ह | स | र | त | ■ | ■ |
| ■ | रा | शि | ■ | दा | ल | रो | टी |
| मृ | ग | या | ■ | र | ब | ■ | च |
| ग | ■ | ना | ते | ■ | ■ | दौ | र |

# आज का राशिफल

### मेष
आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं और आपको मन में थोड़ा सा चेंज महसूस होगा। कानूनी विवाद में विजय होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं और आपको लाभ होगा। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन होंगे।

### वृष
आज धन में वृद्धि का दिन है और कारोबारियों की कोई बड़ी डील फाइनल होने से आपका मन प्रसन्न होगा। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आपके लिए सुख समृद्धि का प्रबल योग बन रहा है और शाम तक कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है।

### मिथुन
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा। आज जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, वह करने को मिलेगा। आज कुछ वक्त आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

### तुला
आज आप हर मामले में संयम और सावधानी बरतें तो आपको लाभ होगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें और हर प्रकार के विवाद से दूर रहें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें तो हर मामले में सफलता मिलेगी। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। आपको हर कार्य में मनचाही सफलता प्राप्त होगी और आपकी कार्य योजनाएं सफल होंगी। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग परेशानी पैदा करने का प्रयास करेंगे और आपको सफलता मिलेगी।

### धनु
आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए काम करते रहें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं तो आपको लाभ होगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपके लिए लाभ के संयोग बन रहे हैं।

### कर्क
आज का दिन काफी सृजनात्मक है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसमें आपको शुभ फल मिलेगा। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और आज महत्वपूर्ण चर्चाएं पूरी होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल मिलेगा और आपका मन भी खुश रहेगा। रात में कहीं सामाजिक कार्य में जाने का मौका भी आपको मिलेगा।

### सिंह
आज आप करियर को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आपको आज पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा। आपको जरूरी काम करने में समय देना पड़ेगा और आज का दिन आपके भाग्य विकास में सहायक है।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर सही कर सकते हैं। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो आपको लाभ होगा।

### मकर
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाएं तो आपको सफलता मिलेगी। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानकर काम करें।

### कुंभ
आज का दिन सामान्य है। साझे में किया व्यापार आपको काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू काम को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। आज आपको संतान के करियर के मामले में कोई फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपकी व्यग्रता बढ़ सकती है। सावधान रहें और बिना सोचे कोई फैसला न करें।

### मीन
आज के दिन हर मामले में सावधानी के साथ काम करें। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आपको कोई फैसला करने से पहले अनुभवी लोगों से बात करने की जरूरत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### 10 जून को दिनभर बंद रहेगा खाटू श्याम मंदिर

**सीकर, एजेंसी।** राजस्थान की सीकर जिला स्थित खाटू श्याम मंदिर तिलक और विशेष सेवा पूजा के चलते 10 जून को खाटू श्याम मंदिर का दरबार आमजन के लिए बंद रहेगा। श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहा के मुताबिक 9 जून की रात 10 बजे श्याम मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे। अगले दिन सोमवार को 10 जून की शाम 5 बजे खुलेंगे। बता दें खाटू श्याम मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं।श्याम बाबा को हारे का सहारा और तीन बाण धारी कहा गया है। लोग अपनी मनोकामना लेकर खाटूश्याम जी के दर्शन करने के लिए आते हैं। 9 जून को बाबा श्याम जी की विशेष सेवा और पूजा होगी। तिलक और श्रृंगार की वजह से पूरे दिन मंदिर बंद रहेगा। भक्त लखतादार के दर्शन नहीं कर पाएंगे। श्याम मंदिर कमेटी ने बताया कि 9 जून को रात 10 बजे से अगले दिन 10 जून को शाम 5 बजे तक कपाट बंद रहेंगे। मंदिर कमेटी ने भक्तों से अपील की है कि शाम 5 बजे बाद दर्शन करने आएं।

### अगर शाहरुख ख़ान मेरी बायोपिक में मेरे प्रेमी की भूमिका निभाते हैं, तो अपनी भूमिका मैं खुद ही करूंगी

**मुंबई, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में पिछले हफ़्ते रील स्पोर्ट्स जोड़ी - मिस्टर और मिसेज माही का पिछले एपिसोड में शानदार प्रदर्शन देखने के बाद, इस हफ़्ते दर्शक हमारे देश के गौरवशाली पदक विजेताओं - मैरी कॉम, सायना नेहवाल, सिफ्त कौर सामरा और सानिया मिर्ज़ा द्वारा पेश किए गए कुछ वास्तविक शॉट्स का मज़ा ले सकते हैं। सीज़न का 11वां एपिसोड पूरी तरह से मेहमानों के बेबाक अंदाज़ और मस्ती मज़ाक से भरपूर है।अपनी हाज़िर जवाबी और मज़ाकिया अंदाज़ के लिये जानी जाने वाली सानिया मिर्ज़ा ने अपनी बायोपिक के बारे में खुलकर बातें करते हुए बताया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है तो उनके प्रेमी और उनकी (सानिया की) भूमिका कौन निभा सकता है। सानिया से उनकी पसंद के बारे में पूछते हुए कपिल शर्मा ने सवाल किया, मैरी कॉम की बायोपिक में प्रियंका चोपड़ा ने उनका किरदार निभाया था। सायना की बायोपिक में उनका किरदार परिणति चोपड़ा ने निभाया था। सानिया, अगर कोई आपकी बायोपिक बनाता है, तो आपको क्या लगता है कि कौन आपकी भूमिका के साथ न्याय कर सकता है? अपने स्वाभाविक अंदाज़ में सानिया मिर्ज़ा पूछती हैं, क्या उनकी कोई तीसरी बहन है? मुझे लगता है कि हमारे देश में कई अच्छी अभिनेत्रियाँ हैं, कोई भी कर सकती है, या फिर मुझे खुद ही करना चाहिए? एक पुरानी घटना के बारे में बात करते हुए कपिल शर्मा ने प्रतिक्रिया दी, क्या मैं तुम्हें कुछ बताऊँ? मुझे यकीन है तुम इस बारे में ज़रूर जानती होगी। एक बार एक इंटरव्यू में शाहरुख खान ने कहा था कि अगर सानिया मिर्जा पर कोई बायोपिक बनती है तो मैं उनके प्रेमी की भूमिका निभाना चाहूँगा। क्या तुम किसी अन्य अभिनेत्री को अपनी भूमिका करने देंगी या आप खुद ही यह भूमिका निभाएँगी?

### बहू ने ही करवा दी ससुर की हत्या; गिरफ्तार

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर में कारोबारी पुरुषोत्तम पुट्टेवार की हत्या के मामले में उनकी बहू को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में पता चला है कि 82 साल के पुट्टेश्वर की बहू ने ही उनकी हत्या की सुपारी दी थी। दरअसल 22 मई को कार से ठोकर लगने के बाद उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या थी। पुलिस का कहना है कि 300 करोड़ की संपत्ति को लेकर उनकी बहू ने ही हत्या की सुपारी दी थी। मृतक कारोबारी की बहू अर्चना पुट्टेवार गड़चिरोली और चंद्रपुर टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट की असिस्टेंट डायरेक्टर हैं। वह पुरुषोत्तम के बेटे और ईएनटी सर्जन मनीष की पत्नी हैं। मनीष ने पुलिस को बताया था कि उनके पिता की मौत एक सड़क हादसे में हुई है। पुरुषोत्तम पैदल ही अपनी बेटी के घर की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही कार ने उन्हें ठोर मारी। उनको गंभीर चोट आई थी। बाद में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हालांकि जांच में पता चला कि यह योजना के साथ की गई हत्या थी। पुलिस के सूत्रों का कहना है कि अर्चना ने ही कई करोड़ की संपत्ति विवाद को लेकर पुरुषोत्तम की हत्या करवा दी। सार्थक बागडे से कहकर सुपारी किलर का इंतजाम किया था।

# जेवर एयरपोर्ट और एयर कार्गो के लिए रेलवे वाला प्लान

### 58 गांवों से गुजरेगा ट्रैक

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को देशभर के अन्य हिस्सों से जोड़ने के लिए तैयार हो रही मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी में एक और नई कड़ी जुड़ेगी। जेवर खादर और चांदहट के बीच रेलमार्ग पर एयर कार्गो के लिए अलग टर्मिनल बनेगा। इसके बनने से एयर कार्गो को देशभर में आसानी से भेजा जा सकेगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लॉजिस्टिक और एविएशन हब बनेगा। यहां विमानों से जुड़े तमाम पार्ट्स बनाए जाएंगे। सितंबर अंत तक एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान प्रस्तावित है। ऐसे में यात्रियों के साथ ही माल की आवाजाही के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था की जा रही है। एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल को सड़क के जरिये यमुना और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का काम चल रहा है।

अब इसे दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग से भी जोड़ा जाएगा, ताकि एयरपोर्ट से सामान को देशभर के अलग-अलग राज्यों और शहरों में भेजा जा सके। इस




परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में जेवर खादर और चांदहट के बीच अलग टर्मिनल बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। दादरी के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब प्रस्तावित है। यहां ट्रेन, मेट्रो, अंतरराज्यीय बस अड्डा की सुविधाएं विकसित होनी हैं। बोड़ाकी के पास रेलवे टर्मिनल बनेगा। इसके बनने के बाद पूर्व की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें यहीं से चलेंगी। ग्रेटर नोएडा और उसके आसपास रहने वालों को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के लिए ट्रेनें यहीं से मिल जाएंगी। उन्हें दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन जुड़ने से एयरपोर्ट आना भी आसान हो जाएगा। यह रेलवे ट्रैक एनसीआर के 58 गांवों से गुजरेगा। परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 45 जगहों पर रेल लाइन को सड़क के ऊपर से निकाला जाएगा। 61 किमी रेल लाइन को यमुना एक्सप्रेसले सहित अहम सड़कों से क्रॉस किया जाएगा, लेकिन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे इस ट्रैक को दूर हो रखा जाएगा। हरियाणा के रुंधी से चांदहट के बाद रेलमार्ग को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए यमुना पर 350 करोड़ रुपये की लागत से ब्रिज बनेगा।

# पूर्व सांसद आनंद मोहन ने नई सरकार से रेल मंत्रालय देने की मांग की



**पटना , एजेंसी।** दिल्ली में एक ओर जहां एनडीए सरकार बनाने की कवायद चल रही है, वहीं दूसरी ओर दबाव की रणनीति भी बनाई जा रही है। इस बीच, पूर्व सांसद और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी आनंद मोहन ने बिहार के हिस्से रेल मंत्रालय देने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि बिहार को रेल मंत्रालय की मांग उचित है। यह मंत्रालय कई बार बिहार के हिस्से रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी रेल मंत्री रह चुके हैं और स्वर्गीय दिग्विजय सिंह सहित कई नेता रेल मंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। उनके समय से जो काम अधूरे रहे हैं वो अगर पूरे करने हैं तो बिहार को रेल मंत्रालय चाहिए। पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने शिवहर संसदीय सीट से जदयू उम्मीदवार के तौर पर जीत दर्ज की है। जदयू के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी के बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग के विषय में पूछे जाने पर आनंद मोहन ने कहा कि वे अनुभवी नेता हैं और अगर उन्होंने कहा है तो ठीक ही कहा होगा।

आनंद मोहन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 16 सालों में बिहार को 'जंगल-राज' से बाहर निकाला और विकासशील बिहार बनाया। अगर हम इसे विकसित बनाना चाहते हैं, तो 'विशेष' राज्य की मांग पूरी होनी चाहिए। पूर्व सांसद ने कहा कि अयोध्या में चुनाव के दौरान क्या हुआ, मुझे नहीं मालूम लेकिन, अयोध्या की तर्ज पर सीतामढ़ी में जानकी माता की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर बनना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में एनडीए को सरकार बनाने के लिए जनादेश मिला है। हालांकि इस बार भाजपा के पास अकेले बहुमत नहीं है। इस कारण नई सरकार बनाने में घटक दलों की भूमिका बढ़ गई है।

# जब तक जेल में हैं केजरीवाल, आप का संघर्ष रहेगा जारी

### सीएम आवास में बैठक के बाद बोले गोपाल राय

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर गुरुवार को हुई बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। इसके बाद आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा, ऐसा नहीं है कि गठबंधन से फायदा नहीं हुआ है। गठबंधन से हार का अंतर कम हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पार्टी में निराशा का भाव फैल गया था। इसके बाद भी हमारे कार्यकर्ताओं, विधायकों, पार्षदों ने एकजुट होकर मजबूती से चुनाव लड़ा है। हमने तय किया है कि जब तक केजरीवाल जेल में हैं, हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

गोपाल राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिले जनादेश को लेकर पार्टी की बहुत चर्चा हुई। दिल्ली के अधिकारों को लेकर केंद्र सरकार जिस तरह हमले बोल रही थी, चुनी हुई सरकार के अधिकारों को छीन रही है, चुने हुए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को जेल में डाल दिया है। अब जनता के जनादेश के बाद हमारी उम्मीद जगी है और हमें यकीन है कि केंद्र सरकार अपने फैसलों पर पुनर्विचार करेगी। पार्टी ने आगामी 13



जून को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। पार्टी नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री जेल में रहते हुए जितने भी संदेश देंगे उन्हें जनता तक पहुंचाया जाएगा। सीएम का आदेश है कि भीषण गर्मी में दिल्ली में जलापूर्ति में कमी नहीं होनी चाहिए।

दिल्ली कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन की मजबूती पर जोर देगी। पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अपनी पकड़ और मजबूत करनी होगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया प्रदर्शन सराहनीय रहा और पिछले चुनाव के मुकाबले राजधानी में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ने के साथ ही कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवारों को भारी समर्थन मिला है। उन्होंने आगामी चुनाव से पहले संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर पार्टी की विचारधारा और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को लोगों में पहचान बनाने की जरूरत है। हर बूथ पर सक्रियता के साथ काम करना होगा।

# रोक के बाद भी हसदेव अरण्य में हो रही जंगल कटाई

### नेता प्रतिपक्ष ने विरोध करते हुए राज्यपाल को लिखा पत्र

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ में हसदेव के जंगल में पेड़ों की कटाई का विरोध लगातार जारी है। इस बीच प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को पत्र लिखा है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल को पत्र लिखकर जल्द से जल्द हसदेव में पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की बात कही है। महंत ने पत्र लिखकर कहा कि हसदेव अरण्य कोलफील्ड के सभी कोल ब्लॉक से उत्खनन एवं पेड़ों की कटाई के विरोहन की गतिविधियों को रोक लगाने एवं कूट रचित उत्तरदायित्व व्यक्तियों के खिलाफ अपराध पंजीबद करने के निर्देश के लिए राज्यपाल से आग्रह किया है।

डॉ. चरणदास महंत ने पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग ने परसा कोल ब्लॉक में उत्खनन के लिए आवश्यक अनुमतियां हासिल करने के लिए फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव पास करने की ग्रामीणों



के आरोपों की जांच की हैं। इस जांच में आयोग ने ग्राम सभा की फर्जी कार्यवाही के आरोपों को प्राथमिक रूप से सही पाते हुए परसा कोल ब्लॉक में खनन के लिए कोई भी अग्रिम कार्यवाही न करते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश 30 मई 2024 को किया है। आदेश की प्रति संलग्न है.ग्राम सभाओं की बैठकों में प्रस्ताव प्रस्तुत किए बिना तथा प्रस्ताव पारित हुए बिना ही कूट रचना करके कार्यवाही विवरणों में प्रस्ताव पारित होने का उल्लेख करना गंभीर आपराधिक मामला है, जिसे षड़यंत्रपूर्वक अंजाम दिया गया है। इस कूट रचित कार्यवाही विवरण के कारण ही 02.02.2022 के भारत सरकार की ओर से कोल ब्लॉक आवंटन रकबा 1136 हेक्टेयर (ग्राम परसा तथा केते) के लिए अनुमतियां दी गई। 23.10.2021 को अनसूईया उईके, छत्तीसगढ़ के तत्कालीन राज्यपाल की ओर से राज्य के मुख्य सचिव को एक पत्र प्रेषित करते हुए ग्राम सभाओं की कूट रचित कार्यवाहियों की जांच करने, प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और जांच होने तक परसा कोल ब्लॉक में उत्खनन संबंधी कार्यवाहियों को रोक देने के लिए निर्देशित किया गया था, पत्र की प्रतिलिपि संलग्न है।

**महंत ने कहा नहीं किया गया नियमों का पालन:** छत्तीसगढ़ विधानसभा में 26 जुलाई 2022 को सर्वसम्मति से यह अशासकीय संकल्प स्वीकृत किया गया था कि, इस सदन का मत है कि हसदेव क्षेत्र में आवंटित सभी कोल ब्लॉक रद्द किए जाएं। सम्पूर्ण हसदेव अरण्य कोल फील्ड (जिसमें परसा कोल ब्लॉक शामिल है) पर संविधान की पांचवीं अनुसूची प्रभावी है और इसलिए इस क्षेत्र में पंचायत अनुबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (पीईएसए) लागू है. इस अधिनियम की धारा 4 के खंड (ड.) के अनुसार यह आवश्यक है कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम सभा के द्वारा सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं का अनुमोदन किया जाए। परंतु परसा कोल ब्लॉक के मामले में इसका पालन नहीं किया गया है।

# एनडीए में शामिल होंगे नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल?

**नागौर, एजेंसी।** राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल की नाराज होने की खबर है। बताया जा रहा है कि उन्हें इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं बुलाया। इसलिए नाराज है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बेनीवाल ने एनडीए में जाने से इंकार किया है। बता दें 2019 में बेनीवाल की आरएलपी एनडीए का हिस्सा थी, लेकिन किसान आंदोलन की वजह से बाहर हो गई। इस बार कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा है। बेनीवाल ने नागौर से बीजेपी की ज्योति मिर्धा का हराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हनुमान बेनीवाल का कहना है कि इंडिया गठबंधन की बैठक में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और मुझे नजरअंदाज किया जा रहा है। इस कारण मेरी इंडिया गठबंधन से नाराजगी है, लेकिन मैं बीजेपी के साथ भी नहीं जा रहा हूं। बेनीवाल का कहना है कि 1 और 4 जून को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई थी। जिसमें मुझे नहीं बुलाया गया। जब मैंने कारण पूछा तो कहा कि आप छोटे दल है। बेनीवाल ने कहा कि यह मेरा अपमान है। मेरी वजह से कांग्रेस को 20 लाख वोट मिले है। लेकिन इसके बावजूद मैं भाजपा के खिलाफ लड़ता रहूंगा। बेनीवाल ने कहा कि गठबंधन पहले हो जाता तो राजस्थान में कांग्रेस को और भी ज्यादा सीटें मिलती। हनुमान बेनीवाल पहले भी एनडीए का हिस्सा रह चुके है। हालांकि, इस लोकसभा चुनाव से पहले वे एनडीए से अलग हो गए और कांग्रेस के गठबंधन किया था। लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद हनुमान बेनीवाल ने कहा था कि जब मैं एनडीए से अलग हुआ था, तब उन्होंने कहा था कि आप हमारी वजह से जीते हो, तब मैंने कहा था कि इस बार आप आना और जीत कर दिखाना। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो ने कहा था कि कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नागौर से मुझे जिताने के लिए अपना पूरा दमखम लगाया और उसी का परिणाम है कि यहां से मेरी जीत हुई और बीजेपी प्रत्याशी ज्योति मिर्धा की हार हुई।

# एनसीआर में तेंदुए का खौफ, शावकों के साथ दिखने से लोगों में खौफ

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
अरावली पहाड़ी से लगते ठाकुरवाड़ा मोहल्ला में मादा तेंदुआ और उसके दो शावक देखे जाने से लोग सहमे हुए हैं। लोगों के अनुसार तीन दिन में इसने दो बंदर और दो सूअर का शिकार किया है। तेंदुए के कारण शहरवासियों की नींद उड़ी हुई है। नगर परिषद के वार्ड-16 के ठाकुरवाड़ा मोहल्ला अरावली पहाड़ी की तहलटी में बसा है।

पिछले तीन दिन से अरावली पहाड़ी से आबादी क्षेत्र की गलियों में रात के अंधेरे में मादा तेंदुआ और उसके दो शावक देखे जा रहे हैं। यहां के निवासी राजेश राघव ने बताया कि अरावली पहाड़ी में खड़ी काबली कीकरों के बीच में से शाम होते ही तेंदुआ आबादी क्षेत्र की गली में आई और दो सुअरों को उठाकर ले गई। इसके अलावा आबादी क्षेत्र में ही दो बंदरों का भी शिकार किया है। शिकार करने के बाद तेंदुआ अपने बच्चों के साथ अरावली पहाड़ी में



चली जाती है। पहले भी बार-बार तेंदुए इस आबादी क्षेत्र से लगती अरावली पहाड़ी में देखे गए हैं। तेंदुए ने कई बार कुत्ते और बछड़ों को शिकार बनाया है। ठाकुरवाड़ा मोहल्ले में रहने वाले रामफल ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने अपने घरों में गाय और भैंस रखे हैं। गर्मी अधिक होने के कारण गाय-भैंस को अंदर कमरे में बंद करके नहीं रखा जा सकता है। उन्हें डर है कि मादा तेंदुआ गाय-भैंस पर हमला करने के दौरान बचाव में आने वाले लोगों पर भी हमला कर सकती है। अपने पशुओं की रखवाली में यहां के निवासी पूरी रात जाग रहे हैं। वार्ड-16 के पार्षद हरीश नन्दा ने कहा, जीव जंतु विभाग के अधिकारियों को आबादी क्षेत्र में आ रहे तेंदुए की शिकायत कर दी है। लोगों को तेंदुए पर किसी प्रकार से हमला न करने की सलाह दी है।

वन्य जीव विभाग के जिला निरीक्षक अधिकारी राजेश चहल ने कहा, अरावली पहाड़ी में रहने वाले वन्य जीव को बांधकर नहीं रखा जा सकता है। भोजन की तलाश में आबादी क्षेत्र में आ सकते हैं, लेकिन ऐसे में उनपर लोग किसी प्रकार का हमला न करें।

# नवीन नटनायक के कुर्सी खाली करते ही नौकरशाहों ने भी दिया इस्तीफा

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में बीजद की हार के दो दिन बाद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का 24 साल का कार्यकाल समाप्त हो गया। मुख्यमंत्री का कार्यकाल खत्म होते की ओडिशा के मुख्यमंत्री कार्यालय के तीन अधिकारियों ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और मुख्य सलाहकार आर बालाकृष्णन और विशेष पहल और मुख्य सलाहकार सुरेश चंद्र महापात्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। जबकि आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव मनोज मिश्रा ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। तीनों अधिकारी काफी समय तक सीएमओ में नौकरशाही का हिस्सा थे। उनके इस्तीफे सामान्य प्रशासन एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा 5 जून से स्वीकार कर लिये गये हैं। 1984 बैच के आईएएस अधिकारी बालाकृष्णन को मुख्य सचिव के पद पर सीएमओ में मुख्य सलाहकार (विशेष पहल) के रूप में नियुक्त किया गया था, जिसमें विशेष विकास परिषदों, जनजातीय संग्रहालय, शिल्प संग्रहालय, हेरिटेज कैबिनेट के इनपुट, ओडिया विश्वविद्यालय और ओडिया की जिम्मेदारी शामिल थी। बता दें बालाकृष्णन की नियुक्ति को लेकर खूब बवाल मचा था। पूर्व मुख्यमंत्री के निजी सचिव वीके पांडियन से उनकी निकटता को लेकर काफी आलोचना हुई थी। उन्हें अगस्त 2019 में उन्हें मुख्यमंत्री का मुख्य सलाहकार बनाया गया था। ओडिशा विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष सुरेश महापात्र को बालाकृष्णन की जगह मुख्यमंत्री कार्यालय का नया मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया था।






टी20 विश्व कप: 2024

# अमेरिका ने पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को हराया

**डलास, एजेंसी।** 2010 में वह भारतीय टीम का खिलाड़ी था। अंडर-19 विश्व कप में खेल रहा था। केएल राहुल की कप्तानी में तब टीम इंडिया को पाकिस्तान से हार मिली थी। उस समय पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम थे। अब उस गेंदबाज ने अमेरिका की ओर से खेलते हुए उस हार का बदला लिया है। टी20 विश्व कप 2024 का आगाज पाकिस्तान के लिए उम्मीद के खिलाफ गया है। उसे विश्व कप (चाहे वह टी20 हो या वनडे) के इतिहास में लगातार दूसरी बार सबसे बड़े उलटफेर का शिकार बनना पड़ा है। वनडे वर्ल्ड कप में उसे अफगानिस्तान से हार मिली थी, जबकि अब अमेरिका से हार मिली। बाबर आजम की अगुआई वाली पाकिस्तान को चौंका देने के लिए मुंबई में जन्मे यूएसए के सौरभ नेत्रवलकर सुपर ओवर में सुपर स्टार साबित हुए। नेत्रवलकर को 18 रन बचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

नेत्रवलकर ने पाकिस्तान सिक्सर किंग कहे जाने वाले इफ्तिखार और शादाब को घुटनों पर ला दिया और 5 रन से जीत दर्ज की। जूनियर के तौर पर भारत की जर्सी पहनने वाले नेत्रवलकर ने टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान की शानदार शुरुआत की उम्मीदों को चकनाचूर कर दिया। 2010 में नेत्रवलकर ने अंडर-19 विश्व कप में भारतीय जर्सी पहनी, जहां युवा बाबर की पाकिस्तान ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हार एक कड़वी गोली थी। 14 साल बाद नेत्रवलकर ने 2024 के टी20 विश्व कप में एक काव्यात्मक उलटफेर की पटकथा लिखी। एक सनसनीखेज सुपर ओवर फेंकते हुए, उन्होंने बाबर की पाकिस्तान पर यूएसए को एक शानदार जीत दिलाई।



### बाबर आजम ने किया स्वीकार, कहा- अमेरिका को हलके में लेना भारी पड़ा

**डलास, एजेंसी।** अमेरिका के हाथों टी20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली अप्रत्याशित हार से स्तब्ध पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि विरोधी टीम को हलके में लेना उनकी टीम पर भारी पड़ गया। अमेरिका ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए पूर्व चैम्पियन और पिछले उपविजेता पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने हराया था और हाल ही में बाबर आजम की टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में आयरलैंड से हारी है।

बाबर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'किसी भी टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ तैयारी जरूरी होती है। यह मानसिकता की बात है। सहयोगी देशों जैसी टीम के खिलाफ आप चीजों को हलके में ले लेते हैं। उन्होंने कहा, 'आप अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पाते और सामने वाली टीम आपको हरा देती है।

इंडोनेशिया ओपन बैंडमिंटन

# लक्ष्य इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**जकार्ता, एजेंसी।** त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गई। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों कड़े मुकाबले में 21-19, 19-21, 19-21 से हार झेलनी पड़ी।

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गई।

उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों कड़े मुकाबले में 21-19, 19-21, 19-21 से हार झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा का सामना दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली से होगा। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी।

# दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस का नेतृत्व करेंगे जैक्स कैलिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस ने इंग्लैंड के एजबस्टन और नॉर्थम्पटनशायर स्टेडियम में 3 से 13 जुलाई तक होने वाली वर्ल्ड चैंपियंसशिप ऑफ लीजेंड्स के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम का नेतृत्व महान आलराउंडर जैक्स कैलिस करेंगे जिसमें इमरान ताहिर, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन और जेपी डुमिनी जैसे पूर्व दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं।

वर्ल्ड चैंपियंसशिप ऑफ लीजेंड्स में छह क्रिकेट ताकतों दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्ट इंडीज से छह टीमें उतरेंगी। इस टी20 टूर्नामेंट को इंग्लैंड एन्ड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से मान्यता प्राप्त है जिसमें रिटायर्ड और गैर अनुबंधित खिलाड़ी उतरेंगे।

**दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस टीम:**

जैक्स कैलिस (कप्तान), इमरान ताहिर, हर्शल गिब्स (विकेटकीपर), मखाया एंटिनी, डेल स्टेन, एश्वेल प्रिंस, नील मैकेंजी, रयान मैकलॉरेन, जस्टिन ओनटोंग, रोरी क्लेनवेल्ट, जेपी डुमिनी, रिचर्ड लेवी, डेन विलास, वेर्नोन फिलेंडर, चार्ल लैंगवेल्ट ।

टीम इंडिया के गार्ड ऑफ ऑनर देने पर निकले आंसू

# विदाई मैच के बाद भावुक हुए सुनील छेत्री

**कोलकाता, एजेंसी।** सुनील छेत्री ने मैच के बाद पूरे स्टेडियम का लैप ऑफ ऑनर भी लिया और दर्शकों को धन्यवाद दिया। भारतीय टीम ने छेत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो वह रोने लगे। भारत ने कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला।

भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मुकाबले के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह दिया। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर को खत्म किया। इस दौरान उन्हें अधिकारियों ने उपहार-ट्रॉफी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

अपने आखिरी मैच के बाद छेत्री भावुक हो गए और मैदान पर ही रोने लगे। उन्होंने मैच के बाद पूरे स्टेडियम का लैप ऑफ ऑनर भी लिया और दर्शकों को धन्यवाद दिया। भारतीय टीम ने छेत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो वह रोने लगे। भारत ने कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। छेत्री भारत के फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया और उनका करियर लगभग दो दशकों तक




चला। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए 151 मैच खेले और 94 गोल किए। उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने और सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड है।

मैच समाप्त होने के बाद छेत्री ने पूरे स्टेडियम में लैप ऑफ ऑनर लेकर फैंस को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर वापस जाने लगे तो टीम के साथी खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में आखिरी बार मैदान छोड़ते समय 39 वर्षीय छेत्री और भावुक हो गए। गार्ड ऑफ ऑनर के लिए आगे बढ़ने से पहले छेत्री रोने लगे। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान को अन्य खिलाड़ियों ने सांत्वना दी। इसके बाद छेत्री जर्सी बदलकर मैदान पर आए। उन्हें रोता देख स्टेडियम में मौजूद उनके माता-पिता भी रोने लगे। वहीं, पत्नी सोनम भी भावुक हो गईं। भारत के पूर्व स्टार रॉबिन सिंह ने भी छेत्री को गले लगा लिया। जब छेत्री को सम्मानित किया जा रहा था तो परिवार वालों की आंखों में आंसू थे।

छेत्री के माता-पिता और पत्नी अपने आंसू रोकने के लिए संघर्ष करते दिखे। इतना ही नहीं स्टेडियम में मौजूद फैंस के भी सुनील छेत्री को भावुक देख आंसू निकल पड़े। राजस्थान रॉयल्स ने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें कैमरामैन को रोते हुए दिखाया। वहीं, स्टेडियम में लगातार सुनील छेत्री के नाम के नारे लगते रहे।

अब भारतीय टीम पूरी तरह से 11 जून को कतर के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मैच पर निर्भर है। टीम इंडिया तब पहली बार बिना सुनील छेत्री के उतरेगी। भारतीय टीम पहली बार तीसरे दौर में पहुंचने के लिए खेल रही है।

भारत को अपने आखिरी मैच में बड़ा उलटफेर कर कतर को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि एशियाई चैंपियन कतर एक और मैच में अफगानिस्तान को हरा दे।

फ्रेंच ओपन

# गॉफ को हराकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचीं इगा स्वियातेक, खिताबी मुकाबले में पाओलिनी से टक्कर



**पेरिस, एजेंसी।** शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक का लक्ष्य पेरिस में पांच साल में चौथी बार फ्रेंच ओपन का खिताब हासिल करना होगा। वह 2007-09 में जस्टिन हेनिन के बाद लगातार तीन बार फ्रेंच ओपन जीतने वाली पहली महिला बन सकती हैं। इगा स्वियातेक ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में कोको गॉफ को 6-2, 6-4 से हराकर रोलां गैरां में जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया। शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक का लक्ष्य पेरिस में पांच साल में चौथी बार फ्रेंच ओपन का खिताब हासिल करना होगा। वह 2007-09 में जस्टिन हेनिन के बाद लगातार तीन बार फ्रेंच ओपन जीतने वाली पहली महिला बन सकती हैं।

फ्रेंच ओपन में अपना चौथा खिताब जीतने की कवायद में लगी स्वियातेक ने तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ को 6-2, 6-4 से पराजित किया। इस तरह से वह जस्टिन हेनिन (2007 से 2009) के बाद रोलां गैरा पर लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से अब केवल एक कदम दूर है। स्वियातेक ने गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 11-1 कर दिया है। उन्होंने इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार अमेरिकी खिलाड़ी को हराया। इनमें 2022 के फाइनल और पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में दर्ज की गई जीत भी शामिल हैं।

### पाओलिनी से फाइनल में सामना

अब तक चार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 20 मैच तक पहुंचा दिया है। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाओलिनी से होगा। पाओलिनी ने दूसरे सेमीफाइनल में रूस की गैरवरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा को 6-3, 6-1 से हराया।

### एडवर्ड-सिगेमुंड ने फ्रेंच ओपन का मिश्रित युगल खिताब जीता

एडवर्ड रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। सिगेमुंड इससे पहले 2016 में अलग जोड़ीदार के साथ अमेरिकी ओपन का मिश्रित युगल ओर 2020 में महिला युगल खिताब जीत चुकी हैं।

### ज्वेरेव सेमीफाइनल में, दूसरे सेमीफाइनल में अल्कारेज-सिनर की टक्कर

चौथी वरीय जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने लगातार चौथी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनोर को 6-4, 7-6 (5), 6-4 से पराजित किया।

सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत 2022 और 2023 के उपविजेता नॉर्वे के कैस्पर रूड से होगी। रूड को जोकोविच के चोटिल होने के चलते टूर्नामेंट से नाम वापस लेने के कारण सेमीफाइनल में प्रवेश मिला। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीय और ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन इटली के यानिक सिनर की टक्कर स्पेन के तीसरी वरीय कार्लोस अल्कारेज के साथ होगी।

### 11 मैचों से अपराजेय हैं ज्वेरेव

इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव पिछले 11 मैचों से अपराजेय हैं। वह हाल ही में इटालियन ओपन का खिताब जीतकर आए हैं।

पहले दौर में महान राफेल नदाल को परास्त करने वाले ज्वेरेव को अब तक दो पांच सेटों के मुकाबले खेलने पड़े हैं। यहां वह सीधे सेटों जीते जरूर, लेकिन मिनोर ने महत्वपूर्ण मौके गंवाए नहीं होते तो ज्वेरेव यहां भी मुश्किल में होते। ज्वेरेव ने कहा कि यहां उनका सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 0-3 जरूर है, लेकिन आशा करता हूं कि मैं यहां जीत सकता हूं।

टी-20 वर्ल्डकप 2024

# हार, हार और हार... अब स्कॉटलैंड का पलटवार, नामीबिया को टी20 इंटरनेशनल में पहली बार दी मात

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप बी के मैच में स्कॉटलैंड के सामने नामीबिया की चुनौती थी। इस मैच को रिची बेरिंगटन की स्कॉटलैंड ने 5 विकेट से अपने नाम कर लिया। स्कॉटलैंड की यह टी20 इंटरनेशनल में नामीबिया के खिलाफ पहली जीत भी है।

पहले बैटिंग करते हुए नामीबिया ने ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल पर 155 रन बनाए। 9 गेंद रहते ही स्कॉटलैंड ने मैच को अपने नाम कर लिया। सुपर ओवर में ओमान को हराने वाली नामीबिया की यह टूर्नामेंट में पहली हार है। इंग्लैंड के खिलाफ स्कॉटलैंड का मैच बारिश की वजह से बेनतीजा रहा था। नामीबिया की शुरुआत खराब रही और कोट्जे खाता भी नहीं खोल पाए। पावरप्ले



में तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद इरास्मस ने फिफ्टी लगाकर टीम को संभाला। 14वें ओवर में वह 52 रन बनाकर आउट हुए।

31 गेंदों की पारी में उन्होंने 5 चौके और 2 छक्के मारे। निचले क्रम में कोई भी बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाया। नामीबिया ने 9 विकेट पर 155 रन बनाए। ब्रैड व्हील ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया तो ब्रैंडली करी ने भी दो विकेट लिए।

# सरबजोत ने म्यूनिख निशानेबाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता, खुला भारत के पदक का खाता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242.7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0.2 अंक से पछाड़ा।

जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता। सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और चार बार के ओलंपियन यूसुफ डिकेक की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस स्वर्ण से आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता भी खुल गया। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242.7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0.2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता।




सरबजोत ने बुधवार को क्वालिफाइंग मुकाबले में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। हालांकि, फाइनल में सरबजोत ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता। इससे पहले उन्होंने पिछले साल भोपाल में भी स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले सरबजोत पेरिस ओलंपिक के लिए चयन ट्रायल में भी शीर्ष पर रहे थे।

सरबजोत ने चांगवोन में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2023 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था और भारत के लिए पेरिस ओलंपिक का पहला पिस्टल कोटा हासिल किया था। पिछले साल एशियाई खेलों में सरबजोत ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता था।

## एक नजर

### वारंटी गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा थाना की पुलिस ने जमीनी विवाद के मामले में फरार चल रहे हरि बिगहा गांव निवासी झंगी यादव को शुक्रवार की शाम गिरफ्तार किया है। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि उक्त वारंटी पुराने जमीनी विवाद मामले में प्राथमिकी अभियुक्त था।

### रामजतन शर्मा को किया गया याद

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** दाउदनगर प्रखंड के एकौनी गांव में भाकपा माले के जिला सचिव नरेंद्र कुमार ने रामजतन शर्मा को तीसरे शहादत दिवस पर याद किया गया। रामजतन शर्मा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर इंद्रदेव सिंह, जयराम साव, कमलेश चंद्रवंशी, हनुमान साव, महेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, गिरजा सिंह, रामजीत कुमार, त्रिपुरारी सिंह, अजय कुमार, विजेंद्र सिंह, राजाराम सिंह, इदरीश खलीफा अन्य लोग उपस्थित थे।

### ऋण चुकता नहीं करने वालों के विरुद्ध नीलाम पत्र

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पंजाब नेशनल बैंक की कुटुंबा इकाई ऋण चुकता नहीं करने वाले 53 लोगों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर किया है। इस आशय की जानकारी प्रबंधक निरंजन गौतम ने दी है। उन्होंने बताया कि ऐसे ऋणियों को न्यायालय से नोटिस भेजा जा रहा है। नोटिस प्राप्त होने के बाद भी यदि वे ऋण चुकता नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध एनबीब्ल्यू वारंट जारी कराकर उन्हें गिरफ्तार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो ऋणी इन कार्रवाइयों से बचना चाहते हैं, उनके लिए बुधवार को बैंक में समझौता शिविर रखा गया है। शिविर में विशेष छूट के साथ वे ऋण मुक्त हो सकते हैं। उन्होंने सभी ऋणियों से अपील की है कि बैंक के द्वारा प्रदत इस सुविधा का लाभ उठाएं और खुद को ऋण मुक्त करें।

### शराब मामले का आरोपित गया जेल

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर थाना पुलिस ने पूर्व के शराब मामले के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी विकास कुमार है। यह कार्रवाई पीएसआई राजीव कुमार ने की है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त व्यक्ति के उपर पर्व से शराब मामले का केस चल रहा था और वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के तेलहारा बिगहा से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। इस क्रम में चालक तेलहारा निवासी संजय कुमार मेहता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस पदाधिकारी पारस सिंह के द्वारा यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और चालक को जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट की घटना में पिता-पुत्र घायल

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाने के कोसडीहरा गांव में शुक्रवार को मारपीट की घटना घटी, जिसमें अधीर कुमार चंद्रवंशी एवं उनके पुत्र प्रियंकेस कुमार शामिल है। दोनों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। घटना की सूचना थाने को दी गई है। बताया जाता है कि दोनों मकान की चहारदीवारी कर रहे थे, तभी गांव के कुछ लोग आए और निर्माण कार्य को रूकवाने लगा। जब उनलोगों ने इसका विरोध किया तो बुरी तरह से पिटाई की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सभी जीवों का कल्याण करते हैं भगवान शिव

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** भगवान शिव जगत के गुरु हैं। वे सभी जीवों का कल्याण करते हैं। वे ही एक ऐसे गुरु हैं जो सभी पर दया करतें हैं। उन्हें प्रणाम करें और उनकी चर्चा करते रहे। ये बातें औरंगाबाद से आई शारदा सिंह ने मदनपुर के पीएसपीएस परिसर में शुक्रवार को शिव गुरु चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस परिचर्चा कार्यक्रम को सबसे पहले हरिन्द्रानंद आमजन के बीच लाए थे। इससे लोगों का कल्याण होता है और खुशहाली व आनन्द की अनुभूति प्राप्त होती है। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निवासी बिमला देवी ने किया। चर्चा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर राजवृंद कुमार, दुर्गा देवी, पुष्पा देवी, चम्पा देवी, गीता देवी, अमृता देवी, सुनिता देवी, अनिता देवी, मुन्नी देवी, चिन्ता देवी, सोनी कुमारी आदि थे।

# स्वास्थ्य विभाग की अपर क्षेत्रीय निदेशक ने किया रफीगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** स्वास्थ्य विभाग के मगध प्रमंडल के अपर क्षेत्रीय निदेशक (आरएडी) डॉ. नीता अग्रवाल ने शुक्रवार को रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लैब, ओपीडी, ऑडी लेबर रूम सहित अन्य जगहों में घूम घुम कर जांच की। काम में लगे स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में कार्यालय तथा ओपीडी रूम की साफ-सफाई ठीक थी। साफ-सफाई के मामले में इस केंद्र को रिवार्ड भी मिल चुका है। यहां के प्रभारी चिकित्सा पधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह की सराहना की। इस मौके पर डब्ल्यूएचओ के सीएमओ मिथिलेश कुमार सिंह, पिरामल हेल्थ मगध जोन के नरेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिह, डॉ. केसरी, हेल्थ मैनेजर नेहा सिंहा, बीसीएम सन्नी कुमार, सुभाष कुमार, लैब टेक्नीशियन रविंद्र कुमार सिंह, नदीम अख्तर, रंजीत कुमार, एएनएम रंजना कुमारी, वैजयंती माला, प्रीति कुमारी, सुमन कुमारी, हेलेना सोरेन, डाटा ऑपरेटर विकास कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## मतगणना संपन्न होने के बाद वेयर हाउस में रखे गए ईवीएम, डीआरओ ने कराया सील



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की समाप्ति के बाद मतदान केंद्र के सभी ईवीएम को सीलिंग कर शहर के सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज में रखे जा रहे वेयर हाउस का स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। ईवीएम को मतगणना स्थल से वेयर हाऊस में रखे जाने की पूरी प्रक्रिया को सीसीटीवी कैमरे की नजर में पूरा किया गया ताकि मतगणना के बाद की प्रक्रिया भी पूरी तरह से पारदर्शी रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली समेत जिला स्तरीय अन्य अधिकारियों के साथ पूरी चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा की और शांतिपूर्ण व पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई मतगणना प्रक्रिया पर संतोष जताया। साथ ही पूरी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की।

# सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के हसपुरा-ईटवां मुख्य मार्ग में उचित बिगहा मोड़ के पास एक बाईक ने साईकिल में धक्का मारा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाईक की स्पीड इतनी तेज थी कि धक्का मार कर बाईक चालक खुद एक पेड़ से टकरा गया, जिससे बाईक चालक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान हसपुरा क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी वीर अभिमन्यु चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार युवक सिंटू अपने बाइक से दाऊदनगर अपनी बहन को लाने जा रहा था। इसी दौरान चकमा खाकर एक साईकिल में धक्का मारते हुए बाइक के साथ एक पेड़ में जाकर टकराया। उसे सिर में गहरी चोट लगी और वह उसी जगह बेहोश गया। वही साईकिल पर सवार ईटवां पंचायत के महदीपुर गांव के डॉ. तपेश्वर सिंह घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए लाया गया, जहां डॉक्टर ने युवक को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। साथ ही गंभीर रुप से घायल डॉ. तपेश्वर सिंह को प्राथमिक उपचार कर स्थिति नाजुक देखते हुए उचित इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। आनन फानन में शव का पहचान करने में दिक्कत हो रहा था। मृतक का मोबाइल भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके मोबाइल से सिमकार्ड निकाला गया और बात की गई। तब उसकी पहचान हो पाई। हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय औरंगाबाद भेज दिया। मौत की खबर मिलते हीं गांव और घर में कोहराम मच गया। खबर सुनकर अमझरशरीफ पंचायत के पैक्स अध्यक्ष राकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, जिप प्रतिनिधि मो. एकलाख खां, समाजसेवी शाहबाज मिन्हाज, अनीश केशरी, पंसस प्रतिनिधि संजीत कुमार सहित अन्य समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधिगण अस्पताल पहुंचकर घटना का जायजा लेकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

## दो अलग-अलग जगहों पर सड़क हादसे में दो महिला घायल, रेफर

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा के चौराही मोड़ पर मस्जिद गली की शहीदा खातून उम्र 55 वर्ष को एक अज्ञात बाइक धक्का मारकर फरार हो गया। महिला मॉनिंग वॉक कर घर लौट रही थी। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से घायल महिला को डॉक्टर ने उचित इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना हसपुरा-नरसन रोड में अपने हीं बाईक बैठकर महिला किरण देवी उम्र 38 वर्ष मनपुरा गांव से हसपुरा में वट सावित्री पूजा कर अपने परिजन के साथ आ रही थीं। इसी क्रम में हसपुरा-नरसन गांव के समीप वह अपने बाइक से गिर गई। जिससे उनके माथे के पीछे गहरा चोट आ गया। हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराया गया। परन्तु गंभीर रुप से घायल होने पर डॉक्टर ने बाहर रेफर कर दिया।

# एसडीपीओ-1 ने की अनुमंडल स्तरीय मासिक अपराध समीक्षा बैठक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 संजय पांडेय ने शुक्रवार को अनुमंडल स्तरीय मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष एवं अंचल पुलिस निरीक्षक मौजूद रहे। बैठक में उन्होंने बालू के अवैध अवैध निकासी पर छापेमारी करने, अवैध शराब कारोबार के खिलाफ छापेमारी करने, मिशन 75 के अनुरूप कांडो का ससमय निष्पादन करने, महिला और बालकों से संबंधित अपराधों का त्वरित अनुसंधान करने, वारंट व कुर्की का त्वरित निष्पादन करने, क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने, कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं एससी-एसटी मामलों का त्वरित अनुसंधान पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# घर व मंदिर के पास शवदाह गृह निर्माण पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति, कहा-काम नहीं रुका तो होगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद सदर प्रखंड में नगर थाना क्षेत्र के कुशवाहानगर में सात निश्चय योजना के तहत बुडको द्वारा बनाये जा रहे शवदाहगृह का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी होते देख आसपास के करीब दो सौ लोग इकट्ठा हो गए और जिला प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध जताया। दर्जनो महिलाओं ने भी विरोध करते हुए पुलिस प्रशासन का भी सामना किया और अपनी मांगों पर डंटी रहें। कुशवाहा नगर की शांति देवी, कुंती देवी, शकुंतला देवी, चंद्रावती देवी, शोभा देवी, पूनम देवी, सुनैना देवी, सरस्वती देवी, बृहस्पति प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, राम सिंहासन प्रसाद, जयप्रकाश कुमार, उदय कुमार समेत अन्य महिला-पुरूष ग्रामीणों ने कहा कि जिस जगह पर सरकार द्वारा शवदाह गृह बनाया जा रहा है। उसके 100 मीटर के आसपास लोगों का घर है। वहीं पर मंदिर, सामुदायिक भवन, नाटय कला मंच है। जिस जगह पर शवदाहगृह निर्माण किया जाना है, उसी जगह पर पूर्वजों से होलिका दहन होते आया है। घर के पास में शव जलेगा तो बच्चों पर क्या असर पड़ेगा। महिलाओं ने कहा कि जिस जगह पर बिजलीरहित शवदाह गृह निर्माण किया जाना है, वहीं गांववालों के लिए खाली मैदान हैं, जहां होली, सत्संग व शादी विवाह के मौके पर बारातियों का ठहराव होता है। उसी जगह पर वट वृक्ष हैं, जहां सुहागिन महिलाएं वट-सावित्री की पूजा करती है। महिलाओं ने कहा कि किसी भी हाल में यहां शवदाहगृह नहीं बनने दिया जायेगा। इसके लिए हमलोग डीएम का घेराव करेंगे व सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। गौरतलब है कि बुडकों द्वारा दो करोड़ की लागत से बनाया जाना है। बिजलीरहित शवदाह गृह बिहार सरकार के सात निश्चय योजना के तहत लगभग दो करोड़ रूपये की लागत से बुडकों द्वारा उक्त स्थल पर बिजलीरहित शवदाह गृह का निर्माण किया जाना है। बुडकों के शवदाह गृह के ठेकेदार शिवचंद्र कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा इस जगह का चयन किया गया है। उसके आदेशानुसार यहां पर बुडकों द्वारा बिजलीयुक्त 100 गुणा 80 वर्गफीट में शवदाह गृह का निर्माण किया जाना है। कार्य की शुरूआत ही करने पहुंचे थे कि ग्रामीणों ने विरोध कर वापस लौटा दिया। आगे अब जो भी आदेश प्राप्त होगा उसके मुताबिक कार्य किया जाएगा।

### क्या कहते हैं पदाधिकारी?

इस संबंध में सदर अंचल पदाधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि विरोध की सूचना पर जायजा लेने पहुंचे थे। काफी संख्या में ग्रामीण विरोध कर रहे थे। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को दे दी गई है। जो आदेश प्राप्त होगा उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वैसे कुछ लोगों के घर, मंदिर व सामुदायिक भवन के नजदीक है, जिसके कारण ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। कुशवाहानगर के ग्रामीण सुंदर मेहता, जयकिशोर कुमार, रामसिंहासन मेहता, सूर्यदेव प्रसाद, सुनैना देवी, ममता कुमारी, बिंदा देवी समेत अन्य महिलाओं ने कहा कि गांव से सटे नावाडीह मोड़ के पास पहले से शवदाह गृह का निर्माण किया गया है। बनाना है तो उसी को और विकसित कर दिया जाए। यहां किसी भी हाल में नहीं बनने दिया जाएगा। इस जगह पर हमलोग वर्षो से स्कूल बनवाने की मांग कर रहे है, लेकिन आज तक नहीं बना। जीने के लिए कोई साधन नहीं दिया जा रहा है, लेकिन मरने के लिए शवदाह गृह बनाया जा रहा है।

# ससुराल आ रहे युवक के साथ हुई लूटपाट

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** ढिबरा ढिबरा थाना क्षेत्र के बालूगंज-अंबा पथ में मोड़ के समीप ससुराल जा रहे एक युवक के साथ अपराधियों ने लूट-पाट की। अज्ञात अपराधियों ने उक्त युवक से 20 हजार रुपए, बाइक समेत सोने की चेन, मोबाइल लूट ली। जानकारी के अनुसार सलैया थाना क्षेत्र के उधम बिगहा निवासी सत्येंद्र कुमार बुधवार की शाम बाइक से अपने ससुराल ढिबरा थाना क्षेत्र के बन मंझौली जा रहे थे। इसी क्रम में उनके साथ यह घटना घटी। उनके साथ अपराधियों ने मारपीट भी की। घायल अवस्था में वे ससुराल पहुंचे और सारी बात बताई। इससे जुड़ा आवेदन उन्होंने थाने में दिया है और कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खरीफ फसल को लेकर कार्यशाला का आयोजन



निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा के ब्लॉक कैम्पस के प्रांगण में शुक्रवार को खरीफ फसल के उत्पादन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संचालन कृषि कोर्डिनेटर ब्रजेश कुमार ने किया व उद्घाटन उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुरूआत किया। उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। अच्छे उत्पादन पर किसानों का जीवन-यापन निर्भर करता है। प्रत्येक महोत्सवों, कार्यशालाओं व किसान गोष्ठियों से किसानों को ध्यानपूर्वक खेती के तरीके सीखने चाहिए। उसके बाद अमल करना चाहिए। किसानों को उनके फसल का उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार की कई योजनायें चला रही है। यदि योजना को ध्यान में रखकर किसान फसल लगाएं व मेहनत करें तो निश्चित रूप से उत्पादन बढ़ेगा व उन्हें सफलता मिलेगी। कृषि वैज्ञानिक अनूप चौबे, मिट्टी जांच सहायक निदेशक राजीव रंजन मिट्टी जांच कराने पर बल दिया। तकनीकी ढंग से कृषि कार्य करने की सलाह दी। कहा कि कृषि क्षेत्र में बढावा देने व किसानों को फसल कैसे कब करनी चाहिए, इसकी जानकारी दी। बेहतर खेती से सरकार द्वारा प्रोत्साहन भी दिया जाता है। खेतों में वर्मी कंपोस्ट डालना चाहिए ताकि मिट्टी के गुण जाते नही हैं।बताया गया कि खेतों में रासायनिक पदार्थ उपयोग नही करें। इससे मिट्टी के जीव जंतु मर जाया करते हैं। जिससे वैसे खेतों को फसल उपजाने की क्षमता घट जाती है। प्रत्येक वर्ष मिट्टी को जांच कराने की सलाह दी गयी।कृषि कोर्डिनेटर अशोक कुमार, किसान सलाहकार बिनोद कुमार, मृत्युंजय कुमार, हिमांशु कुमार समेत कृषि विभाग के कर्मी मौजूद थें।

## खेती में आधुनिक तकनीक के उपयोग से बढ़ेगा उत्पादन

निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड परिसर में शुक्रवार को खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को तकनीकी ढंग से खेती करने की सलाह दी गई। कृषि समन्वयक ब्रजेश कुमार ने सभा का संचालन किया। कृषि वैज्ञानिक सहित उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, राजद अध्यक्ष मनीष कुमार आदि ने संयुक्त रुप से कार्यशाला का उदघाटन किया। उप प्रमुख ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। उत्पादन से ही किसानों का जीवन-यापन होता है। कृषि महोत्सवों, कार्यशालों व गोष्ठियों में कृषि की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी जाती है। किसानों को इसका लाभ लेना चाहिए। किसानों के लिए सरकार की कई योजनाएं चला रही है।

# ताड़ी विक्रेता ने युवक को पसूली से मारकर किया घायल, रेफर

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के बहादुरपुर गांव में ताड़ी विक्रेता बिगन चौधरी ने पसुली से मारकर बौर पंचायत के फदरपुरा गांव के दिलीप महतो के पुत्र प्रफुल्ल कुमार को जख्मी कर दिया। ताड़ी विक्रेता बिगन चौधरी कासमा थाना क्षेत्र के महुआईन गांव का रहने वाला है। ताड़ी विक्रेता की पत्नी ने बताया कि विगत 10 वर्षों से बहादुरपुर में विनय महतो के मकान में भाड़ा पर रहकर ताड़ी बेचकर अपने बच्चों के पालन पोषण करता था। घायल के पिता दिलीप महतो ने बिगन चौधरी को नामजद आरोपी बनाया है। उल्लेख किया है कि मेरे बेटे को जान से मारने क की नियत से तेज पसुली से हमला कर दिया, जिससे दाहिने हाथ के हथेली के साथ चार अंगुली कट गया। घायल को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर किया गया है। ताड़ी विक्रेता बिगन चौधरी की पत्नी ने बताया कि विगत तीन महीना से कुछ युवकों द्वारा ताड़ी पीकर मनमानी तरीके से पैसा दिया जाता था। तोड़फोड़ एवं बदतमीजी भी करते थे। दो बार मेरे दुकान में कुछ लोगों ने आग लगा दिया सामाजिक स्तर पर बैठकर समझौता किया गया था।

# तबादलें पर पीएनबी के शाखा प्रबंधक को दी गई विदाई



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** पंजाब नेशनल बैंक, गोह के शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार का स्थानांतरण होने पर वर्मा खुर्द पंचायत के पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ लड्डु सिंह, दधपी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सतीश शर्मा, सीएसपी संचालक इंदल चंद्रवंशी और स्थानीय ग्रामीणों ने बुके और माला देकर विदाई दी। स्थानीय लोगों ने प्रबंधक को उनके उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए बधाई भी दी। शुक्रवार को गोह में स्थानीय लोगों व व्यापारियों ने प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार को पुष्प गुच्छ और फूल मालाएं पहनाकर स्थानातरण होने पर विदाई दी। पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ लड्डु सिंह ने कहा कि प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार ने बैंकिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

# स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे करेंगे पौधारोपण

निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड के मलवां मिडिल स्कूल के शिक्षक व बच्चे पौधारोपण करेंगे। हेडमास्टर रविंद्र प्रसाद ने बताया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में शिक्षकों व बच्चों ने पौधारोपण का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि अगर मनुष्य को भीषण गर्मी से बचाना है तो हर व्यक्ति को दो-दो पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। अगर धरती पर पेड़ नहीं हो तो भीषण तापमान का सामना लोगों को करना पड़ेगा। आने वाले समय में इतना तापमान बढ़ेगा कि लोगों को धरती पर रहना मुश्किल हो सकता है। इसलिए हम सभी लोगों को पर्यावरण से खिलवाड़ नहीं करना है। सभी बच्चे संकल्प लेकर जीवन में पौधारोपण जरूर करें और उसे संरक्षित भी करें कि ताकि पेड़ लग सके। इस मौके पर कंप्यूटर शिक्षक पिंटू कुमार, मो. समीर हुसैन, उपेंद्र राम, संजय कुमार, चिंटू कुमार, मुकेश कुमार आदि थे।

# दिव्यांग युवतियों को स्वावलंबन के लिए दी जा रही ट्रेनिंग

निज संवाददाता

**औरंगाबाद।** दिव्यांग युवतियों व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई की ट्रेनिंग दी जा रही है। यह कार्यक्रम एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के द्वारा चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत कुटुंबा प्रखंड के पिपरा बगाही गांव में शुक्रवार को की गई। पंचायत के पूर्व मुखिया उपेंद्र सिंह, फाउंडेशन के राज्य कार्यक्रम प्रमुख डॉ चंद्रमणि, राज्य पुनर्वास कोऑर्डिनेटर शंभूनाथ तिवारी, बिहार विकलांग अधिकार मंच जिलाध्यक्ष सुखराम सिंह, डीआईडी कॉर्डिनेटर अरविंद कुमार आदि ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में 25 युवतियां व महिलाएं भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण 90 दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवतियां व महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे खुद का रोजगार स्थापित कर सके और स्वावलंबी बन सके। इस मौके पर प्रशिक्षक निशु कुमारी, संयोजक अक्षय प्रजापति, प्रखंड संयोजक अरविंद कुमार समेत अन्य लोग थे।

# नल-जल योजना : शहर में पाइप तो बिछी लेकिन नहीं मिल सका पानी

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नंबर 11 अंतर्गत मुहल्ले में नल जल योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के दिन में पानी की किल्लत बढ़ गई है जिसके बाद शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने औरंगाबाद कलेक्ट्रेट स्थित बुडको ऑफिस में पहुंचकर परियोजना निदेशक से गुहार लगाई। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि गर्ल्स हाई स्कूल के आस-पास 25 से अधिक मकान हैं जहां सैकड़ों लोग निवास करते हैं। यहां नल जल योजना का कनेक्शन तीन साल पहले दिया गया था लेकिन अभी तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। मवेशी अस्पताल तक नल जल योजना का पानी पहुंचता है। बगल के ही वार्ड 10 अंतर्गत औरंगाबाद बाजार स्थित पानी टंकी से पानी की आपूर्ति होती है। उन लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है और गर्मी के दिनों में परेशानी काफी बढ़ गई है। छोटू कुमार, मुकेश कुमार, नवीन कुमार, इंदल कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, लालदेव यादव, संतोष कुमार, अधिवक्ता नीरज कुमार सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, हरे कृष्ण, रामजन्म यादव, राहुल कुमार, सचिन कुमार आदि ने कार्रवाई की मांग की है। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि इस बार गर्मी में जलस्तर काफी नीचे खिसक गया है। इसके कारण कई घरों में मोटर पंप ने काम करना बंद कर दिया है। इस परिस्थिति में नल जल योजना का भी लाभ नहीं मिल रहा है। यदि नल जल योजना से पानी की आपूर्ति होती तो परेशानी नहीं होती। उन लोगों के मोहल्ले से सब्जी बाजार की पानी टंकी की दूरी काफी कम है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे।
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433